वर्ष 69 » अंक 123 » पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 31 जनवरी, 2026
» माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
» महानगर » मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कदम छोटे हों या बड़े, कभी रुकना नहीं चाहिए। क्योंकि मंजिल पाने के लिए चलते रहना बहुत जरूरी है।
-अज्ञात

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, जेएनएन।** लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट व 6 क्रू मेंबर सवार हैं।

### इंदौर: नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने दी जान

**जागरण, इंदौर।** नीट की तैयारी कर रहे 20 साल के एक छात्र ने इंदौर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र अपने किराये के कमरे से पूरे दिन बाहर नहीं निकला, जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान योगेश डाबर के रूप में हुई है, जो खंडवा नाका क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। योगेश की खुदकुशी की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मोबाइल फोन जब्त किया है। मोबाइल लॉक होने से फिलहाल कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों को लेकर हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतक के पिता मूलचंद डाबर ने बताया कि वे मूल रूप से बड़वानी जिले के रहने वाले हैं और बिजली कंपनी में कार्यरत हैं।

### बेंगलुरुः कथित तौर पर बार-बार आयकर छापे से तनाव में थे डॉ. रॉय

# आईटी रेड के बीच कारोबारी ने गोली मारकर की खुदकुशी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रियल एस्टेट और कंज्यूमर/कॉनग्लोमेरेट सेक्टर से जुड़े कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रॉय चिरियानकंदथ जोसेफ (सीजे रॉय) ने बेंगलुरु में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बेंगलुरु के अनेपल्या इलाके में उनके घर पर स्थिति ऑफिस में हुई। बताया जा रहा है कि लगातार आयकर विभाग की कार्रवाई से रॉय काफी परेशान थे, जब आयकर अधिकारी रिचमंड रोड स्थित कॉन्फिडेंट ग्रुप के ऑफिस में रेड कर रहे थे, तभी रॉय ने अनेपल्या स्थित अपने घर में कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस सूत्रों ने पहले बताया था कि उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में आई खबरों के अनुसार, चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

आयकर विभाग को डॉ. रॉय से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कमाई के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के सबूत मिले थे। डॉ. राय एक प्रमुख भारतीय उद्यमी थे, जिनके व्यावसायिक हित कई देशों में रियल एस्टेट, आतिथ्य, विमानन और मनोरंजन क्षेत्रों में फैले हुए थे।

डा. रॉय ने कर्नाटक व केरल के लिए स्लोवाक गणराज्य के मानद वाणिज्य प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य किया और विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक पहलों में शामिल रहे।

### 2005 में हुई थी कॉन्फिडेंट ग्रुप की स्थापना, विदेशों में भी कारोबार



कॉन्फिडेंट ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. सीजे रॉय एक अरबपति उद्यमी थे, जिनका कारोबार भारत, यूएई और अमेरिका में फैला हुआ था। रॉय ने रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में एक विशाल साम्राजय खड़ा किया था। उनकी कुल संपत्ति का अनुमान व्यापक रूप से 1 अरब डॉलर से अधिक लगाया जाता था। उन्होंने कॉन्फिडेंट ग्रुप की स्थापना वर्ष 2005 में की थी। यह समूह रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में एक जाना-माना नाम है, जिसके तहत रिहायशी अपार्टमेंट, विला, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट्स विकसित किए गए हैं। बीते दो दशकों में कंपनी ने कर्नाटक समेत देश के अन्य हिस्सों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। डॉ. रॉय को एक सक्रिय और काबिल कारोबारी के रूप में जाना जाता था, जिन्होंने कंपनी की ग्रोथ रणनीति और संचालन में अहम भूमिका निभाई। डॉ. रॉय के निधन की खबर फैलते ही कर्मचारियों, कारोबारी सहयोगियों और रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। कई उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें मेहनती, अवसरों को पहचानने वाले और अनुशासित व्यवसायी के रूप में याद किया। कंपनी के दफ्तरों में कर्मचारी गमगीन नजर आए।

### रॉय के बेड़े में दर्जनभर से ज्यादा रोल्स-रॉयस कारें

सीजे रॉय अपनी खर्चीली जीवनशैली के लिए भी जाने जाते थे। उन्हें लग्जरी कारों का बहुत शौक था और खबरों के मुताबिक उनके पास एक दर्जन से अधिक रोल्स-रॉयस कारों के साथ-साथ बेंटले, मर्सिडीज-बेंज, लेम्बोर्गिनी और बुगाटी वेरॉन भी थीं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि उनके पास एक गल्फस्ट्रीम जी650 प्राइवेट जेट, मुंबई, दुबई और लॉस एंजिल्स में आलीशान घर और अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कलाकारों की कलाकृतियों का एक संग्रह था। उनके संग्रह में शामिल प्रत्येक लग्जरी वाहन की कीमत 10-11 करोड़ रुपये बताई जाती थी, हालांकि सटीक मूल्य कभी सार्वजनिक नहीं किए गए।



### खुदकुशी के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि क्या यह घटना चल रहे इनकम टैक्स छापे के दौरान हुई थी। घटना के बाद रॉय के स्टाफ ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, रॉय के परिवार के कई बिजनेस हैं, और उन पर कई मामले चल रहे थे। आत्महत्या का सही कारण अभी भी जांच के दायरे में है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आगे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आयकर विभाग के बार-बार छापे के बाद रॉय ने यह कदम उठाया होगा। आईटी अधिकारियों ने शुक्रवार को बेंगलुरु में उनकी प्रॉपर्टी पर भी छापे मारे थे। फिलहाल पुलिस मामले में सभी पहलुओं से जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों, किसी सुसाइड नोट की मौजूदगी और आयकर विभाग की कार्रवाई से जुड़े तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

### ऑफिस आए थे रॉय : पुलिस

कॉन्फिडेंट ग्रुप देश की जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। पुलिस ने बताया कि आईटी अधिकारी दो गाड़ियों में आए और रॉय के ऑफिस पर छापा मारा। रॉय, दोपहर में ऑफिस आए थे, उन्होंने अपनी छाती में गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि उनसे आईटी अधिकारियों ने एक घंटे तक पूछताछ की थी। पुलिस ने बताया कि रॉय ने पिस्तौल से खुद पर गोली चलाई।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को दिए निर्देश

# स्कूलों में सैनेटरी पैड फ्री बांटना अनिवार्य, वर्ना रद्द होगी मान्यता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा, यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है।

**पीरियड में होने वाली दिक्कतों से स्कूल छोड़ देती हैं कई लड़कियां :** सोशल वर्कर ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों से कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इससे भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।



### शीर्ष कोर्ट के 2 सवाल

- अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं।
- मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है।

### शराब दुकानों और स्कूलों के बीच न्यूनतम दूरी कम करने पर मांगा स्पष्टीकरण

इधर, एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, उप्र सरकार का 2010 का फैसला, जिसमें शराब दुकानों और संवेदनशील सार्वजनिक जगहों के बीच जरूरी न्यूनतम दूरी को कम किया गया, वह कोर्ट के पहले के एक बाध्यकारी फैसले का उल्लंघन है, जिसमें न्यूनतम दूरी तय की गई। कोर्ट ने कहा, हम पहली नजर में उप्र ने कोर्ट के फैसले का उल्लंघन किया और हाईकोर्ट विपरीत फैसला देने में गलती पर है। हालांकि, ऐसे विपरीत फैसले को चुनौती नहीं दी गई। ऐसा इसलिए है, क्योंकि प्रतिवादी-संस्था के हितों की रक्षा की गई। हालांकि, हम चुपचाप खड़े होकर किसी भी गैर-कानूनी काम को जारी रखने की इजाजत नहीं दे सकते। जस्टिस दीपांकर दत्ता व जॉर्ज मसीह की बेंच ने राज्य को स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है।







# एक दिन बाद आम बजट, राज्य सरकार को केंद्रीय करों की राशि बढ़ने की उम्मीद

## भाजपा ने राज्यभर में बजट की खूबियों को पहुंचाने का प्लान किया तैयार, कांग्रेस की भी बजट पर नजर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश के इतिहास में पहली बार रविवार को संसद में केन्द्रीय वित्त मंत्री देश का वित्तीय बजट पेश करेंगी। बजट पर मध्यप्रदेश सरकार और राजनीतिक दलों की नजर भी है। राज्य सरकार बजट में प्रदेश की बेहतर हिस्सेदारी होने की उम्मीद लगाए हुए है, तो भाजपा ने राज्यभर में बजट की खूबियों को पहुंचाने का प्लान भी तैयार कर लिया है। गौरतलब है कि केंद्रीय बजट 1 फरवरी को संसद में पेश किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश की अपेक्षाएं कितनी पूरी होती हैं, इसे लेकर राज्य सरकार और आर्थिक विश्लेषक नजर बनाए हुए हैं। इधर सरकार ने केंद्र से अपनी कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के एवज में लंबित राशि का भुगतान कराने का आग्रह किया है। इसी तरह सरकार को आदिवासी छात्रों की स्कॉलरशिप की राशि वर्ष 2018-19 से लेकर वर्ष 2024-25 तक की लंबित है। राज्य सरकार ने मांग की है कि उनकी इस मद की 564 करोड़ की राशि का भुगतान



कराया जाए, क्योंकि यह राशि राज्य सरकार पात्र छात्रों को अपने संसाधनों से दे चुकी है। प्रदेश को 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों से काफी उम्मीदें हैं। सरकार चाहती है कि उसे केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक हो जाए। फिलहाल मध्यप्रदेश सरकार को 7.85 प्रतिशत केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी मिल रही है, यानि कि इस मद में राज्य सरकार को हर साल 1 लाख 11 हजार करोड़ की राशि मिल रही है।

### सिंहस्थ के लिए 20 हजार करोड़ मांगे

वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पिछले दिनों केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मिले थे, तब उन्होंने अपनी मांगों के साथ सिंहस्थ की तैयारी के लिए 20 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की मांग की थी।

### भाजपा बजट की करेगी ब्राडिंग

प्रदेश भाजपा ने केन्द्रीय बजट की ब्राडिंग को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके लिए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जिलाध्यक्षों से कहा है कि वे विशेष समितियों का गठन करें, जिसके सहारे बजट की जानकारी जनता तक पहुंच सके। इन पांच सदस्यीय समितियों में आईटी और सोशल मीडिया टीम के एक सदस्य को शामिल किया जाएगा। ये समिति केंद्रीय बजट में मध्यप्रदेश से जुड़े बजट प्रावधानों को विशेष रूप से उल्लेखित कर स्थानीय स्तर पर एक रणनीति के तहत उसका प्रचार करेगी। समिति ये पूरी जानकारियां ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाएगीं। इतना ही नही जिलों की समितियां केन्द्र के बाद इसी माह राज्य सरकार के बजट का भी प्रचार-प्रसार करेगी। बताया गया है कि बजट के बाद प्रदेश और जिला स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां इन समितियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मंत्रालय में हुई बैठक आम बजट का इंतजार

शुक्रवार को वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की बैठक हुई। इसमें राज्य सरकार के अगले बजट को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तो अधिकारियों ने सुझाव दिया कि आम बजट पेश होने के उपरांत एक बार फिर से राज्य के अगले बजट को अंतिम रूप देने बैठक रखी जाए। तब आम बजट में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी की तस्वीर भी साफ हो जाएगी।

### कांग्रेस ने विशेषज्ञोंको सौंपी जिम्मेदारी

कांग्रेस की भी केन्द्रीय बजट पर नजर है। नेतृत्व ने पदाधिकारियों से कहा है कि केन्द्र व प्रदेश के पूर्व बजट का अध्ययन किया जाए और ये जानकारी जुटाई जाए कि पूर्व बजट में मध्यप्रदेश को लेकर जो वायदे किए गए थे, वे पूरे हुए है या नहीं। इसी तरह कौन से विकास कार्य अभी भी अधर में हैं, जिन्हें इस बजट में नहीं लिया गया होगा। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रदेश भाजपा के अभियान की पोल खोलने सामांतर अभियान चलाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएचक्यू में अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को राजधानी स्थित पीएचक्यी में सुबह 11 बजे आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के सम्मान में डीजीपी कैलाश मकवाणा समेत तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया। गौरतलब है कि हर साल 30 जनवरी को पूरा देश उन बलिदानियों को याद करता है जिनकी वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। पुलिस मुख्यालय में शहीद दिवस के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में पीएचक्यू के स्टाफ ने शहीदों के दिखाए गए सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलकर समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प भी लिया।

### इंटीग्रेटेड तरीके से हाइपरटेंशन का इलाज खोजने का प्रयास



**नगर संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में हाइपरटेंशन यानि उच्च रक्तचाप का इलाज इंटीग्रेटेड तरीके से किया जा सकता है या नहीं। इस विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जानकारी अनुसार फार्माकोलॉजी विभाग और जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा हाइपरटेंशन और इसके प्रबंधन पर एक संयुक्त सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र डॉ. बालाकृष्णन एस (विभागाध्यक्ष, फार्माकोलॉजी) और डॉ. सीमा महंत (प्रोफेसर, जनरल मेडिसिन) द्वारा संचालित किया गया। सत्र में हाइपरटेंशन की पैथोफिजियोलॉजी और दवा विज्ञान के सिद्धांतों को रोगियों के इलाज में कैसे लागू किया जा सकता है, इस पर ध्यान केंद्रित किया गया। छात्रों ने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक क्लिनिकल परिदृश्यों से जोड़ने का अवसर प्राप्त किया। इंटीग्रेटेड शिक्षण के माध्यम से फार्माकोलॉजिकल सिद्धांतों को हाइपरटेंशन के नैदानिक प्रबंधन से जोड़ा गया।

## मनरेगा का नाम बदलने पर धरना



**विसं भोपाल।** कांग्रेस ने कोलार में शुक्रवार को मनरेगा का नाम बदले जाने के खिलाफ धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस योजना को बंद करना चाहती है। कोलार कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कजलीखेड़ा दशहरा मैदान पर मनरेगा बचाओं संग्राम के बैनर तले धरना दिया। राठौड ने कहा कि मनरेगा का नाम बदला जाना पूरी तरह से जनविरोधी है। इससे मनरेगा से जुड़े मजदूरों के सामने अपनी जीविका को लेकर संकट खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस विषय को लेकर लगातार आंदोलन करती आ रही है,जो भविष्य में भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अरुण श्रीवास्तव,वरिष्ठ नेता सुखलाल ठाकुर,अमित मीना,राजेन्द्र मीना सहित दूसरे नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संघ की शाखाएं गुणवत्ता के साथ बढ़ें: अरुण जैन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने कहा है कि शाखा लगाने के लिए कितना परिश्रम लगता है और सतत प्रक्रिया अपनानी होती है। संघ की शाखाएं बढ़ें लेकिन उनकी गुणवत्ता भी बढ़े, यह शरद मेहरोत्रा ने अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं को सिखाया। सहप्रचारक जैन ने शुक्रवार को भोपाल के मानस भवन में आयोजित शरद स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. शरदचंद्र मेहरोत्रा संघकार्य के कुशल शिल्पी थे। एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ना और उनका ध्यान रखना, उनक्की कुशलता थी। उन्होंने बताया कि जब मध्यभारत में शरद जी प्रचारक होकर आये तो संघकार्य को नया आयाम मिला। उनके प्रयासों से शिवपुरी और ग्वालियर में आवासीय विद्यालय शुरू हुए। गोविंदनगर में शिक्षा और सेवा का जो प्रकल्प आज दिखाई दे रहा है, उसकी नींव में शरद जी थे। साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय विचारों को स्थान मिले, इसके लिए अर्चना प्रकाशन की नींव



उन्होंने रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय ने कहा कि किसी भी महापुरुष को याद करके हम अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं करते हैं। वे दीपस्तंभ हैं, जो हमें मार्ग दिखाते हैं। शरद जी अपने अंतिम समय तक देश-समाज की चिंता करते रहे। अपने ध्येय के लिए पूर्ण समर्पित शरद जी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है।

# प्रदेश के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक: सीएम

## पुष्प महोत्सव का हुआ आगाज
## प्रदेश भर के पुष्प उत्पादक मौजूद





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश में पुष्प उत्पादन में अग्रणी राज्य है। यहां के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक पहुंच रही है। हम फूल उत्पादन के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ानी की दिशा में काम कर रहे है। सीएम शुक्रवार को गुलाब उद्यान में राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पुष्प उत्पादन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और अनुदान में सहायता प्रदान कर रही है। वर्तमान में यही पुष्प किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और निर्यात क्षमता को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहे हैं। पुष्प महोत्सव के माध्यम से किसानों को व्यवसायिक स्तर पर फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयोजन में पुष्प उत्पादक किसान, नर्सरी संचालक और खरीदार तीनों एक स्थान पर जुटे हैं। किसानों को बाजार की संभावनाओं और फूलों की खेती की जानकारी प्रदान की जा रही है। फूलों की खेती का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। प्रदेश के किसान, फूल नहीं अपने मन का भाव दूसरे स्थानों पर भेजते हैं। प्रदेश के 40 हजार किसान पुष्प उत्पादन से जुड़े हैं और 45 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में फूलों का उत्पादन हो रहा है। हर साल लाखों टन फूल गुजरात, महाराष्ट्र सहित विदेशों में भी भेजे जा रहें है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का दूसरा सर्वाधिक पुष्प उत्पादक राज्य है। वर्ष 2021-22 तक राज्य में फूलों की खेती का रकबा 37 हजार हैक्टेयर था, जो अब बढ़कर 44 हजार हैक्टेयर हो चुका है।

### प्रदेश का पुष्प उत्पादन 86 लाख टन हुआ

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में उद्यानिकी विभाग नवाचारी कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का पुष्प उत्पादन 86 लाख टन हो गया है। इस पुष्प प्रदर्शनी में किसानों का मार्गदर्शन करने के लिए उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञ उपस्थित हैं। किसान भाई इस प्रदर्शनी का लाभ उठाएं और अपनी आय बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लक्ष्य को पूर्ण करने में सहभागी बनें।

### अब तीन दिवसीय तक होगा पुष्प महोत्सव

एक दिवसीय पुष्प महोत्सव अब तीन दिनी होगी। इसका घोषणा सीएम डॉ. यादव ने की। प्रदर्शनी में सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम पर कार्यशाला शनिवार को आहुत की गई है। जिसमें विषय-विशेषज्ञ फर्टीगेशन सिस्टम के संबंध में किसानों को नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान करेंगे।

# यूजीसी ने सिफारिशों की अनदेखी की: दिग्विजय

## संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सिंह ने यूजीसी पर लगाए आरोप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा है कि समिति द्वारा जो सिफारिशें की गई थी,उसे यूजीसी ने नहीं माना। झूठे मामलों पर सजा हटाने का फैसला यूजीसी का था, इसका संसदीय समिति से कोई संबंध नहीं है।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इस संबंध में अपने बयान में कहा कि समिति ने सामान्य वर्ग को सूची से बाहर रखने पर भी कोई टिप्पणी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि यदि यूजीसी ने भेदभाव की स्पष्ट परिभाषा और उदाहरण तय कर दिए होते,तो इससे ने केवल वंचित वर्गो को सुरक्षा मिलती बल्कि झूठे मामलों की आशंका भी काफी कम हो जाती। सिंह ने कहा कि संसदीय समिति ने यह बात की थी,किन्तु उसे नजरांदाज कर दिया गया। सिंह ने कहा कि फरवरी 2025 में रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं की पहल और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद केन्द्र सरकार और यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव रोकने



**झूठे मामलों पर सजा हटाने का फैसला यूजीसी का था**

के लिए ड्राफ्ट इक्विटी रेगुलेशंस जारी किए थे। इसका उद्देश्य कैंपस में जाति,सामाजिक और अन्य आधारों पर होने वाले भेदभाव को रोकना था। समिति ने माना कि नियम सही दिशा में हैं,लेकिन उन्हें सरल और स्पष्ट बनाए जाने की जरुरत है।

संसदीय समिति के अध्यक्ष सिंह ने बताया कि समिति द्वारा जो सिफारिशें की गई थी,उनमें से यूजीसी ने केवल तीन ही मानी। जबकि इक्विटी कमेटी में एससी -एसटी-ओबीसी प्रतिनिधित्व बढ़ाने और भेदभाव की विस्तृत परिभाषा तय करने जैसी सिफारिशों को नहीं माना गया। उन्होंने कहा कि समिति ने यूजीसी से अनुरोध किया था कि यह स्पष्ट करना कि किन कृत्यों और मामलों को भेदभाव माना जाएगा,न केवल छात्रों के लिए सुरक्षा को मजबूत करेगा,बल्कि विनियमों का दुरुपयोग करके फर्जी मामले दर्ज करने की संभावना को भी कम करेगा। उन्होंने बताया कि समिति पांच सिफारिशें की थी,उनमें से तीन सिफारिशों को पूरी तरह से नजरांदाज किया गया। समिति ने ओबीसी छात्रों और अन्य के उत्पीड़ने को भी जाति-आधारित भेदभाव में शामिल करने, दिव्यांगता को भी भेदभाव के आधार के रुप में मान्य किए जाने,इक्विटी कमेटी में एससी-एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत से अधिक करने व निर्णय निष्पक्ष हो,भेदभाव की स्पष्ट पहचान और उदाहरण नियमों में लिखे जाएं तथा जातिगत भेदभाव को सार्वजनिक कर ,प्रशिक्षण और छात्रों के लिए स्वास्थ्य सहायता व कानूनी मदद देने की सिफारिशें की गई थी।

# कॉलेजों को मार्कशीट नहीं भेजने पर विद्यार्थी परेशान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कॉलेजों ने उच्च शिक्षा विभाग से शिकायत की है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की मार्कशीट, नामांकन, चरित्र प्रमाण पत्र, टेबुलेशन रजिस्टर और दस्तावेजों के संशोधन समय पर नहीं होते हैं, जबकि छात्रों से पूरा परीक्षा शुल्क लिया जाता है। शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा द्वारा सभी विवि के अधिकारियों की बैठक ली गई। इसमें बताया कि मार्कशीट न मिलने से विद्यार्थी परेशान होते हैं और कॉलेजों को विवि जाकर प्रतियां लानी पड़ती हैं। कई बार टेबुलेशन रजिस्टर वहां मांगने पर भी नहीं मिलते। इस पर एसीएस राजन ने सभी विश्वविद्यालयों को समयबद्ध वितरण के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की ई-प्रवेश प्रक्रिया को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए कॉलेज वर्तमान सत्र में आई समस्याएं और सुधार सुझाव विभाग को भेज सकेंगे। जल्द ही ई-प्रवेश पोर्टल पर एक एप्लीकेशन जारी होगा, जिसमें कॉलेज ऑनलाइन ही समस्याएं और सुझाव दर्ज कर सकेंगे।

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

## राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर का सारंग ने किया विमोचन

**विसं, भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि एवं सहकारिता है और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। सारंग शुक्रवार को राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), मध्यप्रदेश द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया गया। सारंग ने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है, जिससे न केवल योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचा है, बल्कि बैंकिंग प्रणाली भी मजबूत हुई है। सारंग ने बताया कि कुछ कमजोर जिला सहकारी बैंकों के कारण कृषकों को पूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में कठिनाइयाँ आ रही थीं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 कमजोर जिला सहकारी बैंकों रीवा, सतना, जबलपुर, ग्वालियर, शिवपुरी एवं दतिया को 50-50 करोड़, कुल 300 करोड़ की अंशपूंजी सहायता प्रदान की गई। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके लिए 16 विभागों को मिलाकर



विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी कृषि क्षेत्र में निवेश धरातल पर उतरेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर 2026-27 आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एक ठोस ब्लूप्रिंट है, जो प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दिशा प्रदान करेगा। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाना आवश्यक है। इसके लिए ग्रामीण उद्यमियों तक समय पर एवं पर्याप्त ऋण पहुँचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष अगले वित्तीय वर्ष में मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

**अनदेखी** पहले पब्लिक डोमेन में होती थी अस्पताल के स्टाफ की सूची, पोर्टल से हटाई जरूरी जानकारी

# आयुष्मान में गडबड़ी पर निजी अस्पतालों को सरकारी संरक्षण

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में निजी अस्पताल द्वारा आयुष्मान योजना में गड़बड़ी कर करोड़ों रुपए का आर्थिक घोटाला किया गया है। वर्ष 2023 में सबसे पहले यह मामला सामने आया था। अब फिर एक बार भोपाल में पांच अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने पांच निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना से सस्पेंड कर दिया है और सात दिन के भीतर अस्पताल संचालकों को उन पर लगे गंभीर आरोपों का जवाब देना होगा, यदि जवाब संतोषजनक नहीं दिए गए तो अस्पतालों को सूची से बाहर कर दिया जाएगा। दरअसल निजी अस्पतालों द्वारा बार बार आयुष्मान योजना में की जा रही आर्थिक गड़बड़ी की मुख्य वजह स्वास्थ्य विभाग का नरम रवैया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वह पोर्टल बंद कर दिया गया है, जिस पर निजी अस्पताल की तमाम जानकारी उपलब्ध रहती है। जिसमें अस्पताल संचालक का नाम, अस्पताल में मौजूद परमानेंट चिकित्सकों के नाम, नर्सिंग स्टाफ के नाम, रेट लिस्ट और सुविधाओं का ब्यौरा।




### वेबसाइट पर अधूरी जानकारी

स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल के अलावा आयुष्मान भारत निरामयम योजना की वेबसाइट पर भी अधूरी जानकारी है। वेबसाइट पर योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पताल का नाम तो दिया गया है, लेकिन आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल में कौन कौन सी बीमारियों का इलाज मिलेगा, यह नहीं बताया गया। इसका नुकसान तब होता है जब किसी अस्पताल में मरीज इलाज के लिए पहुंचता है और अस्पताल वाले मरीज की बीमारी योजना में न होने का हवाला देकर मरीज से नकद रुपए ऐंठ लेते हैं।

### 2023 में हुआ था घोटाला

आयुष्मान में सबसे पहले वर्ष 2023 में यह मामला सामने आया था। उस समय स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन साल में कुल एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया था। इसमें 200 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। इस मामले में आयुष्मान योजना कार्यालय मप्र द्वारा कार्रवाई करते हुए 120 निजी अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया था। हालांकि समय गुजरने के साथ उक्त 120 अस्पतालों में से कई अस्पताल नाम बदलकर फिर से योजना के तहत सूचीबद्ध हो चुके हैं

### फैक्ट फाइल मप्र

| 1099 | 827 | 248 |
| --- | --- | --- |
| सरकारी अस्पताल | निजी अस्पताल | डि-इम्पैनल्ड अस्पताल |

31 सस्पेंडेड अस्पताल

### फैक्ट फाइल भोपाल

| 28 | 203 | 203 |
| --- | --- | --- |
| सरकारी अस्पताल | निजी अस्पताल | डि-इम्पैनल्ड अस्पताल |

16 सस्पेंडेड अस्पताल

### फ्रॉड रोकने पर मिला है मप्र को सम्मान

यह भी एक संयोग है कि मप्र आयुष्मान भारत निरामयम कार्यालय को फर्जीवाड़ा नियंत्रण के लिए देश में नंबर का अवार्ड दिया गया है। हाल ही में यह सम्मान मिला है। मप्र आयुष्मान कार्यालय द्वारा एक ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जो निजी अस्पतालों की गड़बड़ी को तुरंत पकड़ लेता है, जिसमें इलाज के नाम पर की गई धांधली और अनियमित बिलिंग शामिल है।

### निलंबित 5 अस्पतालों को एक सप्ताह में देना है जवाब

दो दिन पहले आयुष्मान मप्र द्वारा भोपाल के जिन 5 अस्पतालों को निलंबित किया है। उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है कि वह अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो अस्पताल को डि-इम्पैनल्ड कर दिया जाएगा, यानि यह अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत मरीज का इलाज नहीं कर सकेंगे।

> गड़बड़ी रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में हमें देश में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। जिन अस्पतालों पर हाल ही में कार्रवाई हुई है, उन्हें जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> ■ **मयंक अग्रवाल**, प्रभारी सीईओ आयुष्मान मप्र

# युवाओं को उद्यमिता के लिए सक्षम बना रही है राज्य सरकार: टेटवाल

**विसं, भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का फोकस युवाओं को केवल रोजगारोन्मुख बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें उद्यमिता के लिए भी सक्षम करना है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, आत्मअनुशासन और प्लेसमेंट की ठोस तैयारी पर ध्यान केंद्रित होगा। उन्हें शासन स्तर पर हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। टेटवाल शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में प्लेसमेंट किक ऑफ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों के माध्यम से रोजगार की बदलती प्रकृति पर भी बात रखी।



मंत्री ने कहा कि संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है, इंडस्ट्री कनेक्ट लगातार मजबूत हो रहा है और विभिन्न उद्योग स्वयं प्रशिक्षण के लिए संस्थान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने जर्मन और जापानी भाषा प्रशिक्षण की शुरुआत, एलुमनी क्लब के गठन और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान करने की आगामी पहल की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सिंगापुर एक्सपोजर विजिट तथा संस्थान में संचालित विभिन्न एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों से जुड़े वीडियो प्रदर्शित किए गए। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया।

### डिग्री के साथ व्यावहारिक व कार्यस्थल का अनुभव जरूरी

कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास और रोजगार सृजन देश और प्रदेश की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तेजी से बदलते आर्थिक और तकनीकी परिवेश में युवाओं को केवल शैक्षणिक डिग्री तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल, तकनीकी ज्ञान, कार्यस्थल का अनुभव देना आवश्यक है, जिससे वे आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। टेटवाल कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित फिक्की सेंट्रल इंडिया एड-स्किल्स एजुकेशन समिट को संबोधित कर रहे थे।

वर्ष 69 ▸ अंक 123 ▸ पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 31 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


अगर आप खुद को कमजोर समझते हैं तो आप सबसे बड़ा पाप करते हैं।
-स्वामी विवेकानंद

# एक दिन में 96,000 टूटी चांदी, निवेशक बर्बाद

**चांदी दोहराएगी 1980 का काला इतिहास?**

**मुंबई, जेएनएन।** कमोडिटी बाजार में शुक्रवार 30 जनवरी को कोहराम मच गया। चांदी की कीमतों में इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट में से एक देखने को मिली। पिछले कुछ हफ्तों से रॉकेट की रफ्तार से भाग रही चांदी की चमक एक ही झटके में फीकी पड़ गई, जिस धातु ने निवेशकों को मालामाल किया था, उसने महज 24 घंटों के अंदर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। चांदी के इतिहास में आई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। सोने में भी गिरावट दिखी। गोल्ड फ्यूचर्स 9 फीसदी नीचे चल रहा था। वहीं 10 ग्राम सोना 1,49,080 रुपए पर आ गया। बीते कारोबारी सेशन में सोना 1,69,403 रुपए पर था। एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों में ऐसी सुनामी आई, जिसने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। मार्च एक्सपायरी वाली चांदी उच्च स्तर से करीब 24 फीसदी यानी 96,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक टूट गई। भाव गिरकर 3,03,916 रुपए के स्तर पर आ गया। यह गिरावट इसलिए भी डरावनी है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों में चांदी ने जितनी तेजी दिखाई थी, उससे कहीं अधिक तेजी से यह नीचे गिरी है।

**हंट ब्रदर्स से तुलना:** दिग्गज इस गिरावट की तुलना 1980 के उस दौर से कर रहे हैं, जिसने ग्लोबल अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। उस समय चांदी की कीमतों में आए असामान्य उछाल, फिर औंधे मुंह गिरने के पीछे अमेरिका अरबपति भाइयों 'हंट ब्रदर्स' (हर्बर्ट और बंकर हंट) का हाथ था।

### 27 मार्च 1980: 'सिल्वर थर्सडे' का खौफ

जब हंट भाइयों का यह 'कॉर्नरिंग द मार्केट' खेल अमेरिकी नियामकों की नजर में आया, तो नियम कड़े कर दिए गए। मार्जिन मनी की शर्तें इतनी कठिन हो गईं कि हंट भाई नए सौदे नहीं कर पाए। 27 मार्च 1980 को चांदी की कीमत एक ही दिन में 50 फीसदी गिरकर 11 डॉलर के नीचे आ गई। इसे आज भी 'सिल्वर थर्सडे' के नाम से जाना जाता है।

**रिकॉर्ड : रुपया 27 पैसे गिरकर 91.96 पर पहुंचा**

भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर पहुंच गया है। आरबीआई के मुताबिक, गुरुवार (29 जनवरी) को 1 डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसा गिरकर 91.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर बढ़ते व्यापारिक तनाव की वजह से रुपए में यह गिरावट देखी जा रही है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है।




**सोना भी 20 हजार रु. गिरा**

### क्या था हंट ब्रदर्स का वह 'सिल्वर गेम'?

1970 के दशक की शुरुआत में जब अमेरिकी डॉलर का सोने से नाता टूटा, गोल्ड स्टैंडर्ड खत्म हुआ, तो दुनिया भर में महंगाई और आर्थिक अस्थिरता बढ़ गई। ऐसे में अमेरिका के अरबपति हंट भाइयों ने चांदी को 'सुरक्षित निवेश' मानकर खरीदना शुरू किया, लेकिन देखते ही देखते यह निवेश दुनिया की सबसे बड़ी सट्टेबाजी में बदल गया। 1973 से 1979 के बीच इन दोनों भाइयों ने मिलकर इतना फिजिकल सिल्वर और फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट खरीदे कि दुनिया की कुल चांदी का एक-तिहाई हिस्सा इनके नियंत्रण में आ गया। नतीजा यह हुआ कि 1973 में जो चांदी 1.95 डॉलर प्रति औंस थी, वह जनवरी 1980 तक 25 गुना बढ़कर 50 डॉलर पर पहुंच गई।

### इसलिए चांदी के दाम हुए क्रैश?

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि चांदी हमेशा से एक 'हाई-बीटा' कमोडिटी रही है, यानी इसमें उतार-चढ़ाव बहुत तेज होता है। उन्होंने बताया कि निवेशकों ने चांदी की कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बढ़े, इसमें आज भारी मुनाफावसूली की है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फेडरल रिजर्व के नए चेयरमैन के नाम का ऐलान कर दिया है। इसका असर डॉलर पर पड़ा है। डॉलर में मजबूती आई है। डॉलर में मजबूती आने से सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं की चमक फीकी पड़ जाती है।

## ऑफ बीट

### महिला ने घटाया 199 किलोग्राम वजन



*लोगों का वजन जब 90-100 किलो हो जाए, तभी उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। कहा जाता है मोटापा अपने आप में एक बहुत बड़ी बीमारी है, जो शरीर को अन्य बीमारियों का घर भी बनाती है, लेकिन सोचिए अगर किसी का वजन 350 किलो हो तो उसके लिए कुछ भी करना कितना मुश्किल रहता होगा? पढ़कर भी डर लगता है ना....लेकिन ऐसी एक महिला जिन्होंने अपना 350 किलो वजन कम करने की बहुत कोशिश की और लगभग अपना 199 किलो वजन कम कर भी लिया, लेकिन फिर भी जिंदगी की जंग हार गईं। ये महिला थीं चैरिटी पियर्स। कभी करीब 350 किलो वजन के साथ बिस्तर से उठना तक उनके लिए मुश्किल था, लेकिन हालात के आगे झुकने के बजाय जिंदगी की जिद ने उन्हें लड़ना सिखाया। टीएलसी के मशहूर शो एम4 600-एलबी लाइफ से दुनियाभर में पहचान बनाने वाली चैरिटी पियर्स ने सैकड़ों किलो वजन घटाकर लाखों लोगों को उम्मीद दी। उनका सफर आसान नहीं था।*

**महाराष्ट्र:** राज्यसभा जाने की तैयारी में अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ

# सुनेत्रा पवार संभालेंगी डिप्टी सीएम का पद, आज शपथ

### आज शाम 5 बजे राजभवन में ग्रहण करेंगी शपथ

**मुंबई, जेएनएन।** अजित पवार की विमान हादसे में आकस्मिक मृत्यु के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का नेतृत्व कौन करेगा इसे लेकर तस्वीर अब करीब-करीब साफ हो चुकी है। उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करने पर हामी भर दी है। वह शनिवार शाम शपथ ले सकती हैं। वर्तमान में सुनेत्रा राज्यसभा की सांसद हैं।

महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद उन्हें राज्यसभा सीट खाली करनी पड़ेगी। सूत्रों की मानें तो एनसीपी अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ को उनकी मां की जगह राज्यसभा भेजने की तैयारी में है। सुनेत्रा पवार को शुक्रवार को एनसीपी की विधायक दल की नेता चुन लिया गया। सूत्रों के अनुसार, सुनेत्रा का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई राजभवन में शनिवार (30 जनवरी) शाम 5 बजे होगा। वह पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी लड़ेंगी, जो उनके पति अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई है। सूत्रों के मुताबिक प्रफुल पटेल को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि, एनसीपी के नेताओं का एक बड़ा वर्ग मानता है कि सुनेत्रा को न केवल उप मुख्यमंत्री बनाना चाहिए, बल्कि पार्टी की कमान भी संभालनी चाहिए, इससे एनसीपी के दोनों गुटों के फिर से एकजुट होने की अटकलें भी खत्म हो गई हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि अजित पवार के निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली एनसीपी का शरद पवार गुट वाली एनसीपी में विलय हो सकता है।

एनसीपी में फूट 2023 में तब पड़ी थी, जब अजित पवार अधिकांश नेताओं के साथ अलग होकर महायुति में शामिल हो गए थे, जिसमें भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना शामिल हैं। अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी की सीटें घटकर फिलहाल 40 रह गई हैं। महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार महायुति सरकार में वित्त, योजना, उत्पाद शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण (अतिरिक्त प्रभार) और अल्पसंख्यक विकास एवं औकाफ (अतिरिक्त प्रभार) विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे।



**वित्त मंत्रालय का प्रभार अपने हाथ में लेंगे फडणवीस:** इधर, सीएम देवेंद्र फडणवीस भी अहम जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार फडणवीस आगामी बजट सत्र से पहले राज्य के वित्त मंत्रालय का प्रभार अपने हाथ में लेंगे। माना जा रहा है कि बजट तैयारियों और आर्थिक नीतियों पर मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

### हम एनसीपी के फैसले के साथ: सीएम फडणवीस



नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, एनसीपी उपमुख्यमंत्री पद के लिए जो भी फैसला लेना होगा, वह लेगी और सरकार व भाजपा उस फैसले का समर्थन करेंगी। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि हम अजित दादा के परिवार और एनसीपी के साथ खड़े हैं। अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था।

# संविदा नीति का प्रदेश के निगम-मंडलों में भी होगा पालन: सीएम

### 10 साल तक सेवाएं देने 50 प्रतिशत कर्मियों को किया जा रहा नियमित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार राज्य के संविदा कर्मियों का नियमित पदों पर संविलियन करने की दिशा में काम करेगी। इसी तरह संविदा नीति-2023 का केंद्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः क्रियान्वयन किया जाएगा। राज्य शासन के निगम मंडल भी इसे लागू करेंगे। यह बातें शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविदा कर्मी-अधिकारी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि संविदाकर्मी राज्य सरकार का कार्यबल ही नहीं, हमारा आत्मबल भी हैं।

राजधानी के टीटी नगर दशहरा मैदान में भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ.यादव ने कहा कि राज्य में ऐसे संविदा कर्मी जिन्होंने अपनी सेवाओं के 10 साल पूरे कर लिए है,उन्हें नियमित पदों पर संविलियन करने का काम शुरू कर दिया गया है,अभी ऐसे 50 प्रतिशत पद भरे जा रहे है। इस दिशा में आगे और काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की संविदा नीति -2023 की सभी कंडिकाओं का केन्द्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः पालन किया जाएगा। इतना ही नहीं राज्य शासन के निगम मंडलों में भी ये नियम लागू होंगे। सीएम ने कहा कि संविदाकर्मी अनुबंध से अवश्य आते हैं, किन्तु व्यवस्थाओं के प्रबंधन में विराट भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं हों या शिक्षा, पंचायत, नगरीय निकाय या तकनीकी सेवाएं मैदानी स्तर पर सर्वे, मॉनीटरिंग और क्रियान्वयन में संविदा भाई-बहन हर जगह व्यवस्था के भरोसेमंद स्तंभ बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार संविदा कर्मियों के अधिकारों के लिए सदैव सकारात्मक भाव के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के सेवा सुधार, पारिश्रमिक सुधार, कार्य परिस्थिति और भविष्य के सुधारों पर पहले भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, भविष्य में भी उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। हमारी सरकार संविदा कर्मियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी। नियम, न्याय और वित्तीय संतुलन के दायरे में रहते हुए संविदाकर्मियों की कठिनाइयों का हल निकाला जाएगा।



### सभी संविदा कर्मियों को एनपीएस और ग्रेज्युटी का भी मिलेगा लाभ

डॉ. यादव ने कहा कि संविदा नीति-2023 के अंतर्गत सभी विभागों में संविदा कर्मियों के लिए एनपीएस, ग्रेज्युटी, स्वास्थ्य बीमा लाभ, अनुकंपा नियुक्ति के लिए केंद्र पोषित-राज्य पोषित समस्त योजनाओं-परियोजनाओं में एक साथ क्रियान्वयन तथा संविदा कर्मियों के लिए प्रावधान सीसीए रूल 1965, 1966 को पूर्णतः लागू करने के संबंध में नीतिगत निर्णय कराया जाएगा। इसी तरह अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति विभिन्न विभागों, योजना, परियोजना में पदस्थ संविदा कर्मचारियों की विसंगतिपूर्ण समकक्षता के निर्धारण के लिए अभ्यावेदनों का निराकरण, संविदा के प्रतिनिधियों को शामिल कर करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दावा-बिल गेट्स को हुई थी यौन बीमारी



**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइल्स रिलीज की हैं। इनमें जेफ्री एपस्टीन के कुछ ईमेल सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें एपस्टीन ने दावा किया है कि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स रूसी लड़कियों के साथ संबंधों के बाद यौन बीमारी (सेक्शुअली ट्रांसमिटेड डिजीज, एसटीडी) हुई थी। ईमेल में यह भी लिखा है कि गेट्स ने एपस्टीन से एंटीबायोटिक दवाएं मांगी थी, ताकि वह ये दवाएं चुपचाप अपनी पूर्व पत्नी (तब की पत्नी) मेलिंडा गेट्स को दे सकें। हालांकि आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है।

### मंत्री देव से भिड़े भाजपा विधायक ब्रजभूषण

**महोबा, जेएनएन।** उप्र के महोबा जिले में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कार्यक्रम के दौरान उस समय भारी बवाल हो गया, जब भाजपा विधायक ब्रजभूषण राजपूत और समर्थक जलापूर्ति की समस्या को लेकर उग्र हो गए। चरखारी विधायक कई गांवों में पानी न पहुंचने और पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से लंबे समय से नाराज थे। जब मंत्री स्वतंत्र देव सिंह महोबा पहुंचे, तो विधायक, उनके समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान मंत्री और विधायक के समर्थकों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई, जिससे मौके पर जमकर नारेबाजी हुई। विवाद बढ़ता देख मंत्री स्वतंत्र देव विधायक को लेकर खुद डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गई। विधायक का आरोप है कि गांवों में पानी की भीषण किल्लत है और सड़कों की बदहाली से जनता त्रस्त है। हाई-प्रोफाइल विवाद ने प्रशासनिक, राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है।

# बाइक सवार सिरफिरे का आतंक, कटर से हमला कर 3 युवतियों को किया घायल

### अयोध्या नगर-पिपलानी में वारदातें, आरोपी का कोई सुराग नहीं

**जागरण,भोपाल।** पिपलानी और अयोध्या नगर थाना क्षेत्रों में गुरुवार देर रात सिरफिरे बाइक सवार युवक ने तीन अलग-अलग युवतियों पर कटर से हमला कर घायल कर दिया। इनमें दो युवतियों को चोटें आई हैं, तीसरी युवती घायल है। घटना के बाद इलाके में दहशत है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि एक ही युवक ने तीनों वारदातों को अंजाम दिया है। एसीपी जोन-2 अदिति भावसार के अनुसार पहली वारदात पिपलानी में हुई। यहां सोनागिरी क्षेत्र के ए सेक्टर में निजी कॉलेज की छात्रा रात 10.30 बजे घर के पास खड़ी थी। अज्ञात बाइक सवार युवक आया और कटरनुमा धारदार हथियार से पैर पर हमला कर भाग निकला। इसी इलाके के बी सेक्टर में आरोपी ने 22 वर्षीय युवती का रास्ता रोककर कटर से हमला किया। ये दोनों युवतियां आरोपी युवक को पहचानती नहीं है। तीसरी घटना रात 11.30 बजे अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में हुई, जहां प्राइवेट जॉब करने वाली युवती ड्यूटी से घर अयोध्या बायपास स्थित एक कॉलोनी जा रही थी।

**छह टीमें खोजबीन में लगीं, सीसीटीवी से मिले धुंधले फुटेज**

एसीपी भावसार के अनुसार इन तीनों वारदातों में घायल किसी भी युवती को गंभीर चोटें नहीं है। इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए छह स्पेशल टीमें बना दी हैं। फिलहाल पुलिस को सीसीटीवी से संदेही के कुछ धुंधले फुटेज मिले हैं, जिससे उसकी पहचान करने में मुश्किल हो रही है। इसके अलावा पुलिस युवतियों द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर इलाके के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों और नशेड़ियों की भी जानकारी जुटा रही है।

# बेकाबू ट्रक की टक्कर से कार चकनाचूर, 4 की मौत

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में घना कोहरा लोगों के लिए काल बनकर आया। शुक्रवार सुबह घने कोहरे के चलते ग्वालियर- इटावा हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में बैठे सभी चार लोगों की मौके पर मौत हो गई और कार भी चकनाचूर हो गई। मृतकों में दो महिलाएं हैं। सभी भिंड के रहने वाले हैं। हादसा सुबह करीब 8 बजे घने कोहरा के बीच हुआ। इस दौरान दृश्यता 200 से 500 मीटर के बीच थी। कार सवार भिंड से ग्वालियर जा रहे थे। ट्रक के कार से टकराते ही तेज आवाज सुनकर लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची तब तक कार सवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। कार को कटर से काटकर मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पति राम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है।

**ग्वालियर-इटावा हाईवे पर घना कोहरा बना हादसे की वजह**

# आईएएस जोशी, सहयोगी की पांच करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

### 3 साल पहले हो चुका निधन, ईडी की कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने शुक्रवार को दिवंगत आईएएस अधिकारी अरविंद जोशी की 5 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। मध्य प्रदेश के प्रशासनिक इतिहास में ब्लैक चैप्टर के रूप में दर्ज हो चुके पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद जोशी और उनकी पत्नी टीनू जोशी इसके बाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ताजा कार्रवाई करते हुए दिवंगत अरविंद जोशी, उनके परिजनों और सहयोगी एसपी कोहली के नाम पर दर्ज 5 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क कर लिया है।



ईडी ने इस मामले की विवेचना लोकायुक्त पुलिस द्वारा उनके खिलाफ की 2010 में की गई जांच के बाद शुरू की थी। ईडी के अनुसार यह पूरी जायदाद ओवैध काली कमाई से खरीदी गई थी। जांच में सामने आया कि दंपत्ति अरविंद और उनकी पत्नी टीनू जोशी ने अवैध कमाई को ठिकाने लगाने के लिए बकायदा एक नेटवर्क बनाया था। उन्होंने कई शैल कंपनियां बनाईं और अपने परिजनों के साथसाथ एसपी कोहली जैसे करीबियों के नाम पर बेनामी संपत्तियां खरीदीं। ईडी ने भोपाल में स्थित उनका एक आलीशान रिहायशी प्लॉट, उपजाऊ कृषि भूमि और एक रिसॉर्ट कुर्क किया है।

नवंबर 2023 में इनकम टैक्स अपीलीय ट्रिब्यूनल ने जोशी दंपत्ति के उनके खिलाफ आयकर विभाग के पुराने असेसमेंट को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि विभाग की ओर से सुनवाई में देरी हुई। हालांकि ईडी और लोकायुक्त की आय से अधिक संपत्ति के मामले अभी भी जारी हैं, जिसके तहत कुर्की की गई है।

### अरविंद-टीनू जोशी का अर्श से सलाखों तक सफर

**आयकर छापा:** फरवरी 2010 में भोपाल के पॉश चार इमली 74 बंगला इलाके में स्थित उनके सरकारी बंगले पर छापा पड़ा ।

**क्या मिला:** रेड में 3.04 करोड़ नकद, 25 फ्लैट, 387 एकड़ कृषि भूमि, विदेशी मुद्रा और महंगी विदेशी शराब के क्रेट्स मिले थे। कुल संपत्ति का आंकलन 350 से 360 करोड़

**पारिवारिक पृष्ठभूमि:** अरविंद और टीनू 1979 बैच के एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी थे। अरविंद के पिता एचएम जोशी डीजीपी थे। उनकी बहन आभा जोशी भी अधिकारी थीं।

**करियर:** टीनू जोशी प्रधानमंत्री कार्यालयमें डिप्टी सेक्रेटरी रह चुकी थीं, जबकि अरविंद जोशी 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान रक्षा मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी थे। छापे के समय दोनों एमपी में प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी थे।

**कार्रवाई:** छापे के तुरंत बाद दोनों को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया गया था। जुलाई 2014 में भारत सरकार ने दोनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। टीनू जोशी को जेल भी जाना पड़ा।

**निधन:** 4 मार्च, 2022 को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में 68 वर्ष की आयु में अरविंद जोशी का निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे।

## शोध

**वैज्ञानिकों की ताजा खोज में हैरान करने वाला दावा**

# डायबिटीज की दवा दिल की बीमारी में भी कारगर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टाइप-2 डायबिटीज पर आधारित रिसर्च से पता चलता है कि एक्सपेरिमेंटल दवा आईसी7एफसी दिल की बीमारी से बचाने में भी मदद कर सकती है। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि यह दवा कोलेस्ट्रॉल लेवल और सूजन को कम कर सकती है, जो दिल की समस्याओं के दो मुख्य कारण हैं। नीदरलैंड में लेडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के नेतृत्व वाली इंटरनेशनल रिसर्च टीम ने मोनाश यूनिवर्सिटी और दूसरे पार्टनर्स के साथ साइंस एडवांसेज में प्रीक्लिनिकल नतीजे पब्लिश किए। स्टडी में आईसी7एफसी ने उन चूहों में ब्लड फैट (ट्राइग्लिसराइड्स) और कोलेस्ट्रॉल को काफी कम किया जिन्हें दिल की बीमारी होने का खतरा होता है।

प्रो. फेब्रियो ने कहा, हमारी पिछली स्टडीज से पता चला है कि आईसी7एफसी टाइप 2 डायबिटीज जो एक मेटाबोलिक बीमारी है, को मैनेज करने में मदद कर सकता है। इस नई रिसर्च से पता चलता है कि यह एथेरोस्क्लेरोसिस को भी कम कर सकता है, जिसका मतलब है कि यह आर्टरीज के 'क्लॉज' होने को धीमा करता है, जहां फैट जमा हो जाता है और दिल में खून के बहाव को रोकता है। उन्होंने कहा, दिल की बीमारी दुनिया की सबसे बड़ी जानलेवा बीमारी बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण एथेरोस्क्लेरोसिस है। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाले आम इलाज के बाद भी, बहुत से लोग अभी भी रिस्क में हैं, जिससे पता चलता है कि अभी और काम करना बाकी है।

मोटे और दुबले चूहों में अलग-अलग असर: पिछली रिसर्च में पाया गया कि आईसीएफसी ने मोटे चूहों में भूख और शरीर का फैट कम किया। इसके उलट, नई स्टडी दुबले चूहों पर फोकस की गई जो जेनेटिकली हाई कोलेस्ट्रॉल और आर्टरी की बीमारी के शिकार होते हैं। इन जानवरों में दवा ने शरीर के वजन या खाने पर कोई असर नहीं डाला। इस अंतर से पता चलता है कि दवा का वजन घटाने का असर मोटापे के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हो सकता है, जबकि इसके कार्डियोवैस्कुलर फायदे जैसे आर्टरीज में कोलेस्ट्रॉल का जमाव कम करना, उन लोगों तक भी पहुंच सकते हैं, जिनका वजन ज्यादा नहीं है।



### कम कोलेस्ट्रॉल और आर्टरी डैमेज कम

रिसर्चर्स ने पाया कि आईसीएफसी ने खून की नसों के अंदर फैटी प्लाक के जमाव को कम करने में मदद की और साथ ही सूजन को भी कम किया। दोनों प्रोसेस हार्ट अटैक और स्ट्रोक में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे वे दिल की बीमारी को रोकने के लिए मुख्य टारगेट बन जाते हैं। प्रो.मार्क फेब्रियो ने मोनाश इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए काम को लीड किया और मेटाबोलिक कंडीशन के संभावित इलाज के तौर पर आईसीएफसी के लंबे समय तक चलने वाले डेवलपमेंट में अहम भूमिका निभाई है।

### डुअल-एक्शन ट्रीटमेंट की संभावना

कुल मिलाकर, नतीजे आईसी7एफसी को एक फ्लेक्सिबल थेरेपी के तौर पर दिखाते हैं, जो कई हेल्थ रिस्क को दूर कर सकती है, साथ ही इंसानों में और टेस्टिंग की जरूरत पर भी जोर देती है। प्रो. फेब्रियो ने कहा, इन नतीजों से पता चलता है कि आईसी7एफसी दोहरा फायदा दे सकता है। कुछ लोगों में मोटापा कम करने में मदद करना, जबकि दूसरों में दिल की रक्षा करना। यह एक ऐसे ट्रीटमेंट की दिशा में एक रोमांचक कदम है, जो मेटाबोलिक और कार्डियोवैस्कुलर बीमारी दोनों को टारगेट करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अनघ मंच द्वारा आयोजित समारोह में 25 घंटे का निर्बाध काव्य पाठ

**जागरण, भोपाल।** जब वर्दीधारी योद्धा अस्त्र-शस्त्र छोड़ शब्दों की शक्ति से राष्ट्रभक्ति का उद्घोष करते हैं, तब साहित्य भी रणभूमि बन जाता है। ऐसा ही ऐतिहासिक दृश्य भोपाल में देखने को मिला, जहां अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच के तत्वावधान में आयोजित सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह-2026 में सैनिक कवियों ने वीर रस की ओजस्वी प्रस्तुतियों से नया कीर्तिमान रच दिया। सैनिक विश्राम गृह में संपन्न दो दिवसीय आयोजन में देश की थल, जल और वायु सेना के साथ-साथ पैरामिलिट्री एवं पुलिस बल के 50 से अधिक कवियों ने भाग लिया। समारोह की सबसे बड़ी उपलब्धि रही लगातार 25 घंटे तक निर्बाध काव्य पाठ, जिसे द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

### विद्युत कंपनी मुख्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख?यालय में कार्मिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर बापू के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के संदेश को याद किया। महात्मा गांधी के आदर्श आज भी समाज और देश को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### सीएमएचओ का पत्र, शिकायतकर्ता को 30 मिनट में कार्यालय बुलाया

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय, भोपाल द्वारा जारी किए जा रहे पत्रों एवं अपनाई जा रही जांच प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने पत्र के माध्यम से सीएमएचओ कार्यालय की कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराई है। रवि परमार ने बताया कि 28 जनवरी को उन्हें सीएमएचओ भोपाल कार्यालय से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें किसी शिकायत की जांच के संबंध में उसी दिन 11:30 बजे जिला स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। हैरानी की बात यह है कि उस पत्र में यह तक स्पष्ट नहीं किया गया कि किस शिकायत, किस विषय और किस शिकायत क्रमांक के संबंध में उन्हें बुलाया जा रहा है। पत्र में दो स्थानों पर 28 जनवरी 2025 की तिथि अंकित है, जबकि पत्र उन्हें 28 जनवरी 2026 को प्राप्त हुआ। इस प्रकार की त्रुटि न केवल भ्रम उत्पन्न करती है, बल्कि यह पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है। रवि परमार ने यह भी आरोप लगाया कि पत्र प्राप्त होने से एक दिन पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से एक पूरी तरह अपठनीय पत्र भेजा गया और सीएमएचओ कार्यालय आने को कहा गया।

### मानसिक स्वास्थ्य से ग्रसित की पहचान कर काउंसलिंग करें: राजन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एवं राष्ट्रीय कार्यबल के अनुक्रम में शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन की अध्यक्षता में सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में भोपाल जिले के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और कालेजों के प्राचार्य एवं स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, नगरीय प्रशासन, मप्र निजी विश्वविद्यालय वनियिामक आयोग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग, संचालक राष्ट्रीय मानसकि स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, सीहोर, पुलिस विभाग और जनसंपर्क विभिाग सहित हितधारक विभागों के अधिकारी प्रतिनिधिगण शामिल शामिल हुए। सेमिनार के दौरान अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थान माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने सेमिनार में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की।

### एलएनसीटी ने की क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता में जीत से शुरुआत



**भोपाल।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के तत्वावधान में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, राजकोट में आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (पुरुष वर्ग) के सुपर नॉकआउट मुकाबले में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अजिंक्या डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी, पुणे को 67 रनों से पराजित किया। मैच में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। बल्लेबाजी में सक्षम शर्मा ने तेजतर्रार अंदाज में 21 गेंदों पर 36 रन, जबकि सौरभ मेवाड़ा ने 16 गेंदों पर 26 रन की उपयोगी पारी खेली। गेंदबाजी में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की ओर से नीलेश मीणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। वहीं कप्तान आशुतोष सिंह ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके। अन्य गेंदबाजों ने भी सटीक लाइन-लेंथ से विपक्षी बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जय नारायण चौकसे कुलाधिपति, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति सहित समस्त अधिकारियों एवं शिक्षकों ने टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी।

### कलेक्टर हर हफ्ते करें जिला अस्पतालों का निरीक्षण : संभाग आयुक्त

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** संभाग के सभी जिलों में जिला अस्पतालों की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त होना चाहिए। आम लोगों को समय पर बेहतर इलाज मिलें। सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ भी आम आदमी उठा सकें। इसके लिए जिला अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्थाएं होना चाहिए। यह बात संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने समय सीमा पत्रों की बैठक के दौरान कही। कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 1250 जेपी अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। संभाग आयुक्त ने निर्देश जारी कर कहा है कि सभी कलेक्टर खुद अस्पतालों में जाकर व्यवस्थाओं को देखें। यदि मेडिकल स्टाफ नियमों का पालन नहीं करता है, तो उन पर सख्त कार्रवाई भी होना चाहिए।

# 104 पर तनाव व सेक्सुअल परेशानी के 26 हजार मामले

## टीनएजर्स की मदद के लिए संचालित किया जा रहा कॉल सेंटर, 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक करियर व स्वास्थ्य संबंधी भी मांगी जा रही मदद

**नगर संवाददाता, भोपाल।** किशोर व किशोरियों की मदद के लिए राज्य सरकार द्वारा 104 हेल्प लाइन का संचालन किया जा रहा है। इस नंबर पर कॉल करने पर किशोर व किशोरी को उसके सवालों के जवाब किसी एक्सपर्ट से दिलवाए जाते हैं वह भी कॉलर की जानकारी साझा किए बगैर। कॉल सेंटर का जिम्मा सरकार द्वारा जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। कंपनी ने वर्ष 2025 की रिपोर्ट हमसे साझा की। जिसमें जनवरी से दिसंबर 2025 तक 26 हजार से ज्यादा किशोरों ने फोन कर विभिन्न प्रकार की मदद मांगी है।

**24 फीसदी बच्चे तनाव का शिकार :** वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 26 हजार कॉलर में से 24 फीसदी मामले ऐसे हैं, जिसमें किशोर या किशोरी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। यह तनाव परीक्षा, कैरियर, पारिवारिक झगड़े और दोस्तों से जुड़े हुए हैं।



वहीं 18 फीसदी मामले शारीरिक परेशानियों से जुड़े थे। कॉल सेंटर का संचालन करने वाली कंपनी जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (जेएईएस) के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह ने बताया कि बीते कुछ सालों में लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियों के लिए भी 104 हेल्पलाइन का उपयोग करने लगे हैं। उन्होंने

### एक साल में 5 हजार की काउंसलिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल में 104 कॉल सेंटर के काउंसलर ने 4588 कॉलर की काउंसलिंग की। काउंसलर्स के अनुसार, युवा बीमारी, परिवार में लड़ाई, दोस्तों से मनमुटाव और परीक्षा में फेल हो जाने का डर जैसे सवालों और परेशानियों को लेकर कॉल किए।

**ऐसे आए कॉल**

| | |
|---|---|
| मेडिकल एडवाइस | 4,792 |
| काउंसलिंग | 3,888 |
| शिकायत | 3,113 |
| जानकारी | 10,428 |

**मेडिकल एडवाइस**

| | |
|---|---|
| स्किन इचिंग | 17 प्रतिशत |
| फीवर | 13 प्रतिशत |
| पेट दर्द | 10 प्रतिशत |
| सर दर्द | 8 प्रतिशत |

**काउंसिलिंग संबंधित कॉल**

| | |
|---|---|
| टेंशन | 35 प्रतिशत |
| शारीरिक समस्या | 30 प्रतिशत |
| कॅरियर संबंधी | 12 प्रतिशत |
| सैक्सुअल संबंधी | 11 प्रतिशत |

**जानकारी संबंधित कॉल**

| | |
|---|---|
| सरकारी योजना संबंधी | 35 प्रतिशत |
| अस्पताल से जुड़ी | 21प्रतिशत |
| आयुष्मान संबंधी | 22 प्रतिशत |

### जानकारी के लिए करते हैं कॉल

रिपोर्ट के मुताबिक कॉल सेंटर पर सबसे ज्यादा कॉल सूचनाओं की जानकारी के लिए आते हैं। इनमें स्वास्थ्य विभाग में चल रही तमाम योजनाओं और इलाज से संबंधित होते हैं। इसके साथ ही मेडिकल एडवाइस भी ली जाती है। इसमें भी बुखार, दर्द के दौरान कौन सी दवाएं लें इस तरह के सवाल होते हैं। यही नहीं टेंशन, शारीरिक समस्याएं और यौन समस्याओं को लेकर भी सवाल होते हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज की मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि सोनी बताती हैं कि लोग अब भी अपनी मानसिक और शारीरिक परेशानियों को बताने से झिझकते हैं। एंजायटी, डिप्रेशन हो या सेक्स संबंधी समस्याओं पर वे बात नहीं करते। ओपीडी में आने वाले 10 में से छह मरीज डिप्रेशन और सेक्स संबंधी सवालों या परेशानियों से जूझ रहे होते हैं।

### होटल में ठहरे व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जागरण,भोपाल।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र में होटल में ठहरे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव कमरे के अंदर बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस की शुरूआती जांच में हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अनवर हुसैन लाहुरी (46) निवासी विदिशा के रूप में हुई है। वह कपड़ों के व्यापार करता था और काम के सिलसिले में अक्सर भोपाल आता-जाता रहता था। गुरूवार को वह काम से भोपाल आया था और लक्ष्मी टॉकीज होटल में रूका था। शाम तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ को शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अनवर का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर युवक की मौत:**निशातपुरा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अमर यादव निवासी मंडला जिले के रूप में हुई है। वह एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहा था। वहीं वह रह रहा था। गुरूवार को काम करते समय अमर अचानक बिल्डिंग से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूरों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# चैंबर चुनावः उन्नति पैनल का नारा सशक्त व्यापारी और समृद्ध भोपाल

## कोलार-नर्मदापुर रोड पर बिजनेस सेंटर व पुराने भोपाल में पार्किंग का वादा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के व्यापारिक गलियारों में चुनावी सरगर्मी ने जोर पकड़ लिया है। ठीक दो दिन बाद होने वाले भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव के लिए उन्नति पैनल ने अपना मास्टर प्लान पेश कर दिया है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी और उद्योगपति गोविंद गोयल के नेतृत्व वाली उन्नति पैनल ने भोपाल के उद्योग और व्यापार को आधुनिक बनाने और व्यापारियों की समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए अपना संकल्प पत्र जारी किया है। शुक्रवार को व्यापारियों से चर्चा के दौरान गोविंद गोयल समेत चैंबर के पदाधिकारी पद का चुनाव लड़ रहे पैनल के उम्मीदवारों ने प्रचार के दौरान इसका ड्राफ्ट व्यापारियों के सामने पेश किया।




### सदस्यों की संख्या बढ़ाने का वादा

गोविंद गोयल ने चैंबर को सशक्त बनाने के लिए उन्नति पैनल की तरफ से आपका चैंबर आपके द्वार योजना का खाका व्यापारियों के सामने पेश किया। इसमें वादा किया गया है कि चैंबर ऑफ कॉमर्स संस्था को पूरी तरह डिजिटल कर व्यापारियों को सीधे मोबाइल पर सुविधाएं दी जाएंगी। पैनल के नेता गोविंद गोयल ने कहा कि उनका मकसद केवल समस्याओं की सूची बनाना नहीं, बल्कि सरकार के साथ जीएसटी, टैक्स और स्थानीय निकायों में व्यापारियों के हितों की पैरवी करना है। गोयल ने चैंबर की सदस्य संख्या 10 हजार पार ले जाने और महिला भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा है।

### नए-पुराने शहर के लिए प्लान

गोयल ने बताया कि पुराने शहर के लिए पार्किंग और नए इलाकों के लिए क्लस्टर व्यापारियों को लेकर पैनल ने ठोस कार्ययोजना बनाई है। उन्होंने दावा किया कि पुराने भोपाल और प्रमुख बाजारों में पीपीपी मॉडल पर मैकेनाइच्ड मल्टी-लेवल पार्किंग बनाने का संकल्प उनके घोषणा पत्र में शामिल है। कोलार एवं होशंगाबाद रोड और स्मार्ट सिटी एरिया में नए थोक व्यापार केंद्र और एमएसएमई फूड, टेक्सटाइल क्लस्टर विकसित करने की योजना है, स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### छूने या साथ रहने से नहीं फैलता है कुष्ठ रोग: शर्मा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुष्ठ निवारण दिवस का आयोजन सिविल डिस्पेंसरी कमला नगर में किया गया। इस वर्ष यह दिवस कुष्ठ रोग का इलाज संभव है, लेकिन कलंक ही असली चुनौती है की थीम पर मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ अर्चना मिश्रा, जयप्रकाश चिकित्सालय के चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ एमपीएस चौहान उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है। एमडीटी या बहू औषधि उपचार के नियमित सेवन से विकृतियों से बचाव एवं संक्रमण रुकता है। रोग की शीघ्र पहचान और दवा का पूरा कोर्स, कुष्ठ रोग से होने वाली विकलांगता से बचाता है। छूने, साथ खेलने या एक साथ काम करने से यह रोग नहीं फैलता है। लेकिन अनुपचारित रोगियों के साथ नजदीकी और लगातार संपर्क से रोग का संचरण बढ़ सकता है।

#### कार्यक्रम में मरीजों ने साझा किए अनुभव

कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके लोगों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ अर्चना मिश्रा ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। इस दौरान रोगियों से भेदभाव न करने संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पखवाड़े में स्वास्थ्य संस्थाओं में पीओडी शिविर, स्किन स्क्रीनिंग कैंप एवं कुष्ठ रोगियों के संपर्क में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। कुष्ठ रोग जांच एवं उपचार की सुविधा शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मरीजों को दैनिक क्रियाकलापों में परेशानी ना हो, इसके लिए विशेष रूप से बनी चप्पलें, ग्रिप ऐड बर्तन और सेल्फ केयर किट भी दी जा रही है। कुष्ठ संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर उसके श्वसन तंत्र से निकलने वाली पानी की बूंद में उपस्थित लेप्री बैक्टीरिया हवा के साथ मिलकर दूसरे व्यक्ति के शरीर में पहुंच जाता है।

# भाषाई समरसता, सांस्कृतिक विविधता का उत्सव बना मातृभाषा समारोह

**जागरण, भोपाल।** बीएचईएल दशहरा मैदान में शनिवार से प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय मातृभाषा समारोह भारतीय संस्कृति, भाषाई विविधता और राष्ट्रीय एकता का जीवंत उत्सव बनकर उभरा। शुभारंभ अवसर पर सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर अग्रवाल, संघ चालक सोमकांत उमालकर तथा प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया उपस्थित रहे। समारोह के मंच पर देशभक्ति गीतों, वंदे मातरम् पर आधारित समूह नृत्य, अयोध्या राम मंदिर की झांकी, चारों धाम और बारह च्योतिर्लिंग के दृश्य प्रस्तुतिकरण ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उड़िया, नेपाली, बांग्ला, पंजाबी, तमिल, मराठी, भोजपुरी सहित अनेक भाषाओं के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक एकता और भाषाई समरसता का जीवंत संदेश दिया।

कार्यक्रम में आचार्य पाणिग्रही चतुर्वेद संस्कृत वेद पाठशाला का प्राचीन भारतीय गुरुकुल परंपरा का सजीव प्रदर्शन हुआ। बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ और हवन कुंड में दी जा रही आहुतियों ने भारतीय संस्कृति, संस्कार और पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



### आस्था, संस्कृति और शौर्य का संगम

उत्तराखंड के स्टॉल पर केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। यहां दिवंगत जनरल बिपिन रावत और राष्ट्रकवि सुमित्रानंदन पंत सहित अन्य विभूतियों के जीवन और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया।

### मराठी समुदाय की गौरवशाली विरासत

मराठी समाज के स्टॉल पर भगवान गणेश और छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य झांकी, पारंपरिक वेशभूषा और ऐतिहासिक चित्रों के माध्यम से मराठी संस्कृति, स्वाभिमान और वीरता की गौरवशाली परंपरा को दर्शाया गया।

### भवन निर्माण में 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में भवन निर्माण के क्षेत्र में नवाचार के तहत 3डी प्रिंटिंग तकनीक को अपनाने की संभावनाओं के दृष्टिगत मंत्री राकेश सिंह नेतृत्व में मप्र भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक सिबी चक्रवर्ती सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने आईआईटी मद्रास का भ्रमण किया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा 3डी प्रिंटिंग से भवन निर्माण की कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया गया। आईआईटी मद्रास परिसर में 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्माणाधीन रेस्ट हाउस का अवलोकन भी किया गया। अधिकारियों ने मशीन की कार्यप्रणाली, निर्माण गति तथा अपनाई जा रही तकनीकी विधियों का सूक्ष्म अध्ययन किया। उक्त 3डी प्रिंटिंग तकनीक में प्रयुक्त सामग्री विशेष रूप से तैयार सीमेंट आधारित मिश्रण होती है, आवश्यकता अनुसार फाइबर आदि मिलाए जाते हैं, जिससे संरचना अधिक मज़बूत, टिकाऊ एवं एकरूप बनती है। प्रक्रिया भवन के कंप्यूटरीकृत डिजाइन पर आधारित होकर पूर्णतः डिजिटली संपादित होती है। इसमें सीमेंट आधारित मिश्रण का उपयोग किया जाकर रोबोटिक मशीन के माध्यम से नियंत्रित परिस्थितियों में सामग्री को क्रमिक रूप से डालते हुए दीवारों का निर्माण किया जाता है।

# आईएफएस मीट-2026 में जुटे प्रदेश के वन अधिकारी



**जागरण, भोपाल।** आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में शुक्रवार को आयोजित वानिकी सम्मेलन और आई.एफ.एस. मीट-2026 में प्रदेश के वन अधिकारी एकत्रित हुए। यह आयोजन सिर्फ पेशेवर अनुभव साझा करने का मंच नहीं था, बल्कि टीमबिल्डिंग और पारिवारिक जुड़ाव को भी मजबूत करने का अवसर बना। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग का नया आई.एफ.एस. थीम सॉन्ग और वीडियो लॉन्च किया गया। प्रदेश के पूर्व पीसीसीएफ डॉ. पी.बी. गंगोपाध्याय को वनों की सुरक्षा और संरक्षण में उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 दिया गया, जिसे उनकी पत्नी गौरी गंगोपाध्याय ने ग्रहण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीट को संबोधित करते हुए कहा कि वन्य जीव और मानव के बीच सह-अस्तित्व बनाने में वनकर्मियों की भूमिका बेहद अहम है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की वापसी, चंबल में घड़ियाल और नर्मदा में मगरमच्छों का स्वच्छंद विचरण इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी जंगलों के आसपास रहने वाले परिवारों के लिए मार्गदर्शक और सहयोगी की भूमिका निभाते हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी.एन. अंबाडे ने अविरल नर्मदा योजना के तहत 5000 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में पौधारोपण और नदी पुनर्भरण की जानकारी दी। रातापानी अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। आने वाले वर्षों में वन संरक्षण और पौधारोपण पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।



## स्वस्ति मेहुल की भक्ति गंगा में सराबोर हुआ लोकरंग समारोह का समापन

# 'पीर पराई जाणे रे' में बही भक्ति की अविरल धारा

**जागरण, भोपाल।** लोकरंग समारोह के समापन अवसर पर रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर भक्ति, संगीत और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रख्यात गायिका स्वस्ति मेहुल की सुमधुर और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित इस विशेष भक्ति संध्या पीर पराई जाणे रे ने दर्शकों को भावनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा पर ले गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यासी सचिव वीर भारत न्यास श्रीराम तिवारी, निदेशक जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी धर्मेन्द्र पारे, उप संचालक स्वराज संस्थान संतोष कुमार वर्मा एवं स्वस्ति मेहुल ने राष्टपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद स्वस्ति मेहुल ने गणेश वंदना और 'रघुपति राघव राजा राम' से प्रस्तुति की शुरुआत कर गांधीजी को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वस्ति ने 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी', 'श्याम आन बसो वृंदावन में', 'ऐ द्वारपालों', 'वैष्णव जन तो तेने कहिए', 'मीठे रस से भरयो', 'सिया राम जानकी' जैसे लोकप्रिय भजनों की भावप्रवण प्रस्तुतियां दीं। उनका गीत 'बेटियां' सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई। भक्ति, करुणा और प्रेम से ओत-प्रोत इन गीतों ने संपूर्ण परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

**मानव संग्रहालय में श्री अन्न उत्सव शुरू**

## फूड फेस्टिवल में मिला परंपरा, पोषण और नवाचार का स्वाद

**जागरण, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित श्री अन्न (मिलेट्स) आधारित पारंपरिक एवं नवाचारयुक्त खाद्य उत्पादों के भव्य उत्सव ने शहरवासियों को सेहत, स्वाद और संस्कृति के संगम से रूबरू कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्ष आशा कोलेकर तथा विशेष अतिथि न्यूट्रीशन विशेषज्ञ निधि पांडे रहीं। संग्रहालय के निदेशक अमिताभ पांडे ने भारतीय भोजन परंपरा में मिलेट्स को दैनिक आहार का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न राच्यों के स्टॉल्स पर ग्लूटेन-फ्री, हेल्दी और रेडी-टू-ईट उत्पादों को लोगों ने खूब सराहा।




### महिला उद्यमिता का सशक्त उदाहरण

इंदौर से आईं उद्यमी प्रशंसा कांबले ने अपने स्टॉल पर ग्लूटेन फ्री रागी इडली मिक्स, बाजरा खिचड़ी मिक्स, रोस्टेड मल्टीग्रेन स्नैक्स, खाखरा, चकली और मिलेट्स चॉकलेट जैसे उत्पादों को दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने बताया कि च्वार और बाजरा को पारंपरिक तरीके से तीन दिन तक भिगोकर, धीमी आंच पर रोस्ट किया जाता है, जिससे इनके पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। यह पहल खासतौर पर डायबिटीज और बीपी से पीड़ित लोगों के लिए उपयोगी मानी जा रही है।

### रेडी-टू-ईट मिलेट्स उत्पाद

युवा उद्यमी मोहित राजपूत ने अपने स्टॉल पर रागी चिप्स, मल्टीग्रेन कुकीज़, आमंड हार्ट्स, च्वार व कुट्टू से बने नूडल्स सहित कई रेडी-टू-ईट हेल्दी विकल्प पेश किए। उन्होंने बताया कि सभी उत्पाद बिना मैदा और रासायनिक प्रिजर्वेटिव्स के तैयार किए गए हैं तथा इनमें प्राकृतिक मसालों का उपयोग किया गया है। किफायती दाम और बेहतर स्वाद के चलते इनके स्टॉल पर दिनभर लोगों की खासी भीड़ रही।

## नगर में आज

**मातृभाषा समारोह**
- **स्थान:** भेल दशहरा मैदान, गोविन्दपुरा
- **समय:** सुबह 9 बजे से

**जश्ने उर्दू**
- **स्थान:** गोलघर, शाह्जहांनाबाद
- **समय:** शाम 4:30 बजे से

**आईएफएस मीट**
- **स्थान:** भारतीय वन प्रबंधन संस्थान
- **समय:** शाम 7:30 बजे से

**विज्ञान मॉडल्स प्रदर्शनी**
- **स्थान:** साइंस सेंटर
- **समय:** सुबह 10 से शाम 5 बजे तक

**मिलेट्स फूड फेस्टिवल**
- **स्थान:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में
- **समय:** 11 बजे से

# जिन इलाकों में ज्यादा रजिस्ट्री वहां फिर से बढ़ेंगे दाम, स्वस्थ निवेश के लिए अर्बन एक्सपर्ट से सर्वे कराए जाने की जरूरत

### बेतहाशा बढ़ोत्तरी: 25 साल में राजधानी में 650 फीसदी तक महंगी हुई जमीन, आम आदमी के लिए सपना हुआ मकान बनाना

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में इस बार भी बिना किसी सर्वे व अर्बन एक्सपर्ट की मदद लिए जमीन के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी किए जाने की तैयारी है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में बिना किसी बड़े औद्योगिक निवेश और बड़े विकास कार्यों के किए बगैर ही जमीन के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी की गई है, जिसके कारण एक ओर शहर में बेरोजगारी बड़ी है। दूसरी ओर जमीन के दाम महंगे होने से आम आदमी के लिए मकान बनाना मुश्किल हो गया है। 2010 से 2015 के बीच में ही जमीनों के दाम 250 से 615 फीसदी तक बढ़ा दिए गए थे। इसके बाद भी दामों में बढ़ोत्तरी का यह सिलसिला नहीं थमा।

पिछले 4 सालों में ही दाम चार से पांच गुना तक बढ़ गए हैं। अब एक बार फिर दाम बढ़ाने की तैयारी है। बता दें कि शहर के कुछ इलाकों में आम आदमी के लिए 1200 वर्गफीट का प्लॉट खरीदकर मकान बनाना सपना बनकर रह गया है। मध्यम वर्गीय परिवार को यदि मकान बनाना है, तो शहर में कुछ सीमित स्थानों पर ही जमीन के दाम कम हैं। अन्य जगहों पर बेतहाशा बढ़ोत्तरी जारी है। बता दें कि जिले में 2020 से अब तक सात से आठ फीसदी की औसत बढ़ोत्तरी की जाती रही है, पिछली बार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से ज्यादा रजिस्ट्री वाले स्थान चिन्हित



किए गए थे। वहीं ज्यादा दाम बढ़ाए गए थे। इस बार भी यही तरीका अपनाया जा रहा है। बता दें कि ज्यादा रजिस्ट्री वाले 1283 स्थान चिन्हित किए गए हैं।

> एआई की मदद लेने के बजाय प्रशासनिक अमले को पूरे शहर का एक्सपर्ट के माध्यम से सर्वे कराए जाने की जरूरत है, ताकि गाइड लाइन के दामों में आ रही विसंगतियों को दूर किया जा सके।
> ■ **कमल राठी,** अर्बन एक्सपर्ट

### इन इलाकों में बढ़ सकते हैं जमीनों के दाम

जिन इलाकों में जमीन के दाम में बढ़ोत्तरी की जाना है। उनमें लालघाटी चौराहे से आशाराम तिराहे तक मुख्य मार्ग की जमीन, लालघाटी चौराहे से संत हिरदाराम नगर मुख्य मार्ग, लालघाटी स्थित विजय नगर और आसपास का क्षेत्र, कोलार मेन रोड, विद्या नगर फेस-2, मनीषा मार्केट व्यावसायिक, शाहपुरा ए से सी सेक्टर, मिसरोद आकृति नींव, आकृति इको सिटी, बावड़िया कलां, रोहित नगर, कोरल कॉटेज, कोरल वुड्स, डीके कॉटेज, मैप्पल हाई स्ट्रीट, नारायण नगर, विद्या नगर, गुलमोहर और लाला लाजपत राय कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में जमीनों के दाम में बढ़ोत्तरी होना तय है।

### 1200 वर्ग फीट के प्लॉट की कीमत 78 लाख से ज्यादा

2022 से अब तक जमीनों के दाम में 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है। चार साल पहले इन इलाकों में जमीन के दाम 15 से 16 हजार रुपए वर्ग मीटर थे, जो अब 70 हजार रुपए वर्ग मीटर तक पहुंच गए हैं। यानि इन इलाकों में 1200 वर्ग फीट के प्लॉट की कीमत 78 लाख रुपए से ज्यादा है। जमीन की कीमत के अलावा अन्य खर्चे अलग से होंगे। बाजार में प्रॉपर्टी की कीमत कलेक्टर गाइड लाइन से दो गुना तक होती है। यानि प्रॉपर्टी कारोबारी गाइड लाइन की दर से अधिक कीमत का प्रस्ताव बनाकर प्रॉपर्टी बेचते हैं। ऐसे में इन इलाकों में आम आदमी के लिए मकान बनाना आसान नहीं होता है। एक औसत वेतन वाले व्यक्ति को मकान बनाने के लिए शहर के बाहर का रुख करना पड़ेगा।

**राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जमीन के प्रस्तावित दाम**

| स्थान | जमीन के दाम (प्रस्तावित) | 1200 वर्गफीट प्लॉट की कीमत |
|---|---|---|
| एरोसिटी (राजा भोज) | 20 हजार रु (प्रति वर्गमीटर) | 22.30 लाख रुपए |
| लालघाटी चौराहे से | 40 हजार रु (प्रति वर्गमीटर) | 44.60 लाख रुपए |
| एयरपोर्ट तिराहा | 75 हजार रु (प्रति वर्गमीटर) | 83.64 लाख रुपए |
| लालघाटी चौराहे से संतनगर | | |
| विजय नगर | 75 हजार रु (प्रति वर्गमीटर) | 83.64 लाख रुपए |
| कोलार मेन रोड | 78 हजार रु (प्रति वर्गमीटर) | 86.98 लाख रुपए |
| विद्या नगर फेस-2 | 85 हजार रु (प्रति वर्गमीटर) | 94.8 लाख रुपए |

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटोमोबाइल शॉप में आग से 7 कारें जलकर खाक



**जागरण, भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में जेल रोड स्थित महाकाल ऑटोमोबाइल शॉप में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि वहां खड़ी सात कारें कुछ ही मिनटों में धू-धू कर जल गईं। सभी कारें रिपेयरिंग के लिए शॉप पर खड़ी थीं। आग से करीब 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ट्रूबा कॉलेज के पास स्थित ऑटोमोबाइल शॉप की सिद्धार्थ मिश्रा की है। दुकान के अंदर पांच और बाहर दो कारें खड़ी थीं। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग लगी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी गई । इसके बाद गांधीनगर, छोला और बैरागढ़ फायर स्टेशन से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सभी कारें पूरी तरह जल चुकी थीं। आग की चपेट में कारों के साथ-साथ शॉप में रखा ऑटो पार्ट्स और अन्य सामान भी जल गया। सभी वाहन ग्राहकों के बताए जा रहे हैं। पुलिस आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### महिला के गले से 1.41 लाख का मंगलसूत्र चोरी

**जागरण, भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजार में सब्जी खरीदने पहुंची एक बुजुर्ग महिला के गले से चोरों ने मंगलसूत्र चोरी कर लिया। चोरी गए मंगलसूत्र की कीमत करीब 1 लाख 41 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 60 वर्षिय सुमित्रा पालीवाल पति राधेश्याम नेहरू नगर क्षेत्र में रहती हैं। बुधवार को वह कमला नगर स्थित साप्ताहिक हाट बाजार में सब्जी खरीदने गई थी। बाजार से लौटकर घर पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उनके गले से मंगलसूत्र गायब है। काफी तलाश करने के बाद भी जब मंगलसूत्र नहीं मिला तो उन्होंने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस बाजार क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है

# पीएम में देरी पर हमीदिया की मर्चुरी के बाहर हंगामा

### छह घंटे तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करने पर भड़के परिजन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में गुरुवार को एक बार फिर हंगामा हो गया। हंगामा कर रहे लोगों का आरोप था कि छह घंटे से शव के पोस्टमार्टम का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक पीएम नहीं किया गया है। अब मर्चुरी का स्टाफ बोल रहा है कि आपके शव का पीएम अगले दिन होगा। परिजनों का हंगामा देख वहां मौजूद पुलिस ने मामला शांत कराया और उसी दिन पीएम कराने की बात कही, तब जाकर परिजन शांत हुए। यह एक घटना नहीं है, इससे पहले भी हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी के बाहर हंगामा हो चुका है। दरअसल मर्चुरी में काम करने वाले स्टाफ की संख्या सीमित है और यहां व्यवस्थाएं भी बहुत कम व 50 साल पुरानी हैं। जबकि यहां पीएम के लिए पहुंचने वाले शवों की संख्या समय के साथ बढ़ती जा रही है। मर्चुरी की क्षमता हर दिन 6 पीएम करने की है और अब शव पहुंच रहे हैं 12 से ज्यादा।

**अस्पताल की बिल्डिंग तो बनी लेकिन मर्चुरी नहीं:** इन विवादों के पीछे 50 पुरानी मर्चुरी के साथ गांधी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही भी है। दरअसल, हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग के निर्माण के दौरान नई मर्चुरी के निर्माण का प्लान प्रबंधन बनाना भूल गया। बिल्डिंग बनने के बाद बेड बढ़ने पर पोस्टमार्टम की संख्या बढ़ चुकी है।

**अब तक कई बार बनी योजना**
- **2019** में मौजूदा मर्चुरी को तोड़कर कमला नेहरू अस्पताल के बेसमेंट में मर्चुरी बनाने की योजना तैयार की गई थी।
- **2022** में मौजूदा मर्चुरी को तोड़कर इसी जगह नई बहु मंजिला मर्चुरी बनाने का प्लान तैयार किया गया।
- **2023** में मर्चुरी को पुरानी बिल्डिंग के पास तैयार किए जाने का प्लान बनाया लेकिन यह भी कागजों में ही रह गया।
- **2025** मौजूदा मर्चुरी को ही अपग्रेड करने का विचार किया जा रहा है।

मौजूदा समय में यहां एक दिन में 6 पोस्टमार्टम करने की ही सुविधा है, लेकिन हर रोज 12 से 15 पोस्टमार्टम किए जा रहे हैं। ऐसे में कई बार यहां परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

> हंगामे की जानकारी मुझे नहीं है, लेकिन नई मर्चुरी के लिए बजट मिल चुका है। जल्द ही नई बिल्डिंग का काम शुरू कराएंगे।
> ■ **डॉ कविता एन सिंह,** डीन जीएमसी भोपाल

## शादी में जाते समय डिवाइडर से टकराई बाइक, दो की मौत


**जागरण, भोपाल।** ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को डिवाइडर से बाइक टकराने के बाद साले-बहनोई की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से शादी में शामिल होने जा रहे थे, तभी ईटखेड़ी चौराहे पर उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पहले साले की इलाज के दौरान मौत हुई थी, जबकि बहनोई ने शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रहीम पिता इब्राहीम (21) और नसीम पिता मुबीन (27) मूल रूप से नरसिंहपुर के रहने वाले थे और ऐशबाग स्थित बिस्मिल्लाह कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर दोनों मजदूरी कर रहे थे। करीब एक महीने पहले ही वे भोपाल आए थे। 24 जनवरी की रात दोनों बाइक से ईटखेड़ी स्थित परिचित के शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान ईटखेड़ी चौराहे पर उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 26 जनवरी को रहीम की मौत हो गई थी। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान नसीम ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने नसीम के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# एसआईआर : नई सूची में कट सकते हैं दो लाख 50 हजार से ज्यादा मतदाताओं के नाम

### पहले चरण में 4 लाख 38 हजार नाम काटे, जुड़वाने 1 लाख 16 हजार मतदाता पहुंचे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के दूसरे चरण का काम अब भी तेज गति से चल रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नई मतदाता सूची की जो तस्वीर सामने आई है। इसके तहत जिले में वोटर लिस्ट से ढ़ाई लाख मतदाताओं के नाम कटना तय है। एसआईआर के पहले चरण में 4.38 लाख नाम काटे गए थे तब अधिकारियों ने दावा किया था कि करीब दो लाख नाम वापस जोड़े जाएंगे। जिले में 14 फरवरी तक एसआईआर कार्यक्रम चलना है। यानि अगले 15 दिनों में मतदाताओं की संख्या में और अंतर देखने को मिल सकता है। बैठक के दौरान विशेष रोल पर्यवेक्षक एवं उद्योग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्ति सचिव श्रुति सिंह और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

**इस तरह बदल रहा वोटर लिस्ट का गणित :** एसआईआर कार्य के प्रथम चरण के दौरान 27 अक्टूबर 2025 को 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं के साथ वोटर लिस्ट फ्रीज हुई थी, लेकिन पहले चरण में जिले के 16 लाख 87 हजार 033 मतदाताओं के नाम का



मिलान ही 2003 की मतदाता सूची से हो सका था। इसके अलावा 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नो मैपिंग लिस्ट में डाल दिया गया था। इन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए मतदाता की जन्मतिथि के अनुसार दस्तावेज मांगे गए थे। वर्तमान में नो मैपिंग मतदाताओं में से 42 हजार की सुनवाई हो चुकी है। इनमें से 36 हजार के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। 6 हजार नामों की समीक्षा जारी है। बाकि 15 दिनों में 74 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई होना है। यानि करीब 80 हजार 925 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़ सकते हैं।

> एसआईआर के दौरान जिस भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से काट रहे हैं, उसका फिजिकल वेरिफिकेशन करवा रहे हैं। यानि गलती से किसी का भी नाम कटने की गुंजाइश नहीं है।
> ● **कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर

### इस तरह बदल रही भोपाल की वोटर लिस्ट

**एसआईआर प्रथम चरण**
- 27 अक्टूबर 2025 को मतदाताओं की संख्या : **21,25,908**
- एसआईआर के दौरान 2003 की मतदाता सूची से लिंक मतदाता की संख्या : **16,87,033**
- मतदाताओं की संख्या में आया अंतर : **4,38,875**

**एसआईआर द्वितीय चरण**
- 5 दिसंबर 2025 को मतदाताओं की संख्या : **16,87,033**
- नो मैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या : **1,16,925**
- अनुपस्थित, शिफ्ट या दोहरी प्रविष्टि मतदाता : **46,462**
- नो मैपिंग वाले मतदाता जिनकी सुनवाई हुई : **36 हजार**
- नई मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले मतदाता : **80,892**
- मतदाता सूची से नाम कटवाने वाला मतदाता : **10,143**
- वर्तमान में मतदाताओं की कुल संख्या : **17,93,782**

# शेयर मार्केट में निवेश कराने का झांसा देकर 9.91 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

### अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को बेचते थे आरोपी, 2 फोन और 2 सिम कार्ड जब्त

**जागरण, भोपाल।** भोपाल क्राइम ब्रांच ने शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर 9.91 लाख रुपए की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को बेचते थे, जिनका इस्तेमाल देश के अलग-अलग राज्यों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराने में किया जा रहा था। टीम ने आरोपियों को मंदसौर जिले के भावगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। दोनों को पूछताछ के बाद कोर्ट पेश किया है। मिसरोद निवासी सुनील वर्मा (परिवर्तित नाम) ने 4 सितंबर 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक फर्जी 'स्टॉक एप्लीकेशन' के जरिए शेयर मार्केट में निवेश कर कई गुना मुनाफा दिलाने का झांसा दिया गया। पुलिस ने खातों, मोबाइल नंबरों और व्हाट्सएप ग्रुप की जानकारी जुटाई। मंदसौर जिले के भावगढ़ तक सुराग मिले, जहां दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।





आरोपियों की पहचान गुलशेर खान (27) और रजनीश बारेठ (19) निवासी ग्राम भावगढ़, जिला मंदसौर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड जब्त किए हैं। इनके द्वारा बेचे गए खातों से देश के अन्य राज्यों में भी धोखाधड़ी की गई है। फिलहाल इनके अन्य साथियों की तलाश जारी है। आरोपी जरूरतमंद लोगों को नौकरी या व्यवसाय का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते थे और फिर इन खातों को साइबर ठगों को बेच देते थे।

### एडवाइजरी जारी


पुलिस ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर ज्यादा कमाई या आसान निवेश का लालच देने वालों से बचें। यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब या इंस्टाग्राम पेज लाइक करने के बदले पैसे देने वाली योजनाएं ठगी हो सकती हैं। ऑनलाइन वेबसाइट या ऐप पर दिखने वाला बैलेंस अक्सर फर्जी होता है। किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी, पिन या केवाईसी की जानकारी साझा न करें। अनजान लिंक या ऐप डाउनलोड करने से बचें और एनीडेस्क, टीमव्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप्स का दुरुपयोग होने की आशंका रहती है।




**काउंसलिंग** फैमिली कोर्ट में सालभर में 70 प्रतिशत मामले पहुंचे मेंटेनेंस से जुड़े, सिर्फ 12 प्रतिशत में समझौता

# बिखरते रिश्तों की गूंज, साथ नहीं रहना पर चाहिए मेंटेनेंस

**संजना मौर्या, भोपाल।** भोपाल फैमिली कोर्ट में इन दिनों बिखरते रिश्तों की कहानियां गूंज रही हैं। यहां हर दिन ऐसे मामले पहुंच रहे हैं, जिनमें पत्नियां अपने पति के साथ रहने को तैयार नहीं हैं, लेकिन गुजारा भत्ते (मेंटेनेंस) की मांग को लेकर अदालत से गुहार लगा रही हैं। फैमिली कोर्ट में सालभर में पहुंचने वाले कुल मामलों में करीब 70 प्रतिशत केस मेंटेनेंस से जुड़े होते हैं। पिछले साल 2025 में करीब 2400 मेंटेनेंस प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें से केवल 12 प्रतिशत मामलों में ही समझौता हो पाया है। हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार एक केस में चार बार काउंसलिंग कराई जानी चाहिए, लेकिन वर्तमान में अधिकतर मामलों में सिर्फ एक बार ही काउंसलिंग हो पा रही है। इससे दोनों पक्षों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती और समझौते की संभावना भी कम हो जाती है। हाल ही में कोर्ट में




सामने आए मामलों में एक पत्नी ने पति को इंट्रोवर्ट (अंतर्मुखी) बताकर तलाक ले लिया। अब महिला अपने पति से जीवन यापन के लिए खर्च मांग रही है। परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलर शैल अवस्थी ने बताया कि कुछ मामलों में महिलाएं पति के साथ में रहते हुए आर्थिक रूप से परेशान रहती हैं। पति उन्हें खर्च के लिए पैसे नहीं देते, ऐसे में वे कई बार मन मसोसकर रह जाती हैं। वहीं अधिकतर महिलाएं अभी भी स्वावलंबी नहीं हैं इसलिए वे पति से ही मेंटेनेंस की रकम चाहती हैं।

### केस-1 पति को इंट्रोवर्ट बताकर 7 माह में ही ले लिया तलाक

करोंद निवासी महिला एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में कार्यरत है। उसके पिता मिलिट्री में हैं। उसकी शादी 9 जुलाई 2024 को दिल्ली निवासी युवक से हुई थी, जो आईटी कंपनी में वर्क फ्रॉम होम करता है। 2 फरवरी 2025 को दोनों का तलाक हो गया। महिला का कहना है कि उसका पति घरेलू टाइप (इंट्रोवर्ट) है और किसी से भी मिलने जुलने और बाहर आने-जाने में झिझकता है। इतना ही नहीं वह उसके शौक भी पूरे नहीं कराता। पति ने भी इस कमी को स्वीकार किया। काउंसलिंग के दौरान जब उसे मनोचिकित्सकीय इलाज के लिए ले जाने की सलाह दी गई तो पत्नी ने कहा कि उसने समाज सुधार का ठेका नहीं ले रखा है।

### केस-2 डेंटिस्ट महिला का आरोप पति खर्च के लिए पैसे नहीं देता

बावड़िया कला निवासी डेंटिस्ट महिला मास्टर्स की पढ़ाई कर रही है। महिला की शादी 2022 में एक डेंटिस्ट से हुई थी। उसने पति के खिलाफ मेंटेनेंस का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पति पैसे नहीं देता और मारपीट करता है। वहीं पति का कहना है कि पत्नी उसे ब्लैकमेल कर उसके रिश्तेदारों और दोस्तों को फोन कर रुपए मांग कर मेकअप, ब्यूटी पार्लर और निजी खर्चों में उड़ा देती है। पति का दावा है कि वह पत्नी को हर माह 40 हजार रुपए घर खर्च के लिए देता है, जबकि उसकी आय करीब 80 हजार रुपए है। पत्नी ने तलाक के साथ मेंटेनेंस का केस दर्ज कराया है, जिस पर सुनवाई चल रही है।

### केस-3 मिलिट्री से रिटायर पति पर दर्ज कराया मामला

मिलिट्री से रिटायर पति के खिलाफ पत्नी ने गुजारे-भत्ते का प्रकरण दर्ज कराया है। पति का कहना है कि उसने पत्नी के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदी थी। पत्नी ने उसी संपत्ति पर लोन लेकर अपने भाई-बहनों की शादी करवा दी। जब वह रिटायरमेंट के बाद लौटा तो पत्नी ने उसके खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। फिलहाल यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है और दोनों की काउंसलिंग जारी है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## आर्थिक समीक्षा ने बजट से पहले उठाए बड़े सवाल

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हर साल संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा आमतौर पर इस बात का ब्योरा होती है कि पिछले बजट में देश की अर्थव्यवस्था और अन्य मोर्चे पर सुधार के लिए जो वादे किए गए थे, वे किस हद तक पूरे किए जा सके। यह इसका भी संकेत होता है कि अगले वित्त वर्ष में सरकार के आर्थिक फैसलों में किन मसलों को प्राथमिकता मिल सकती है। इस लिहाज से देखें, तो वित्त मंत्री ने जो आर्थिक समीक्षा पेश की है, वह देश की परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच उम्मीद जगाती है, लेकिन यह आने वाले वक्त के जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है।*

*समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.8 फीसद से 7.2 फीसद के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में कमी के कारण रुपए पर प्रतिकूल असर और बीते वर्ष भारतीय मुद्रा में कमजोरी के बावजूद यह अनुमान अर्थव्यवस्था में स्थिरता का संकेत देता है। हालांकि समीक्षा में विकसित भारत और वैश्विक प्रभाव का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से मजबूत और स्थिर मुद्रा को एक स्वाभाविक जरूरत बताने के समांतर रुपए के मूल्य में गिरावट को हानिकारक नहीं माना गया, क्योंकि यह भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में इजाफे के असर को कुछ हद तक कम करता है।*

*समीक्षा के मुताबिक, अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत को घरेलू वृद्धि को प्राथमिकता देने की जरूरत है और इसके लिए वित्तीय सुरक्षा उपायों और नकदी पर ज्यादा जोर देना चाहिए। आर्थिक समीक्षा में नवोन्मेष को कमजोर किए बिना दक्षता और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया गया है, जो निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को मजबूत करेगा। कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। इस बिंदु पर सर्वेक्षण में यह कहा गया है कि कृषि निर्यात में व्यापार नीति का उपयोग कीमतों और उत्पादन में अस्थिरता के बीच अल्पकालिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है। मगर बार-बार नीतिगत बदलाव आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं।*


*यह देखने की बात होगी कि समीक्षा में जाहिर इस चिंता के संदर्भ में बजट की क्या दिशा होती है। समीक्षा में अस्थायी कामगारों के लिए काम से जुड़ी शर्तें नए सिरे से तय करने के उद्देश्य से नीति लाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, नागरिकों की सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर अधिक वसा और चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की बढ़ती खपत पर और इसके विज्ञापनों पर चिंता जताई गई है।*

*सवाल है कि जिस दौर में मुफ्त सुविधाओं की घोषणा को चुनावी जीत का जरिया बनाने की प्रवृत्ति हावी हो रही हो, उसमें बजट में क्या कोई ऐसी घोषणा सामने आ सकती है, जो इस पर लगाम लगाए!*

मुक्त व्यापार समझौता

**विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच इतिहास का सबसे बड़ा व्यापार समझौता**

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए-भविष्य का रोडमैप



**पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है।

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा।

विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है।

भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी।



इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी।

यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है।

प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे।

मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

जब मैंने अंतरिक्ष से भारत को देखा तो सोचा ....

# यही है महान भारत, मेरा घर - सुनीता विलियम्स



**"अंतरिक्ष स्टेशन से हम जितनी बार भी भारत के ऊपर से गुजरे, हमने देखा शानदार हिमालय। खूबसूरत रंगों की वह लहर देख हम सभी मंत्रमुग्ध थे। मैंने सोचा यही है महान भारत। यही घर है मेरा।**

भारत अद्भुत देश है! अंतरिक्ष से देखने पर यह अद्भुत दिखता है। अमेरिकी अंतरिक्ष स्टेशन से हम जितनी बार भी हिमालय के ऊपर से गुजरे, तो मेरे साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने इसकी शानदार तस्वीरें लीं, जो बेहद अद्भुत हैं! अंतरिक्ष से दिखने वाले भारत के नजारे देखकर मैं मंत्रमुग्ध हो जाती हूं-पश्चिम में मछली पकड़ने वाले बेड़ों से लेकर उत्तर में शानदार हिमालय तक, यह मेरे लिए घर जैसा ही है। मैंने पहले भी हिमालय को एक लहर की तरह बताया है, जो साफ तौर पर तब बनी, जब प्लेटें टकराईं और फिर, जैसे-जैसे यह भारत में नीचे आती है, इसके कई-कई रंग होते हैं। मुझे लगता है कि जब आप पूरब से गुजरात और मुंबई की तरफ जाते हैं, और (आप) वहां तट के पास मछली पकड़ने वाले जहाजों का बेड़ा देखते हैं, तो यह आपको एक तरह से इशारा देता है कि हम भारत आ गए हैं। मुझे लगता है कि पूरे भारत को लेकर मेरी धारणा यह थी कि यह रोशनी का एक नेटवर्क है, जो बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक फैला हुआ है, और रात एवं दिन में भी देखने में बहुत शानदार लगता है, खासकर हिमालय की वजह से, जो भारत में नीचे की ओर जाते हुए सबसे आगे है।

मुझे खुशी है कि मुझे भारत यात्रा के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है, क्योंकि यह एक महान देश है और एक शानदार लोकतंत्र है। मेरे पिता भारत में पैदा हुए थे, इसलिए अपने 'पिता के देश' की यात्रा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं बहुत दिन से इस यात्रा की उम्मीद कर रही थी। भारत अंतरिक्ष में अपने अंतरिक्षयान भेजने वाले देशों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है और मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगी और भारत की मदद करना चाहूंगी। इस समय मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में अंतरिक्ष की होड़ चल रही है। लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं। हम चांद पर वापस जाना चाहते हैं, ताकि वहां काम करने के नियमों और तरीकों के बारे में बातचीत शुरू कर सकें, कि हम वास्तव में चांद पर कैसे काम करेंगे, खासतौर पर दूसरे देशों के साथ मिलकर। लेकिन यह भी सुनिश्चित करना है कि यह काम अंटार्कटिका की तरह ही उत्पादक और लोकतांत्रिक तरीके से हो। मेरा मतलब है, यह उसी तरह की चीज है।

मुझे लगता है कि जब आप अंतरिक्ष में जाते हैं, तो सबसे पहली चीजों में से एक जो आप करते हैं, वह यह कि हम सब अपना घर ढूंढना चाहते हैं, जैसे हमारा अपना घर। मैं मैसाचुसेट्स में पली-बढ़ी हूं। मेरे पिता भारत से हैं। मेरी मां स्लोवेनिया से हैं। इसलिए मैं जाहिर है कि उन जगहों को ढूंढ रही हूं, जिन्हें मैं अपना घर कह सकूं। मुझे लगता है कि हर कोई ऐसा करता है, या हो सकता है कि मैं गलत कह रही हूं। और यही आपका पहला मकसद है-इस ग्रह को एक ग्रह के तौर पर देखना। हमारा ग्रह जिंदा है। कुछ लोगों को लगता है कि वहां सिर्फ चट्टानें हैं। लेकिन यह हिल रहा है। मैं वे खास हलचलें तो नहीं देख पाई, लेकिन मैं वातावरण को देख सकती थी। मैं पारस्परिक क्रिया को देख सकती थी। मैं मौसम देख सकती थी। मैं समुद्र के रंगों में बदलाव देख सकती थी, जैसे कि शैवाल के खिलने से, या उत्तरी गोलार्ध में या अंटार्कटिका के पास बर्फ बनने को देख सकती थी। आप यह सब देख सकते हैं। हवा और पानी जुड़े हुए हैं। और फिर आप खुद अपने बारे में सोचते हैं। मेरे लिए, यह ऐसा था, ओह, हे भगवान, मैं जितने भी लोगों को जानती हूं, वे सब वहां हैं। हर जानवर, हर पौधा, हम जो कुछ भी जानते हैं, वे सब वहां है। और हम सब इस एक चीज पर हैं, जिसे वे हमारे सौर मंडल में एक छोटा-सा अंतरिक्षयान कहते हैं। यह हमारे बीच किसी भी तरह के मतभेदों के बारे में सोच को बदल देता है। यह सच में आपको ऐसा महसूस कराता है कि हम सब एक हैं, और हम सभी को शायद थोड़ा और करीब तथा मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि मुझे लगता है कि मेरी सबसे बड़ी धारणा यह है कि लोग अच्छे होते हैं। लोग भले होते हैं। लेकिन हम जिंदगी की उलझनों में कभी-कभी यह भूल जाते हैं। क्योंकि हम इस या उस बात पर, धर्म, राजनीति, वगैरह-वगैरह पर बहस करने लगते हैं। लेकिन हम सब इन्सान हैं और हम एक-दूसरे की परवाह करते हैं। यह अंतरिक्ष में मेरी सीखी हुई सबसे बड़ी सीखों में से एक है।

**(विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित)**

न्यूट्रीशन ट्रेंड

# ओट्स, ज्वार, रागी, बाजरा या गेंहू... आपके लिए कौन सा आटा सही है?

**कोई एक सबसे अच्छी रोटी नहीं होती। सही आटा आपकी पाचन शक्ति, सेहत, मौसम और जीवनशैली पर निर्भर करता है। ओट्स, ज्वार, बाजरा, रागी या बेसन तभी फायदेमंद हैं जब वे आपको एनर्जी दें और पेट को आराम पहुंचाएं।**

● खुशी छाबड़ा ●
न्यूट्रिशनिस्ट

आज किसी भी किराना स्टोर की शेल्फ देखें तो साफ दिखता है कि हमारी साधारण रोटी कितनी बदल चुकी है। ओट्स, मिलेट्स, सोया, मल्टीग्रेन, जौ जैसे अनगिनत विकल्प हैं और उतनी ही ज्यादा उलझन भी। कभी जो रोटी रोजमर्रा का भोजन थी, आज वह हेल्थ डिबेट बन गई है। सच्चाई सोशल मीडिया की सलाहों से कहीं आसान है। आटा या चावल का चुनाव ट्रेंड से ज्यादा इस बात पर होना चाहिए कि आपका शरीर क्या स्वीकार करता है। सही अनाजों का मिश्रण हो तो मल्टीग्रेन रोटी पोषण से भरपूर हो सकती है। इसमें फाइबर, बी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं। लेकिन कई मल्टीग्रेन आटे में गेहूं ज्यादा और दूसरे अनाज कम होते हैं, जो ग्लूटेन से परेशानी वालों के लिए सही नहीं। लेबल पढ़ना जरूरी है।



### ओट्स रोटी

ओट्स में घुलनशील फाइबर होता है, जो खून में शुगर के अवशोषण को धीमा करता है और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में मदद करता है। डायबिटीज और हार्ट पेशेंट्स के लिए यह फायदेमंद हो सकती है। लेकिन हर किसी की पाचन शक्ति के लिए ओट्स सही नहीं है। जिन लोगों को पेट फूलने, गैस या भारीपन की समस्या रहती है, उनके लिए ओट्स रोटी पेट में भारी पड़ सकती है।

### सोया रोटी

सोया प्रोटीन और आइसोफ्लेवोन्स से भरपूर होती है, इसलिए शाकाहारियों, जिम जाने वालों और प्रोटीन की कमी वालों को पसंद आती है। लेकिन सोया शरीर पर जैविक असर डालती है। थायरॉइड या हार्मोन से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों को इसे रोज बिना सलाह के नहीं लेना चाहिए। इसका इस्तेमाल सोच-समझकर करना बेहतर है।

### चावल के आटे की रोटी (अक्की रोटी)

यह ग्लूटेन-फ्री होती है और पचाने में हल्की होती है। कमजोर पाचन या बीमारी से उबरते समय इसे खाना आसान रहता है और तुरंत ऊर्जा देती है। लेकिन यह जल्दी पचती है और ब्लड शुगर तेजी से बढ़ा सकती है, इसलिए डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस वालों के लिए रोजाना सही नहीं है।

**ज्वार रोटी :** ज्वार में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स होते हैं। यह पेट को भरा रखती है, दिल की सेहत के लिए अच्छी है और ग्लूटेन सेंसिटिविटी वालों को भी सूट करती है। ज्यादातर लोगों के लिए यह रोज की रोटी बन सकती है। हालांकि जिनका पाचन बहुत धीमा है या जो कम पानी पीते हैं, उनमें ज्वार कब्ज बढ़ा सकती है।

**बाजरा रोटी :** बाजरा आयरन, जिंक और फाइबर से भरपूर होता है। परंपरागत रूप से इसे सर्दियों में खाया जाता रहा है। यह ऊर्जा, सहनशक्ति और वजन संतुलन में मदद करता है। लेकिन बाजरा शरीर में गर्मी बढ़ाता है, इसलिए एसिडिटी, आईबीएस या ज्यादा गर्म तासीर वाले लोगों को इससे दिक्कत हो सकती है।

**बेसन रोटी :** बेसन में प्रोटीन और फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर कंट्रोल और इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधारने में मदद करता है। डायबिटीज और पीसीओएस में इसे पसंद किया जाता है। लेकिन बेसन गैस बना सकता है, खासकर जब पाचन कमजोर हो। अगर खाने के बाद भारीपन या सूजन हो, तो इसे कभी-कभी ही लें।

गूगल फोटो एप में खास फीचर लॉन्च




# गूगल से सिर्फ बोल दें, आपकी फोटो एडिट कर देगा....

**"गूगल फोटो एप में भारत के लिए नए एआई एडिटिंग टूल्स लॉन्च हुए हैं। यूजर अब टेक्स्ट या वॉइस कमांड से फोटो सुधार सकते हैं। यह फीचर कई भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है और एंड्रायड फोन पर उपलब्ध है।**

गूगल ने भारतीय यूजर्स के लिए गूगल फोटो एप में खास फीचर जारी कर दिया है। इस फीचर की मदद से अब यूजर्स बोलकर या लिखकर फोटो को एडिट कर सकेंगे। गूगल ने एआई पावर्ड फोटो एडिटिंग फीचर्स रोलआउट करना शुरू कर दिया है, जिससे फोटो एडिट करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। अब यूजर्स को स्लाइडर या जटिल टूल्स में उलझने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि फोटो में बदलाव सिर्फ टेक्स्ट या आवाज के जरिए किया जा सकेगा। यह फीचर जेमिनी एआई पर आधारित है और ये हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली और गुजराती समेत कई भारतीय भाषाओं में काम करेंगे।

### नैनो बनाना से मिलेगा क्रिएटिव टच

गूगल फोटो में नैनो बनाना नाम का फीचर भी जोड़ा गया है, जिससे फोटो को नए अंदाज में बदला जा सकता है। यूजर किसी कमरे में फर्नीचर जोड़ने, फोटो का फ्रेम बढ़ाने, पुरानी तस्वीरों को रीस्टोर करने या लोगों और पालतू जानवरों को नए सीन में रखने जैसे बदलाव कर सकते हैं। यह फीचर उन लोगों के लिए खास है, जो फोटो को सिर्फ सुधारना नहीं बल्कि नया रूप देना चाहते हैं।

### अब शब्दों से बदलेगी आपकी फोटो

अब यूजर गूगल फोटोज से कह सकते हैं कि बैकग्राउंड ब्लर कर दो, विंडो की रिफ्लेक्शन हटा दो या फोटो की लाइटिंग बेहतर कर दो। एक ही कमांड में कई बदलाव भी किए जा सकते हैं, जैसे फोटो को सीधा करना, शैडो ठीक करना और रंगों को निखारना। इसका मकसद फोटो एडिटिंग को उन लोगों के लिए भी आसान बनाना है, जिन्हें प्रोफेशनल टूल्स की समझ नहीं होती।

### ये स्मार्ट बदलाव भी होंगे आसान

नए फीचर की खास बात यह है कि यह सिर्फ बैकग्राउंड तक सीमित नहीं है। यूज़र फोटो में मौजूद लोगों को लेकर भी बदलाव मांग सकते हैं, जैसे किसी दोस्त का चश्मा हटाना, आंखें खोलना या मुस्कान जोड़ना। गूगल का कहना है कि यह फीचर यूजर के प्राइवेट फेस ग्रुप्स की मदद से ज्यादा सटीक रिजल्ट देता है, खासकर ग्रुप फोटो में जहां छोटी डिटेल्स अक्सर छूट जाती हैं।

# क्यों घटती-बढ़ती है करंसी की वैल्यू?

नॉलेज



**"करंसी की वैल्यू का मतलब आम तौर पर एक मुद्रा की दूसरी मुद्रा के मुकाबले कीमत से होता है. जैसे आज 1 डॉलर = 92 रुपये है तो इसका अर्थ है कि 1 डॉलर खरीदने के लिए 92 रुपये देने पड़ते हैं. जब कहा जाता है कि रुपया मजबूत हुआ तो मतलब होता है कि कम रुपये देकर 1 डॉलर मिल रहा है (जैसे 92 से 90). और रुपया कमजोर हुआ का मतलब है ज्यादा रुपये देकर 1 डॉलर मिल रहा है (जैसे 92 से 94)।**

अक्सर खबरें आती हैं कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर हो गया। कभी सोचा है कि रुपया यानी भारतीय करंसी कैसे कमजोर हो जाती है। किसी भी देश की करंसी के मजबूत होने या कमजोर होने के पीछे कई कारण होते हैं। आसान भाषा में समझें ऐसा क्यों और कैसे होता है ।

### यूं ही नहीं बदलती वैल्यू

करंसी की वैल्यू एक बटन दबाने से नहीं बदलती। यह रोज़ाना की डिमांड एंड सप्लाई और देश की आर्थिक हालत, ब्याज दर, व्यापार, निवेश, भरोसे और नीतियों के मिलेजुले असर से बदलती है. जब किसी देश की मुद्रा की मांग बढ़ती है या उसकी सप्लाई घटती है, तो उसकी वैल्यू मजबूत होने लगती है। मांग बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं—देश में निवेश बढ़ना, निर्यात बढ़ना, ब्याज दर आकर्षक होना, महंगाई काबू में होना, या जोखिम कम लगना।

**निर्यात बढ़ना :** मान लें भारत की दवाइयां, आईटी सेवाएं या ऑटो पार्ट्स दुनिया में ज्यादा बिकने लगें। विदेश के खरीदार भुगतान करने के लिए रुपये की मांग बढ़ाते हैं या भारत की कंपनियों को डॉलर देते हैं, जिसे वे रुपये में बदलती हैं। इससे रुपये की मांग बढ़ती है और वह मजबूत हो सकता है।

**विदेशी निवेश का बढ़ना :** अगर विदेशी कंपनियां भारत में फैक्ट्री लगाएं या विदेशी फंड भारतीय शेयर/बॉन्ड में निवेश बढ़ाएं, तो उन्हें अपना डॉलर/यूरो रुपये में बदलना होगा। इससे बाजार में रुपये की मांग बढ़ती है और मुद्रा मजबूत हो सकती है।

**ब्याज दर बढ़ना और अंतर का फायदा :** यदि किसी देश की ब्याज दरें बाकी देशों की तुलना में आकर्षक हों, तो निवेशक वहां के बॉन्ड/डिपॉजिट में पैसा लगाना चाहेंगे। उन्हें उस देश की करंसी खरीदनी पड़ेगी। उदाहरण के तौर पर, अगर भारत में रिटर्न तुलनात्मक रूप से बेहतर दिखे, तो रुपये की मांग बढ़ सकती है और वैल्यू ऊपर जा सकती है।

**महंगाई काबू में आना :** जिस देश में महंगाई कम रहती है, वहां की मुद्रा की खरीदने की ताकत बेहतर रहती है। बाजार को लगता है कि यह मुद्रा समय के साथ ज्यादा स्थिर रहेगी। नतीजा, उस मुद्रा में भरोसा बढ़ता है, मांग बढ़ती है, और वैल्यू मजबूत हो सकती है।

**करंट अकाउंट/ट्रेड घाटा कम होना :** अगर देश का निर्यात बढ़ जाए, तो विदेशी मुद्रा पर निर्भरता कम होगी। इससे स्थानीय मुद्रा मजबूत हो सकती है। उदाहरण- तेल आयात बिल घटे, तो रुपये पर दबाव कम हो सकता है।

### डॉलर महंगा बनाम रुपया मजबूत

- अगर 1 डॉलर की कीमत 90 से 95 रुपया पर चली जाए, तो डॉलर महंगा हुआ और रुपया कमजोर हुआ।
- अगर 1 डॉलर की कीमत 90 से 85 पर आ जाए, तो डॉलर सस्ता हुआ और रुपया मजबूत हुआ।

### आम आदमी पर असर

**रुपया मजबूत-** आयात सस्ता (तेल, मोबाइल, विदेशी शिक्षा), विदेशी यात्रा सस्ती; लेकिन निर्यातकों की कमाई पर दबाव आ सकता है।

**रुपया कमजोर-** आयात महंगा (महंगाई बढ़ सकती है), विदेश पढ़ाई/यात्रा महंगी; लेकिन निर्यातकों को फायदा हो सकता है क्योंकि विदेश में उनके सामान की कीमत प्रतिस्पर्धी बनती है।

इस तरह हम समझ सकते हैं कि करंसी की वैल्यू कोई रहस्यमयी चीज नही। यह मुख्यतः डिमांड सप्लाई का खेल है, जिसे व्यापार, निवेश, ब्याज दर, महंगाई, और वैश्विक घटनाएं प्रभावित करती हैं। जब देश की अर्थव्यवस्था मजबूत दिखती है तो करंसी मजबूत होती है; और जब घाटे, महंगाई, अनिश्चितता बढ़े, तो करंसी दबाव में आ जाती है।

# विमानतल पर एंटी-हाइजैकिंग तैयारी विमानन सुरक्षा सुदृढ़ करने पर दिया जोर

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था अक्टूबर 2024 से ही जब से यहां 24 घंटे सेवाएं देना प्रारंभ हुआ है, के पहले से ही न केवल सीआइएसएफ के जवानों की संख्या बढ़ाकर 265 कर दी गई, बल्कि पूर्व में जहां इसकी कमान डिप्टी कमांडेट के हाथों में थी, वहीं अब यहां कमांडेंट भी पदस्थ कर दिए गए हैं, जिसके बाद किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए चौबीस घंटे सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रहती है बावजूद इसके एंटी हाइजैकिंग की कभी कोई अकस्मात घटना न होने पाए इसके लिए भी समय-समय पर गृह विभाग, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अलावा अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर चलाया जाता है, ताकि किसी भी कमी पेशी को तत्काल दुरूस्त किया जा सके। इसी तरह विगत दिनों राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल की द्विवार्षिक एरोड्रोम समिति की बैठक प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें एंटी-हाइजैकिंग तैयारी एवं विमानन सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में पुलिस आयुक्त, भोपाल सहित राज्य पुलिस, आईबी, सीआईएसएफ, एएआई, भारतीय सेना, वायुसेना, एयरलाइंस, बीडीडीएस, नगर निगम, राज्य प्रशासन एवं एनएसजी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## बैठक में लेजर बीम व ऊंची इमारतों पर भी हुई चर्चा



### डायरेक्टर ने दी जानकारी

एयरपोर्ट निदेशक रामजी अवस्थी ने एयरपोर्ट की वर्तमान स्थिति, हालिया उन्नयन एवं आगामी परियोजनाओं पर प्रस्तुति दी। सुरक्षा एवं आपात प्रतिक्रिया तंत्र, अंतर-एजेंसी समन्वय और अवसंरचना सुधार पर चर्चा की गई। रामजी अवस्थी ने यह भी बताया कि हर साल स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस पर विशेष सतर्कता बरती जाती है, दस दिन तक विजीटर का प्रवेश बंद कर दिया जाता है और संघन जांच की जाती है।

### त्वरित प्रतिक्रिया पर जोर

एंटी हाइजैकिंग की स्थिति में किस तरह से निपटा जा सकता है इसके लिए गृह सचिव ने न केवल जानकारी ली, बल्कि इस अवसर पर सचिव गृह ने सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ ही सतत सतर्कता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और मजबूत करने पर विशेष बल दिया और कहा कि अगर एंटी हाइजैकिंग जैसी घटना होती है, तो उसके लिए एयरपोर्ट के आसपास के पुलिस थानों, जिला पुलिस, कमिश्नर कार्यालय सहित गृह विभाग की क्या भूमिका रहे, इससे भी समय समय पर अवगत कराए जाते रहना चाहिए।

### आसपास की मांस की दुकानों पर रोक लगाने पर विचार

एंटी हाइजैकिंग के दौरान की स्थिति के अलावा एयरपोर्ट के आसपास ऊंची इमारतों, लेजर बीम एवं आसपास के इलाकों में मांस की दुकानों पर किस तरह से रोक लगाई जाए इस पर भी विचार-विमर्श किया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि बैठक में एयरपोर्ट के आसपास ऊंचाई प्रतिबंध, लेजर बीम की घटनाएं तथा विमानतल के आसपास गश्त एवं निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार कर सख्त प्रवर्तन एवं निगरानी पर बल दिया गया। यहां बता दें कि एयरपोर्ट के समीप ही गांधीनगर बहुत बड़ी बस्ती है और यहां मुख्य मार्ग पर ही अवैध रूप से मांस व मछली बेचने का काम होता है, जिसकी गंदगी लेकर चील व कौवे अक्सर आसमान में मंडराते रहते हैं, उस पर प्रभावी ढंग से रोक जरूरी है, इसके साथ ही आसपास होने वाली शादियों, मैरिज गार्डन में विवाह समारोह के दौरान लेजर बीम से भी विमानों के भटकने का भय बना रहता है, इसके लिए जिला प्रशासन से सख्त कदम उठाने को कहा गया इसी तरह मांस की अवैध दुकाने दूर ले जाने या हटाने के लिए नगर निगम के पाबंद किया गया। एयरपोर्ट के आसपास ऊंची बिल्डिंग की परमीशन नगर निगम न दे इसके लिए कमिश्नर से आग्रह किया जाएगा।

# मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

## वर्तमान सरकार मिटाना चाहती है महात्मा गांधी का नाम: अशोक



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** यूपीए सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर उसे जी रामजी किया है, इसका देशभर में कांग्रेस विरोध कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत धरना दिया जा रहा है। धरने पर बैठे ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षद अशोक मारन ने कहा कि जी रामजी के नाम से परिवर्तन की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महात्मा गांधी के विचारों को कुचलने का प्रयास किया है। सरकार ने 100 दिन की रोजगार की गारंटी दी थी, कांग्रेस की मांग है कि 165 दिन का रोजगार देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार उसकी गारंटी भी दे। गांधीनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू तोमर ने कहा कि गरीबों की हर सुविधा को खत्म करने पर सरकार तुली है, हम ऐसा नहीं होने देंगे और इसका विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर घनश्याम लालवानी, तेजा सिंह सोढ़ी, लीलाधर पवार, तुलसी जोतवानी, महेश गुरबानी, नरेश केवलानी, सुरेश वासवानी, मोहन चंदनानी, आत्माराम सूर्यवंशी, राज मनवानी आदि उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL**
**FIRE DEPARTMENT**

NO. 217/ F.D/BMC/2025-26 — **NOTICE INVITING TENDER** — BHOPAL DATED: 30.01.2026

Online Percentage rate Tender are inviting from the appropriate class of contractors registered in office of the Govt. of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for the following works so as to be submitted bid online. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates.

The Notice published on the above website can also be seen on website www.bhopalmunicipal.com
ONLINE T.NO. 2026_UAD 479276_1

| S. No. | Details of Work | Qty. | Estimated Cost | Earnest Money (EMD) | Cost of Tender Document | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | CONSTRUCTION OF FIRE SHADE (REPLACEMENT OF CHOLA FIRE STATION) AT BHANPUR | As per schedule | Rs. 25,59,433/- | Rs. 19,196/- | Rs. 5000/- | 04 Months. |

**Estimated cost does not include GST. GST as applicable on the date of payment will be paid separately.**
**General Terms and Conditions:**
1. Tender documents can be purchased only online from http://mptenders.gov.in by making online payment.
2. The bid data should be filled and the bid seals (hashes) of all the envelops and the documents which are to be uploaded by the bidders should be submitted online up to as per time schedule (Key dates).
3. The bidders shall have to submit their bids online.
4. Earnest money deposit on line in favor of the Commissioner Municipal Corporation Bhopal via payment gate-way of E-Tendering portal.
5. The rates quoted by Bidder shall be excluding GST.
6. The bidder shall have to submit:
   a. Valid GST registration certificate.
   b. Valid PWD Registration Certificate.
   c. Valid EPF Registration Certificate.
   d. Organizational details, as per enclosed Annexure - H

T.N. 3062/025/026

Executive Engineer
Municipal Corporation, Bhopal


## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**जागरण औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी में शुरू हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तहत शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। कलश यात्रा महावीर कॉलोनी से आरंभ हुई और मुख्य मार्ग से होती हुई श्रीराम मंदिर पहुंची, वहां पूजा-अर्चना के पश्चात वापस कथास्थल पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजन हवन के बाद कथा शुरू हुई।

## चार स्थाई और 6 गिरफ्तारी वारंटी दबोचे

**जागरण औबेदुल्लागंज।** एसडीओपी शीला सुराणा एवं थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना औबेदुल्लागंज पुलिस की 02 टीमें, चौकी भोजपुर एवं चौकी बरखेड़ा के फरार आरोपियों की पकड़-धकड़ के लिए रवाना की गई थी । कॉम्बिंग गश्त के दौरान कई सालों से फरार 04 स्थाई व 06 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

## 69वीं राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडीदीप के 11 खिलाड़ी चयनित

**मंडीदीप।** एक निजी विद्यालय के 11 खिलाड़ियों का चयन 69वीं राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 31 जनवरी तक महाराष्ट्र के नांदेड़ में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। नगर के चावरा विद्या भवन स्कूल में 21 से 25 जनवरी तक 14 वर्ष बालक-बालिका एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग का प्री-नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश की तीनों टीमों के कुल 45 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के बाद 36 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया, जिनमें से 11 खिलाड़ी चावरा स्कूल से हैं। 14 वर्ष बालक वर्ग में यश लोवंशी, यशराज, हिमांशु और ज्योतिराज चयनित हुए हैं। वहीं 14 वर्ष बालिका वर्ग में जिकरा सैयद, वैरी जानवी, परी, दिशा पटेल और नैंसी तिवारी ने टीम में स्थान बनाया है। 17 वर्ष बालिका वर्ग में परिधि मीना व अदिति परमार का चयन हुआ है।

## द चाइल्ड केयर एकेडमी हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**मंडीदीप।** द चाइल्ड केयर एकेडमी हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव जिंदगी के रंग 2026 का भव्य एवं रंगारंग आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यालय परिसर



में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की थीम जिंदगी के रंग को बच्चों ने अपने सशक्त मंचन और रंगीन प्रस्तुतियों से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। स्कूल संचालक अनंत मालवीय ने स्कूल प्रतिवेदन से विद्यालय की स्थापना के उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति के महत्व पर भी प्रकाश डाला।


**जाहिर सूचना**

**खसरा क्रमांक 32/1/1/1/2 स्थित भूमि ग्राम -कादराबाद, पटवारी हल्का कादराबाद, तहसील श्यामपुर, जिला सीहोर के संबंध में।**

मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री जगदीश सिंह आयु वयरक आत्मज श्री रघुवीर सिंह निवासी-ग्राम बिछिया, सीहोर व कृषक ग्राम कादराबाद, श्यामपुर, सीहोर (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि जो कि खसरा क्रमांक 32/1/1/1/2 पर कुल भूमि रकवा 0.6880 हेक्टर अर्थात 1.70 एकड़ भूमि जो कि ग्राम कादराबाद, पटवारी हल्का कादराबाद, तहसील श्यामपुर, जिला सीहोर में स्थित है। उक्त संपूर्ण वर्णित भूमि रकबा 0.6880 हेक्टर अर्थात 1.70 एकड़ को मेरे पक्षकार उपरोक्त विकेता/भूमि स्वामी से कय करने जा रहे हैं और इस बावत मेरे पक्षकार ने दिनांक 30/01/2026 को अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है इसलिये यदि उपरोक्त कय की जाने वाली भूमि संपूर्ण या उसके किसी हिस्सा भाग से किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय/विभाग, बैंक, वित्तीय संस्था, संस्था, व्यक्तिगत या अन्य किसी का किसी प्रकार का कोई हित, स्वत्व, संबंध या किसी प्रकार का कोई लेन-देन हो अथवा उक्त संपत्ति कहीं रहन, भार, सम्यक, बंधक आदि हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित दस्तावेज मेरे कार्यालय (नीचे लिखे पते पर) में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरे पक्षकार इस संपत्ति की शेष विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवाने के लिये स्वतंत्र होंगे। सर्वसाधारण को सूचित व ज्ञात हो।

**निहाल कुमार जादव** एडवोकेट
मुकेश इंटरप्राईजेस, तहसील कार्यालय के सामने, भोपाल मो. 8305502285, 7415119041



**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
वैध कॉलोनी प्रकोष्ठ, शाहपुरा
क्रमांक 1225/6/ कॉ.प्रको./2026 भोपाल दिनांक 28/01/2026

**|| सार्वजनिक विज्ञप्ति ||**

मध्यप्रदेश नगर पालिक (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13(2) के अंतर्गत

सर्वसाधारण जनता की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि मेसर्स सौम्या होम्स द्वारा श्री संजय कुमार सिन्हा द्वारा ग्राम अमरावद खुर्द स्थित भूमि खसरा क. 57/59/1/2 (S) कुल रकबा 0.809 हेक्टे. (8090.00 वर्गमीटर) में से 0.8088 हेक्टे. भूमि पर "प्लाटेड हाऊसिंग" के विकास पर भोपाल नगर पालिक निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में "Soumya Greenville Extn." निर्मित करने जा रहे है नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक-BPLLP04122558459 दिनांक 31/12/2025 में दर्शित भूखण्ड क्रं. 251 क्षेत्रफल - 80.65 व.मी., भूखण्ड क्रं.- 252 क्षेत्रफल 86.26 व.मी., भूखण्ड क्रं. 253 क्षेत्रफल- 86.25 व.मी., भूखण्ड क्रं.- 254 क्षेत्रफल 86.25 व.मी., भूखण्ड क्रं. 296 क्षेत्रफल- 92.60 व.मी., भूखण्ड क्रं.- 297 क्षेत्रफल- 223.07 व.मी., इस प्रकार कुल 06 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 655.08 व.मी. नगर निगम भोपाल के अधीन बंधक रखे गये है। जिसका ई-पंजीयन संख्या क्र.MP43IGR16962026A100100274 दिनांक 23/01/2026 देकर किया गया है, जिसमें 01 से 07 पृष्ठ समाविष्ट हैं। ये भूखण्ड/प्रकोष्ठ/दुकानें इस क्षेत्र की कॉलोनी का आंतरिक विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात् नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेंगे तथा इसी के पश्चात् इन भूखण्ड/प्रकोष्ठ/दुकानों का विक्रय किया जा सकेगा।

अत: सर्व साधारण इन भूखण्डों/प्रकोष्ठों/दुकानों के संबंध में न तो अनुबंध करें न ही किसी भी प्रकार के विक्रय, बंधक तथा अन्तरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी अत: सूचित हो।

सक्षम प्राधिकारी एवं नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, भोपाल



**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD
बैंक ऑफिस : सुरी आर्केड, 6ए एवं 6बी गोविंद गार्डन, बिजली नगर कालोनी के सामने, रायसेन रोड़ गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) फोन - 0755-4063110/ 9981950808

**परिशिष्ट-IV नियम 8 (1) भौतिक आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का अधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधरियों की ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था । ऋणी ग्रहित राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋणी ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋण ग्रहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सपंत्ति के साथ कोई भी व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग लि., भोपाल प्रभार के अधीन होगा ।

| क्रं. | खातेदार का नाम | संपत्ति विवरण | मांग सूचना/ कब्जा तिथि | उल्लेखित राशि मांग सूचना पत्र में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री उपमन्यु शुक्ला/ श्रीमती अर्चना शुक्ला फ्लैट नं.317, तृतीय तल, टाइप-ए-4, वसुंधरा बिल्डिंग, सुरेंद्र पैलेस, खसरा नं.2, गांव-अहमदपुर कलां, बरकतुल्ला भोपाल यूनिवर्सिटी के सामने, होशंगाबाद रोड, वार्ड नंबर-56, भोपाल लोन नं.121000003019 | फ्लैट नं. 317, तृतीय तल, टाइप-ए-4, वसुंधरा बिल्डिंग, सुरेंद्र पैलेस, खसरा नं.2, गांव - अहमदपुर कलां, बरकतुल्लाह भोपाल विश्वविद्यालय के सामने, होशंगाबाद रोड, वार्ड नं. 56, भोपाल, म. प्र., सीमाएँ: - पूर्व में -सड़क, पश्चिम में - फ्लैट नं.324, उत्तर में - फ्लैट नं.312, दक्षिण में फ्लैट नं. 318 और सीढ़ियाँ | 14/02/2022 / 27/01/2026 भौतिक आधिपत्य | ₹ 18,39,346.58 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च |
| 2 | श्री राहुल मेहरोत्रा/श्रीमती किरन मेहरोत्रा / श्रीमती प्रीति मेहरोत्रा मकान नंबर एम-10, साकेत नगर, सेक्टर-3ए, भोपाल (म.प्र.) लोन नं.120900004313 एवं 120900004314 | मकान एम.आई.जी.-10/3ए का भाग , जी1, जी4 और प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल, सेक्टर-3ए/जोन 3ए, साकेत नगर, भोपाल, म.प्र., सीमाएँ: - पूर्व में - प्लाट नं.-17, पश्चिम में - सड़क, उत्तर में - प्लाट नं.-11, दक्षिण में -प्लाट नं. -9 | 16/12/2023 / 27/01/2026 भौतिक आधिपत्य | ₹ 1,75,14,856.13 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च |

**वैधानिक सूचना:-** ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है । कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद बकाया ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्च सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी ।

दिनांक :31.01.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी


## राष्ट्रीय सिंधी कवि सम्मेलन आज

### देश के ख्याति प्राप्त कवि शामिल होंगे : शेवानी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संस्कृति संचालनालय के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी ने संत हिरदाराम नगर की अग्रणी सांस्कृतिक एवं साहित्यक संस्था वीना कला समिति के सहयोग से शनिवार को अभा सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया है। समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी ने बताया कि अमर बलिदानी हेमू कालाणी को समर्पित याद करो कुर्बाणी सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार शाम 5.30 बजे साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी सभागृह में किया गया है। इसमें देश के ख्याति प्राप्त कवि शामिल होंगे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्र. 09 वार्ड क्र. 69**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जोन कार्यालय क्रं. 09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन के आधार पर लीज राजस्व के प्रकरण में लीज नवीनीकरण किया जाना है । भूखण्ड क्रं 201 अशोक विहार कॉलोनी की उप नस्ती तैयार किया जाना है। यदि किसी को भी उप नस्ती के निर्माण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्रं .09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित समयवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

| क्र. | वार्ड क्र. | आवेदक का नाम | पूर्व स्वामी का नाम | भूखण्ड का पता | खाता नं./ सम्पत्तिकर आईडी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 69 | श्रीमती उषा श्रीवास्तव पत्नि श्री ओ.पी. श्रीवास्तव | श्रीमती उषा श्रीवास्तव पत्नि श्री ओ.पी. श्रीवास्तव | 201 अशोक विहार कॉलोनी | |

सू.क्र. 307/025/026

जोनल अधिकारी, जोन क्र. 09
नगर निगम भोपाल



केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**
Ref: CB/6816/13(2)/Vijay_Grain/35/2026 — Date: 29.01.2026

ऋणी: **मेसर्स विजय ग्रेन मर्चेंट प्रो. स्व. श्री कैलाश साहू के कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से**
पता: मकान नं. 40 वाटर टैंक के पास काजी कैंप बैरसिया रोड भोपाल, म.प्र., 462001
प्रोपराइटर के कानूनी उत्तराधिकारी
1.श्रीमती चंदा बाई पत्नि स्वर्गीय श्री कैलाश साहू।
2. श्री विजय साहू पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश साहू।
3. श्री अजय साहू पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश साहू।
4. श्री दिलीप साहू पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश साहू।
5. सुश्री अर्चना साहू पुत्री स्वर्गीय श्री कैलाश साहू एवं अन्य,
पता: मकान नंबर 43, गली नंबर 1, बेरासिया रोड, पी एंड टी कॉलोनी के सामने, काजी कैंप हुजूर, भोपाल, एमपी, 462001
महोदय/महोदया,

**विषय:** वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

अधोहस्ताक्षरी केनरा बैंक स्पेशलाइज्ड एआरएम शाखा के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (जिसे आगे अधिनियम कहा जायेगा) के अन्तर्गत आपको निम्नानुसार नोटिस जारी करता है।

केनरा बैंक के माध्यम से ऋणी- **मेसर्स विजय ग्रेन मर्चेंट प्रो. स्व. श्री कैलाश साहू के कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से** प्रोपराइटर के कानूनी उत्तराधिकारियों श्रीमती चंदा बाई पत्नि स्वर्गीय श्री कैलाश साहू, श्री विजय साहू पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश साहू, श्री अजय साहू पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश साहू, श्री दिलीप साहू पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश साहू, सुश्री अर्चना साहू पुत्री स्वर्गीय श्री कैलाश साहू एवं अन्य (जिन्हे ऋणी कहा जायेगा) द्वारा लोन / साख सुविधा प्राप्त की एवं वर्तमान दिनांक तक मांगी गई राशि इस प्रकार है:

| क्र. सं. | लोन खाता क्र. | लोन/सीमा का प्रकार | दिनांक 31.12.2025 को बकाया राशि मय ब्याज | ब्याज की दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2652285000004 | AL-OCC | Rs. 32,96,014.72 | 10.25% + 2% Penal intt. |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा दिनांक **06/07/2025** को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में वर्णित राशि रु. **32,96,014.72** (रु. बत्तीस लाख छियानवे हजार चौदह एवं पैसा बहत्तर मात्र) एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) (a) एवं (b) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि धारा 13(13) के संदर्भ में ऋणी/जमानतदार सुरक्षित लेनदार की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना यहां अनुसूची में वर्णित उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित नहीं करेगा। यह आपके ध्यान में लाया जाता है कि उक्त अधिनियम के तहत प्रदान किए गए इस वैधानिक निषेधाज्ञा / प्रतिबंध का कोई भी उल्लंघन एक अपराध है और यदि किसी भी कारण से, सुरक्षित संपत्ति बेची जाती है या व्यवसाय के सामान्य रुप से पट्टे पर दी जाती है, तो बिक्री आय या प्राप्त आय सुरक्षित ऋणदाता के पास जमा की जाएगी। इस संबंध में आपको ऐसी प्राप्ति/आय का उचित लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा। यह अधिनियम और/या लागू किसी अन्य कानून के तहत सुरक्षित ऋणदाता को उपलब्ध किसी भी अन्य विधिक अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है।

मांग सूचना की प्रति स्पीड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा चुकी है।

**यह मांग नोटिस दिनांक 28.07.2025 को जारी पूर्व मांग नोटिस को तकनीकी कारणों से रद्द करते हुए नए सिरे स्व. श्री कैलाश साहू प्रोपराइटर मेसर्स विजय ग्रेन मर्चेन्ट के कानूनी उत्तराधिकारियों को जारी किया गया है।**

**अनुसूची**

लीजहोल्ड कमर्शियल प्लॉट संख्या GBG 259, 'नवीन मंडी प्रांगण', ग्राम करोंद वार्ड संख्या 78, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित, कुल क्षेत्रफल-92.93 वर्ग मीटर, चर्तुसीमाएँ: (डीड के अनुसार)- पूर्वः प्लॉट संख्या GBG 252, पश्चिमः रोड, उत्तरः प्लॉट संख्या GBG 258, दक्षिणः प्लॉट संख्या GBG 260, शीर्षक धारक का नामः मेसर्स विजय ग्रेन मर्चेंट प्रोपराइटर – श्री कैलाश साहू

नोटिस दिनांक : 29/01/2026
स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक


## SUDOKU 134

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | 9 | 1 | 6 | | 7 | 2 | | |
| | | 7 | | | 8 | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 1 | | | 9 | | 3 | | | 7 |
| | | | | 1 | | | | 6 |
| | | | 8 | | | 5 | | |
| | | 5 | 3 | | 6 | 1 | 2 | |
| | | | | | | 7 | 6 | 9 |

## SOLUTIONS 133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** ऊर्जावान बने रहेंगे।लाइफ में नई चीजों को एक्सप्लोर करें। आर्थिक मामलों में धन का प्रबंधन होशियारी से करें। अगर जरूरत हो, तो एक्सपर्ट की सलाह लें।

**वृषभ :** आज का दिन शानदार रहेगा। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं।

**मिथुन :** निवेशों में आशाजनक रिटर्न नहीं मिल सकता है। फैमिली के साथ मौज-मस्ती भरे पलों को एंजॉय करेंगे। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आर्थिक मामलों में सावधानी से फैसले लें। अपने डाइट पर ध्यान दें। प्रोफेशनल लाइफ में धैर्य बनाए रखें और सफलता प्राप्त करने के लिए खूब मेहनत करें।

**सिंह :** आर्थिक स्थिरता लाने के लिए खर्चों में कमी रखें। अनुशासन में रहना लाभकारी साबित होगा। प्रोफेशनल लाइफ में कार्यों के मनचाहे परिणाम मिलेंगे।

**कन्या :** अपने डेली रूटीन में अच्छे बदलाव लाएं। बजट पर ध्यान दें और खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। घर में मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। धन का प्रबंधन होशियारी से करें। लंबे समय के बाद रिश्तेदारों से मुलाकात हो सकती है। मन भावुक रहेगा।

**धनु :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। निवेशों से अच्छा रिटर्न मिलेगा। यात्रा सावधानी से करें।

**मकर :** आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। ऑफिस में आपकी परफॉर्मेंस पहले से बेहतर होगी। कड़ी मेहनत का फल मिलेगा।


**कुंभ :** परिजनों के सेहत पर ध्यान दें। आर्थिक मामलों में नई रणनीति बनाएं। आय में वृद्धि के नए स्त्रोतों की तलाश करें।

**मीन :** चुनौतियों के बावजूद करियर में सफलता के नए मौके मिलेंगे। धन बचत की नई प्लानिंग करें। टीम वर्क से प्रोफेशनल लाइफ की चुनौतियां दूर होंगी।

**आज का पंचांग:** 31 जनवरी शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूवर्ज दिशा में रहेगा। **विशेष :** चतुर्दशी तिथि क्षय। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु माघ मास शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 08 घंटे 25 मिनट तक तत्पश्चात चतुर्दशी पुनर्वसु नक्षत्र तत्पश्चात पुष्य नक्षत्र विषकुंभ योग तत्पश्चात प्रीति योग मिथुन में चंद्रमा 20 घंटे 02 मिनट तक तत्पश्चात कर्क में। **राहुकाल :** सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.6 | 7.7 |
| मुंबई | 33.4 | 22.0 |
| चेन्नई | 33.6 | 16.5 |
| कोलकाता | 26.0 | 17.9 |

सूर्यास्त 6:06 PM
सूर्योदय 7:02 AM
चन्द्रोदय 3:22 AM
चन्द्रास्त 4:39 PM

# ढाबे में शराब पार्टी के बाद नाबालिग छात्रों ने छात्रावास में छात्राओं के साथ किया खूब डांस

## मऊगंज में वायरल वीडियो के बाद कलेक्टर ने प्रभारी अधीक्षक को थमाया नोटिस



**जागरण, मऊगंज।** सरकारी हॉस्टल के नाबालिग छात्रों ने पहले ढाबे पर शराब पार्टी की। इसके बाद वे छात्रावास लौटे और परिसर में ही डीजे पर लड़कियों के साथ घंटों नाच-गाना किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो 26 जनवरी का बताया जा रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति और शराब पार्टी करते एक लड़के के बीच बघेली बोली में बातचीत है। इसमें वह लड़का खुद को पिपराही के आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास में रहने वाला कक्षा 11वीं का छात्र बता रहा है। वह कह रहा है कि वॉर्डन अक्सर छात्रावास में मौजूद नहीं रहते, जिस कारण वे बाहर जाकर मस्ती करते हैं। वीडियो में दिख रहा ढाबा, छात्रावास के पास का ही है। उधर, छात्रावास अधीक्षक रामानुज यादव ने इन आरोपों को साजिश बताया है। वीडियो सामने आने के बाद मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन ने छात्रावास प्रभारी अधीक्षक रामानुज यादव को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। आदिम जाति कल्याण विभाग, मऊगंज के जिला संयोजक नीलकंठ मरकाम ने कहा- मामला सामने आते ही संज्ञान में लिया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक रामानुज यादव को जुलाई 2025 में वॉर्डन का चार्ज दिया था।

### आसपास हैं सरकारी छात्रावास

आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास, पिपराही में कुल 50 छात्र रहते हैं। इस हॉस्टल से करीब 200 मीटर की दूरी पर कन्या जूनियर और कन्या सीनियर छात्रावास हैं। गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों हॉस्टल की छात्राएं, बालक छात्रावास परिसर पहुंचीं। यहां उन्होंने लड़कों के साथ मिलकर डांस भी किया। कन्या जूनियर छात्रावास में कुल 26 जबकि कन्या सीनियर छात्रावास में करीब 50 छात्राएं हैं। बालक छात्रावास से करीब 300 मीटर की दूरी पर स्थित हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थी भी गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## केंद्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के कपड़े उतरवाने पर हंगामा




**जागरण, सिवनी।** केंद्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की टी शर्ट उतरवाने पर बवाल मच गया। प्रिंसिपल के इस फैसले का परिजनों ने विरोध दर्ज कराते हुए जमकर हंगामा किया और उन्होंने बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की। दरअसल, 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं 29 जनवरी को प्रैक्टिकल के बाद टी शर्ट पहनकर आए थे। जिसमें लड़का-लड़कियों, नेताओं के नाम, आई लव और दिल का मोनो सहित कई चीजें लिखी हुई थी। जिसे देखकर प्रिंसिपल दीपक नाराज हो गए और उन्होंने यूनिफार्म की गरिमा एवं स्कूल की धूमिल होती छवि का तर्क देते हुए बच्चों से पालकों को बुलाने के लिए कहते हुए उनकी टी शर्ट को उतरवा दी। इसकी खबर मिलते ही परिजन स्कूल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने टी शर्ट में जो लिखा है, उसमें कोई अपराध नहीं बनता है। उनका कहना है कि बच्चों के कपड़े उतरवाकर उन्हें मानसिक रूप प्रताड़ित किया गया है। उन्होंने प्रिंसिपल पर कार्रवाई की मांग की है।

# आज के बच्चे ही बनाएंगे कल का विकसित भारत : चौहान



**जागरण बुधनी।** यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि संस्कार, नवाचार और आधुनिक सोच का भी माध्यम बनेगा। आज के बच्चे ही आने वाले कल का विकसित भारत बनाएंगे। यह बात शुक्रवार को सांदीपनि विद्यालय शाहगंज के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रामकांत भार्गव ने की। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, अभिभावक, विद्यार्थी एवं नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिवराज ने सांदीपनि विद्यालय को क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया। मालूम हो कि सांदीपनि विद्यालय का निर्माण लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह विद्यालय रिकॉर्ड 20 महीनों में बनकर तैयार हुआ, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। श्री चौहान ने कहा कि इतनी कम अवधि में उच्च गुणवत्ता के साथ विद्यालय का निर्माण होना शासन-प्रशासन की प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। लोकार्पण के पश्चात अतिथियों ने विद्यालय के नवीन भवन का अवलोकन किया। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशालाएं, आधुनिक कंप्यूटर लैब, सुव्यवस्थित एवं स्मार्ट विद्यालय कक्षाएं, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं देखकर प्रसन्नता जाहिर की। श्री चौहान ने कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करती हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनेंगे, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से भी परिपूर्ण होंगे। यह विद्यालय विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक नया मुकाम साबित होगा।

# खाद लेने आए किसानों के बीच चले लात-घूंसे



**जागरण, रीवा।** प्रदेश में खाद को लेकर किसानों में आक्रोश दिख रहा है। यूरिया नहीं मिलने से उनके खेती से जुड़े कार्य पर भी असर पड़ रहा है। इस बीच रीवा के करहिया स्थित ग्राम पंचायत करहिया नंबर-एक में शुक्रवार को किसान आपस में भिड़ गए। खाद वितरण केंद्र में खाद को लेकर मारपीट से हड़कंप मच गया। इस दौरान उनके बीच जमकर लात-घूंसे चले। हालांकि बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई, लेकिन इस पूरे मामले का वीडियो सामने आने पर खाद की उपलब्धता के दावों पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। दरअसल, खाद के लिए टोकन व्यवस्था शुरू की गई है, जिस वजह से सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लग गई और पहले टोकन लेने को लेकर मारपीट की स्थिति बनी। खाद की सीमित उपलब्धता और अव्यवस्थित वितरण व्यवस्था से किसानों में नाराजगी बढ़ती चली गई। इंतजार के दौरान कुछ लोगों में आपस में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और मारपीट में तब्दील गई। किसानों ने समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराने का आरोप भी लगाया।

# यूट्यूब से सीखा नोट छापना, 100 का नकली नोट देकर खरीदते 20 का सामान, 3 गिरफ्तार



**जागरण, गुना।** जिले के आरोन कस्बे में नकली नोटों का कारोबार करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश हुआ है। नई मंडी के सामने एक पान की दुकान पर नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहे तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी विदिशा जिले के रहने वाले हैं, जिनके पास से पुलिस ने नकली नोट, मोबाइल और बाइक जब्त की है। ग्राम बीरा निवासी प्रदीप शिवहरे, जो आरोन में नई मंडी के सामने हाथ ठेले पर दुकान लगाते हैं, उनके पास बाइक सवार तीन युवक आए। इनमें से एक युवक माखन अहिरवार ने 20 रुपए की राजश्री पाउच खरीदी और बदले में 100 रुपए का नोट दिया। दुकानदार प्रदीप को नोट हाथ में लेते ही संदिग्ध लगा। इसके बाद जब उन्होंने बारीकी से नोट चेक किया तो उसमें गांधीजी का उभरा हुआ चित्र और वाटरमार्क गायब थे। संदेह होने पर दुकानदार ने युवक को पकड़ लिया और शोर मचा दिया, जिसके बाद आसपास के लोगों ने बाइक के पास खड़े उसके दो अन्य साथियों को भी दबोच लिया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मुख्य आरोपी ने बताया कि उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर नकली नोट बनाने का तरीका सीखा था। इसके लिए उसने बाजार से एक प्रिंटर खरीदा और खास तौर पर 100 ग्राम का पेपर लाकर उस पर नोटों की छपाई शुरू की। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**कार्यालय कलेक्टर ( खनिज शाखा ) जिला भोपाल**

क्रमांक/ /खनिज/2026 भोपाल, दिनांक / /2026

**सूचना**

( म.प्र. गौण खनिज नियम-1996 के नियम- 18-क )

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल प्रीतमानी आ. श्री दिलीप कुमार प्रीतमानी निवासी म.न. 94 पंचवटी कालोनी, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा गौण खनिज नियम 1996 के नियम- 18 - क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नवकरण आवेदन पत्र क्र. 482 दिनांक 01.12.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | शाहपुर | 110 | 1.000 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया द्वारा गिट्टी निर्माण हेतु पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु) | पूर्व अवधि 04.12.2016 से 03.12.2026 |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
( खनिज )
जिला भोपाल, म.प्र.

जी-25037/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

# इंदौर में वृद्ध ने तोड़ा दम, दूषित पानी से मौत का आंकड़ा 31

**जागरण, इंदौर।** शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैली बीमारी के कारण शुक्रवार को एक और मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान 72 साल के एकनाथ सूर्यवंशी के रूप में हुई है। अब तक कुल 31 लोगों की जान जा चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बॉम्बे हॉस्पिटल में मरीजों से मिलने पहुंचे थे तब उन्होंने उनके बेटे से हाल पूछा था। एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें 3 जनवरी 2026 को बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया। यहां 4 जनवरी को उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया, उनका इलाज करीब 30 दिनों तक चला, जिसमें वे 25 दिन से अधिक समय तक वेंटिलेटर पर रहे। गुरुवार शाम को परिजन अपनी सहमति से उन्हें डिस्चार्ज कराकर घर ले गए थे, जहां उनकी मौत हो गई।

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.) Block No. 3
3rd Floor, Shakti Bhawan, MPPTCL, Jabalpur-482008

**TENDER NOTICE**

An online tender is invited for Replacement of 636 No. single suspension/ tension fitting to double suspension/tension fitting on various 05 No. 220/132kV EHV lines and 5364 No. jumper cone tightening work on various 21 No. EHV lines passing through the Simhasth Mela Area under shutdown condition of lines vide NIT No. CE(EHT-Maint.)/E-tender/MT-282/1401 dtd.: 30.01.2026 (ID:_2026_MPPTC_478862_1).
Tender fee – 1770/- and due date of opening of bid -04.03.2026 For Tender notice and details please visit **www.mptenders.gov.in**, एवं **www.mptransco.in**

M.P.M./124220/2026 //विद्युत की बचत कीजिये// CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.)

Notice Inviting Tender (NIT)
Directorate of Urban Administration & Development, M.P.
Palika Bhawan, 6 No. Locality, Shivaji Nagar, Bhopal, Pin - 462016
Tel: 0755-2575491, E-mail: firecell@mpurban.gov.in

No.: 1456-1459 Dated: 19/01/2026

**-: e-Tender Notice: -**

Tenders are invited by The Commissioner, Directorate of Urban Administration & Development, M.P., Bhopal for the following items: -

| # | Tender ID | Item Name | Quantity | Required EMD | Tender Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_476890_1 | RFP for Procurement of Advance Multi-Purpose Fire Tenders | 22 | INR 52,00,000/- | INR 30,000/- |
| 2 | 2026_UAD_476901_1 | RFP for Procurement of Mini Water Tender with Mist Technology | 111 | INR 53,30,000/- | INR 30,000/- |
| 3 | 2026_UAD_476906_1 | RFP for Procurement of Water Bowser | 21 | INR 53,60,000/- | INR 30,000/- |

a. Cost of tender document (Tender fee) is non-refundable and cannot be exempted in any condition. Tender fee should be deposited online on the MP Tenders website.
b. The tender should be submitted online on MP Tenders website https://mptenders.gov.in in favour of The Commissioner, Directorate of Urban Administration & Development, M.P. Bhopal within scheduled date and time.
c. Schedule:

| # | Event | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Bid Document Download/Sale Start Date | 20/01/2026 from 10:00 Hrs. |
| 2. | Pre-Bid Queries Submission Start Date | 20/01/2026 from 11:00 Hrs. |
| 3. | Pre-Bid Queries Submission End Date | 25/01/2026 till 17:00 Hrs. |
| 4. | Pre-Bid Meeting-1 Date | 27/01/2026 at 12:00 Hrs. |
| 5. | Pre-Bid Meeting-2 Date | 09/02/2026 at 12:00 Hrs. |
| 6. | Pre-Bid Queries Response Date | 13/02/2026 up to 17:00 Hrs. |
| 7. | Bid Submission Start Date | 13/02/2026 from 18:00 Hrs. |
| 8. | Bid Submission End Date | 09/03/2026 till 17:00 Hrs. |
| 9. | Bid (P.Q.) Opening Date | 10/03/2026 at 17:30 Hrs. |
| 10. | Financial Bid Opening Date | To be declared later. |

जी-25031/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

Addl. Commissioner
Directorate, UAD, M.P.

## बिजनेस प्लस

# उप्र की झांकी को मिला पॉपुलर च्वॉइस कैटेगरी में द्वितीय पुरस्कार



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के ट्रैक पर तेजी से दौड़ रहे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में यूपी की झांकी को लोकप्रियता श्रेणी (पॉपुलर च्वॉइस कैटेगरी) में दूसरा पुरस्कार मिला है। समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित उत्तर प्रदेश ने इस बार झांकी में बुंदेलखण्ड की संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश की झलक भी दिखाई थी। शुक्रवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र को भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस परेड में 17 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के साथ ही 13 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 30 झांकियां शामिल थी। इसमें पॉपुलर च्वॉइस कैटिगरी के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

## तथागत साहित्य सम्मान' से किया सम्मानित




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के साहित्य अकादेमी सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में केरल के वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार ए. अरविंदाक्षन और अरुणाचल प्रदेश की युवा कवयित्री जमुना बीनी को 'तथागत साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया। शुभारंभ महाकवि निराला की सरस्वती वंदना पर आधारित कथक प्रस्तुति से हुआ। तथागत ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. एनपी सिंह (पूर्व आईएएस) ने ट्रस्ट की परिकल्पना, सामाजिक-शैक्षणिक कार्यों और उत्तर-दक्षिण भारत के बीच भाषा-संस्कृति संवाद के लक्ष्य को रेखांकित किया। यह सम्मान प्रख्यात साहित्यकार रामदरश मिश्र की स्मृति में प्रदान किया गया।

**कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें दुग्ध संपदा भदभदा भोपाल (म.प्र.)**
Phone: 0755-2696827, email:- ddvsdairyestate@yahoo.co.in

क्रमांक 25 **निविदा सूचना** दिनांक 02-01-2026

संचालनालय पशुपालन मध्यप्रदेश की ओर से शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, दुग्ध संपदा, भदभदा, भोपाल पर गेंहूँ भूसा प्रदाय हेतु e-procurement प्रणाली Portal http\\mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | विवरण | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारंभिक दिनांक | निविदा राशि रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| N.I.T/JD VSDAIRY/ 02/2026 | शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा भोपाल पर गेहूं भूसा प्रदाय, परिवहन, तथा गोदाम में भण्डारण हेतु निविदा आमंत्रण **प्रथम चरण:- 4000 क्वि. ( 1 अप्रेल 2026 से अगस्त 2026 ) द्वितीय चरण:- 1500 क्वि. ( 01 सितंबर 2026 से मार्च 2027 )** | 29.01.2026 | 2000 + (प्रोसेसिंग फीस) | रूपये **1,50,000 ( रु. एक लाख पचास हजार मात्र )** किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ. डी. आर. जिसकी वैधता दिनांक 31.03.2027 तक होना अनिवार्य है। धरोहर राशि ऑनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है। | 17.02.2026 शाम 6:00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र उक्त वर्णित वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा का अनुमानित मूल्य रु. 50 लाख मात्र है।
4. निविदा में संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

( डॉ. गगन सक्सेना )
संयुक्त संचालक,
पशु चिकित्सा सेवाएं

जी-25050/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

**कार्यालय कलेक्टर ( खनिज शाखा ) जिला भोपाल**

क्रमांक/ /खनिज/2026 भोपाल, दिनांक / /2026

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेसर्स ई.डी.बी. लिमिटेड (कंपनी) पता सैफ काम्पलेक्स प्लाट नंबर - 152 जोन-1 एम.पी.नगर भोपाल द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 09.01.2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त क्षेत्र पर प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस तक की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | बैरसिया | कोल्हूखेड़ी कला | 41/1/1/6, 41/1/1/4 | भाग रकबा 4.000 हे. | शासकीय | पत्थर (यांत्रिकी क्रिया द्वारा गिटटी निर्माण) एवं मुरूम | भाग रकबा 4.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
( खनिज )
जिला भोपाल

जी-25035/25 स्वच्छता ही सेवा है

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा**
**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 09/2025-26**

क्रमांक 195/ग्रा.यां.से./2026 रीवा, दिनांक 21/01/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover - 3 (तीन लिफाफा पद्धति) राशि रु. 1.00 से अधिक एवं Cover -2 (दो लिफाफा पद्धति) राशि रु. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निम्नलिखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी. नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यों की संख्या | निर्माण कार्यों की अनुमानित लागत ( लाख ) | एस.ओ.आर./ आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगरौली | 2026_RES_477333 | पर्यावरण विकास कार्य स्टेप रैलिंग एवं पाइप लाईन पिपराझापी पहाड़ से देवी मंदिर तक ग्राम पंचायत पिपराझापी। | 01 | 59.04 | 11.04.2022 प्रथम |
| 2 | सतना | 2026_RES_477335 | कन्या शिक्षा परिसर सोहावल ज. पं. सोहावल जिला सतना। | 01 | 35.31 | 11.04.2022 प्रथम |
| 3 | सिंगरौली | 2026_RES_477337 | जनजातीय बालक आश्रम देवसर में 400 मी. बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य ग्राम पंचायत नौढ़िया। | 01 | 37.81 | 11.04.2022 प्रथम |
| 4 | सिंगरौली | 2026_RES_477338 | जनजातीय कन्या आश्रम बरका में 400 मी. बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य ग्राम पंचायत बरका। | 01 | 37.81 | 11.04.2022 प्रथम |
| 5 | क्र. 01 रीवा | 2026_RES_477339 | नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण जनपद गंगेव जिला रीवा। | 01 | 425.00 | 11.04.2022 द्वितीय |
| | | | कुल योग:- | | 594.97 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का **दिनांक 23.01.2026** से प्रारंभ होकर **दिनांक 12.02.2026** समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी । संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा ।

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

जी-25060/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

82,269

-296

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Nestle | 1,339.60 | 3.46% |
| TATA Cons. Prod | 1,138.90 | 2.41% |
| Apollo Hospital | 6,974.50 | 2.35% |
| M&M | 3,452.40 | 1.40% |
| ITC | 325.15 | 1.11% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Hindalco | 1,000.00 | -6.00% |
| Tata Steel | 199.00 | -4.54% |
| coal India | 453.95 | -3.29% |
| ONGC | 276.50 | -2.33% |
| ICICI Bank | 1,381.90 | -2.07% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 91.980 |
| € यूरो | 109.54 |
| ¥ येन | 0.5965 |
| £ पौंड | 126.34 |

# बैंक में पैसे जमा करने से बच रहे लोग, सर्वे में बदलते पैटर्न का जिक्र



**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में कुछ ऐसे आंकड़े पेश किए गए हैं जो लोगों के बदलते मिजाज को दिखाते है। इसके अनुसार भारतीय परिवारों की वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा लगातार कम होता जा रहा है। एक जमाना था जब लोग फ्यूचर सिक्योर करने और ब्याज के लिए अपनी बचत को बैंक में जमा कर देते थे लेकिन अब इसका पैटर्न बदल गया है। दरअसल, संसद में पेश किए गए 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में कुछ ऐसे आंकड़े पेश किए गए हैं जो लोगों के बदलते मिजाज को दिखाते है। इसके अनुसार भारतीय परिवारों की वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा लगातार कम होता जा रहा है। इसके उलट, म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश बढ़ता जा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पैटर्न निवेश में बदलाव के बजाय पोर्टफोलियो विविधीकरण का संकेत देता है, जिसमें परिवार पारंपरिक साधनों से पूरी तरह से दूर होने के बजाय मौजूदा बचत में इक्विटी निवेश बढ़ा रहे हैं। अहम है कि ये आंकड़े ऐसे समय में सामने आए हैं जब अमेरिकी टैरिफ लागू होने, उम्मीद से कम कॉर्पोरेट आय और लगातार विदेशी पूंजी के निकास के कारण भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन पिछले एक साल में कमजोर रहा है।

### 35 फीसदी रहा बैंक जमा का हिस्सा

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा मात्र 35 फीसदी रह गया है, जो वित्त वर्ष 2012 के 58 फीसदी से काफी कम है। हालांकि, इस गिरावट की भरपाई काफी हद तक म्यूचुअल फंड और शेयरों में निवेश में वृद्धि से हुई है, जिनका संयुक्त हिस्सा इसी अवधि में 1.8 फीसदी से बढ़कर 15.2 फीसदी हो गया है। सर्वेक्षण में आगे कहा गया है कि यह बदलाव व्यवस्थित निवेश योजनाओं में योगदान में लगातार वृद्धि के साथ हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि औसत मासिक एसआईपी फ्लो सात गुना बढ़ गया है।

### डीमैट अकाउंट की संख्या में उछाल

सर्वेक्षण में बताया गया है कि वित्त वर्ष 26 के दौरान 2.35 करोड़ नये डीमैट खाते जोड़े गए, जिससे कुल डीमैट खातों की संख्या 21.6 करोड़ से अधिक हो गई। महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि सितंबर 25 में यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या 12 करोड़ आंकड़े को पार कर गई, जिनमें लगभग एक-चौथाई महिलाएं थीं। वहीं, म्युचुअल फंड उद्योग का भी विस्तार हुआ है, जिसमें दिसंबर 25 के अंत तक 5.9 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर थे। इनमें से 3.5 करोड़ निवेशक गैर-टियर-1 और टियर-2 शहरों से थे, जो पारंपरिक शहरी केंद्रों के अतिरिक्त वित्तीय भागीदारी के विस्तार की ओर दिखाता करता है।

## भारत-चिली एफटीए जल्द होगा पूरा

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चिली के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत जल्द ही संपन्न हो जाएगी। इस समझौते से घरेलू व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच आसान हो जाएगी। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के पास लिथियम, तांबा, रेनियम, मोलिब्डेनम और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों का विशाल भंडार है। ये इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और सौर ऊर्जा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। ग्रेटर नोएडा में भारतीय सनदी लेखागार संस्थान के एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि हम कई विकसित देशों के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। हम जल्द ही चिली के साथ एफटीए को अंतिम रूप देंगे। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण खनिजों के रास्ते खोल देगा। भारत और चिली ने 2006 में एक तरजीही व्यापार समझौते को लागू किया था और अब इसे एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते में बदलने के लिए बातचीत कर रहे हैं। इस नए समझौते का उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई और महत्वपूर्ण खनिजों सहित विभिन्न क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करना है। भारत और चिली के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी मध्यम स्तर पर है।

# एनएसई को 10 साल बाद सेबी से आईपीओ की मंजूरी

### 1,400 करोड़ सेटलमेंट के बाद पेपर फाइल करेगी



**मुंबई, जेएनएन।** दस साल की कानूनी लड़ाई के बाद देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज हस्थ को आईपीओ लाने का क्लियरेंस मिल गया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने आईपीओ फाइल करने के लिए एनओसी जारी कर दी है। अब एनएसई आधिकारिक तौर पर मर्चेंट बैंकर और लॉ फर्म्स के साथ मिलकर अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस तैयार कर सकेगी। 8-9 महीने में एनएसई का आईपीओ लॉन्च हो सकता है।

**लंबे समय से अटका था आईपीओ:** एनएसई ने पहली बार 2016 में आईपीओ के लिए डीआरपीएच फाइल किया था, लेकिन रेगुलेटरी और लीगल मुद्दों की वजह से वापस लेना पड़ा था। उसके बाद से को-लोकेशन और डार्क फाइबर जैसे मामलों में जांच चल रही थी, जिसने आईपीओ को रोक रखा था। एनसएसई ने जून 2025 में सेबी के सामने सेटलमेंट एप्लीकेशन दाखिल की थी और करीब 1,400 करोड़ रुपए सेटलमेंट अमाउंट देने को तैयार हो गई है।

# पेटीएम का मुनाफा तीसरी तिमाही में 225 करोड़ रहा, 3 प्रतिशत गिरा



**मुंबई, जेएनएन।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर बढ़कर 225 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 208 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। कंपनी का रेवेन्यू भी सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 2,194 करोड़ पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 1,828 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि, इन मजबूत नतीजों के बावजूद शेयर बाजार में कंपनी के प्रति सेंटीमेंट थोड़ा कमजोर दिखा और आज इसके शेयर करीब 3 फीसदी तक फिसल गए। पेटीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की ऑपरेशनल इनकम में अच्छी ग्रोथ रही है। कंपनी का कहना है कि पेमेंट बिजनेस और फाइनेंशियल सर्विसेज के विस्तार के कारण रेवेन्यू में यह बढ़त देखने को मिली है।

### पेटीएम का शेयर 1130 पर बंद हुआ

पेटीएम का शेयर आज 3.26 फीसदी की गिरावट के साथ 1,130 के स्तर पर बंद हुआ। बीते 5 दिन में यह 13.30 फीसदी और इस साल अब तक 12 फीसदी गिरा है। पिछले एक महीने में पेटीएम का शेयर 13 फीसदी गिरा है। वहीं कंपनी के शेयर ने 6 महीने में 6 फीसदी और एक साल में 46 फीसदी का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 72.53 हजार करोड़ रुपए है।

**कुल ट्रांजैक्शन की वैल्यू 40 फीसदी बढ़ी:** कंपनी के लिए सबसे राहत की बात इसका प्लेटफॉर्म यूसेज बढ़ाना है। पेटीएम के जरिए होने वाले कुल ट्रांजैक्शन की वैल्यू यानी ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू में सालाना आधार पर 40 फीसदी से ज्यादा की ग्रोथ दर्ज की गई है।

## एक्साइड इंडस्ट्रीज के तीसरी तिमाही का मुनाफा 23% बढ़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बैटरी निर्माता कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज का 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 194.97 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 158.44 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 4,200.59 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 4,016.72 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका कुल खर्च 3,922.81 करोड़ रुपये था, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 3,791.49 करोड़ रुपये था। एक्साइड इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अविक रॉय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के राजस्व में दूसरी तिमाही में मंदी के बाद मजबूत सुधार दिखा। जीएसटी 2.0 के कारण वाहन में कुल मिलाकर वृद्धि हुई, जिसका फायदा एक्साइड ने उठाया।

## एआई कौशल बजट में 40 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** लॉजिस्टिक क्षेत्र कौशल परिषद के एक बजट सर्वेक्षण में देश में रोजगार बढ़ाने के लिए आगामी आम बजट में कृत्रिम मेधा (एआई) कौशल विकास के परिव्यय में 40 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। एक बयान के मुताबिक, यह सिफारिश भारत के कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के सरकार के मिशन को गति देगी। सर्वेक्षण में 10 शहरों और 160 कंपनियों को शामिल किया गया। इसमें रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एआई-आधारित कौशल और प्रशिक्षण में निवेश को 40 प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया गया है। वर्टेक्स ग्रुप के गगन अरोड़ा ने कहा कि जैसा आर्थिक समीक्षा में बताया है कि भारत की बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत पर स्थिर है और श्रम बल की भागीदारी बढ़ रही है। ऐसे में प्रौद्योगिकी और उभरते क्षेत्रों में कौशल की कमी को दूर करना रोजगार सृजन में तेजी के लिए आवश्यक है। सरकार को एआई, डेटा विश्लेषण और उभरती प्रौद्योगिकियों में बड़े पैमाने पर कौशल कार्यक्रमों के लिए वर्तमान स्तर से कम से कम 40 प्रतिशत अधिक बजट आवंटन करना चाहिए।

# उद्योग को ऋण 13.3 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा : भारतीय रिजर्व बैंक

**मुंबई, जेएनएन।** उद्योग को बैंक ऋण दिसंबर, 2025 में 13.3 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.5 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आरबीआई ने कहा कि सालाना आधार पर 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल के समान पखवाड़े (27 दिसंबर 2024) में यह वृद्धि 11.1 प्रतिशत थी। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, सूक्ष्म और लघु' उद्योगों को दिए गए ऋण में तेज वृद्धि देखी गई, जबकि 'मझोले' उद्योगों में भी मजबूती बनी रही। : प्रमुख उद्योगों में 'बुनियादी ढांचा', 'इंजीनियरिंग', 'बुनियादी धातु और धातु उत्पाद', 'रासायनिक और रासायनिक उत्पाद', 'कपड़ा' और 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन' के बकाया ऋण में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। कुल मिलाकर दिसंबर के अंत में उद्योग का बकाया ऋण 44.13 लाख करोड़ रुपये था, जबकि दिसंबर, 2024 में यह 38.93 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए अग्रिम में सालाना आधार पर 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## सरकार ने दवा में उपयोग होने वाले तीन कच्चे माल पर 1 साल के लिए रोक लगाई

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सरकार ने पेंसिलिन श्रेणी के एंटीबायोटिक के उत्पादन में उपयोग होने वाले तीन कच्चे माल पेंसिलिन जी-पोटेशियम, 6-एपीए और एमोक्सिसिलिन ट्राईहाइड्रेट पर न्यूनतम आयात मूल्य लागू किया है। इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। इन तीनों कच्चे माल को एक वर्ष के लिए अंकुश की श्रेणी में रखा गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 29 जनवरी को जारी एक अधिसूचना में कहा, 'पेंसिलिन जी-पोटेशियम, 6-एपीए और एमोक्सिसिलिन ट्राईहाइड्रेट का आयात इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए अंकुश की श्रेणी में है।


**SECTION-1**
**Notice Inviting Tender**
**GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH**
**FOREST DEPARTMENT**
**BHOPAL.**

**NIT. No. MPFD_BPL 2025_006** **Dated 25-01-2026**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. /Pkg/ Code | Name of Work | District (s) | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | TURNKEY CONSTRUCTION OF VAN CHOKI SAMARDHA | Bhopal | Rs. 34.60 | ON OR BEFORE MARCH 15, 2026 |

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website https://mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 26-01-2026, 10.00 to 08-02-2026, 06.00 Pm.
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

जी-25058/25 — पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार — D.F.O. BHOPAL (T.)

**M.P. STATE LIVESTOCK & POULTRY DEVELOPMENT CORPORATION**
Main Road No.3, Kotra Sultanabad, Bhopal–462003 (M.P.)
TeleFax : (0755) 2776086, Email : mplpdcbpl@rediffmail.com
NIT No. 4617/MPLPDC/Software/2025-26 Bhopal, Dt. : 29.01.2026

**TENDER (SERVER)**

Online Tenders are invited by Managing Director, Madhya Pradesh State Livestock and Poultry Development Corporation for "Providing Tower Server for Semen Software Management System (SSMS) at Central Semen Station, Bhadabhada, Bhopal" during the year of 2025-26.
Last date for Submit bid online - 13.02.2026 up to 18.00
Tender details and Submission - **https://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124205/2026 **MANAGING DIRECTOR**

**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्र सं.:-No.JHS/Commercial/e-Auction/25/159 दिनांक : 29.01.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| श्रेणीः प्रचार | केटलोग संख्याः JHS - NFR-39 |
|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | |
| (1) E-auction for supply, installation, operating & maintenance of mobile charging kiosk at virangana lakshmibai jhansi, bhind, chitrakootdham karvi,khajuraho, banda, orai, lalitpur, mahoba, mauranipur, datia, dabra, chhatarpur, morena station total 13 station of jhansi division. (2) Allotment of contact for operation and management of cloak room at GWALIOR in railway station. (3) Supply, operation and maintenance of atm at ATARRA railway station. | |
| **ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः** दिनांकः 12.02.2026 को समय- 11:00 से। | |
| **ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः** दिनांकः 12.02.2026 को समय- 11:50 तक। | |

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in के **E-Auction Module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **214/26 (MG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग भोपाल-01
Mob.No. : 9425601545, ईमेल : mpphc.bhopal@yahoo.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/108/109/पयं/भोपाल-01/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 27.01.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-1 अंतर्गत भोपाल जिले में निर्माण/मरम्मत/रेनोवेशन कार्य हेतु निविदा क्रमांक 35 व 36/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक - 2026_MPPHC_477428_1, 2026_MPPHC_477431_1, 2026_MPPHC_477453_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.02.2026 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण PORTAL : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124178/2026 **परियोजना यंत्री**

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा नोटिस**
**सं. 57 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.-29-डीडीयू-व०मं०इंजी०-1-25-26. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** डीडीयू डिवीजन में यांत्रिक विधि पर आधारित वर्स तकनीक का उपयोग करके एलडब्ल्यूआर/सीडब्ल्यूआर ट्रैक के लिए तनाव मुक्त तापमान के माप/निर्धारण के लिए विस्तारित परीक्षण। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 1,27,65,604.00. धरोहर राशिः ₹ 2,13,800.00. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 19.02.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in. नोटः** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1716/डीडीयू/टी/25-26/36

**पूर्व मध्य रेल**
**(निर्माण विभाग) ई निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थानः** ईस्ट सेंट्रल रेलवे के धनबाद डिवीजन के तहत PKA-SDBH-PEH सेक्शन और SDBH-SNMY सेक्शन के दोहरीकरण के बीच मौजूदा 1x25 kV OHE में 2x25 kV OHE सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। **e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/07/25-26। अनुमानित कार्य की लागतः** रू. 6,40,15,559.08/- **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्यः** NIT के अनुसार एवं रू शून्य। **कार्य पूर्ण करने का समयः** 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 18.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक। **वेबसाईट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता हैः आईआरईपीएस वेबसाईट www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जाएगा।
**Dy. CEE/CON/S/MHX**
पीआर/1710/एमएचएक्स/टी/25-26/40

See Regulation 33(2)
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNI. Building), Near Head Post Office Residency Road. Jabalpur -482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

**RC/180/2016** **29-01-2026**

**UCO Bank**
**Versus**
**M/S MAYFAIR WAREHOUSING**

To
**(CDI) M/S MAYFAIR WAREHOUSING**
VILL-KOTHARI, TEH-ASHTA, SEHORE (M.P.)-466001
**(CD2) SHEIKH ALIMUDDIN**
SDX-95. MINAL RESIDENCY, J K ROAD, BHOPAL (M.P.)-462001
**(CD3) ASHISH KUMAR DIWAN**
DK-3/13, IPS BUNGLOW, DANISH KUNJ, KOLAR ROAD, BHOPAL (M.P.)-462001
**(CD4) SANDEEP KUMAR DIWAN**
DK-3/13. IPS BUNGLOW, DANISH KUNJ, KOLAR ROAD, BHOPAL (M.P.) -462001
**(CD5) KISHAN KUMAR DIWAN**
DK-3/13, IPS BUNGLOW, DANISH KUNJ, KOLAR ROAD. BHOPAL (M.P.) -462001

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **25/05/2016** in **OA/304/2011** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 62111369.70 ( Rupees Six Crore Twenty One Lakhs Eleven Thousands Three Hundred Sixty Nine And Paise Seventy Only)** along with pendentellite and future interest @ **12.00%** Simple Interest Yearly w.e.f. **12/09/2011** till realization and costs of **Rs. 150000 (Rupees One Lakh Fifty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2.You are hereby informed that the **24/03/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**SPECIFICATION OF PROPERTY**

**Agicultural land Khasra No. 52/1 admeasuring 4.209 hectares at Village Maragaon, Tehsil babi. District Hoshangabad, M.P., property in the name of Ashish Kumar Diwan.**

Given under my hand and seal of the Tribunal this date: **29-01-2026**
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

**न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, नर्मदापुरम् म.प्र.**
क्रमांक/री.उ.पं./2026/22 नर्मदापुरम दिनांक 19/01/2026
**:: सूचना-पत्र ::** अंतर्गत धारा 84
( मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 84 के अन्तर्गत )
यह कि धारा 84 के अन्तर्गत निम्नांकित प्रकरणों में सुनवाई हेतु पूर्व में सूचना पत्र जारी किये गये थे किन्तु बैंक से तामीली अप्राप्त रहने से सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निम्न प्रकरणों में सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है-

| प्रकरण क्रमांक | वादी | प्रतिवादी |
|---|---|---|
| DR/HBD/84/2023-24/0731 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | रामकिशन |
| DR/HBD/84/2023-24/0732 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | कन्छेदी |
| DR/HBD/84/2023-24/0733 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | मायाबाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0734 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | मनमोहन |
| DR/HBD/84/2023-24/0735 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | मीना बाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0736 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | कलाबाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0737 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | भागीरथ |
| DR/HBD/84/2023-24/0738 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | दिनेश |
| DR/HBD/84/2023-24/0739 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित बुधवाडा | शंकर |
| DR/HBD/84/2023-24/0741 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | प्रभुदयाल |
| DR/HBD/84/2023-24/0742 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | रामकली बाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0744 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | सुदामा |
| DR/HBD/84/2023-24/0746 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | लख्मीचंद |
| DR/HBD/84/2023-24/0749 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | गोवर्धन |
| DR/HBD/84/2023-24/0752 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | राधारमण |
| DR/HBD/84/2023-24/0753 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | गिरधारी |
| DR/HBD/84/2023-24/0754 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | श्रवणसिंह |
| DR/HBD/84/2023-24/0755 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | नन्हेलाल |
| DR/HBD/84/2023-24/0756 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | लखन लाल |
| DR/HBD/84/2023-24/0757 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | तुलसीराम |
| DR/HBD/84/2023-24/0758 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | देवचंद |
| DR/HBD/84/2023-24/0759 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | सुशीला बाई |
| DR/HBD/84/2023-24/0760 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | रामदयाल |
| DR/HBD/84/2023-24/0761 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | रामप्रसाद |
| DR/HBD/84/2023-24/0762 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | तुलसी राम |

अतः आपको इस सूचना-पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **दिनांक 10.02.2026 को दोप. 02:00 बजे** 'न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें नर्मदापुरम' में उपस्थित होकर प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करे। आपके नियत दिनांक व स्थान पर अनुपस्थिति में प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी ।

जी-25039/25 — पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार — उप पंजीयक सहकारी संस्थायें नर्मदापुरम म.प्र.

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)**
क्रमांक/1579/लो.नि.शा./2026 रतलाम, दिनांक 28/01/2026
**:: ई-निविदा आमंत्रण ::**
नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 478770 | वार्ड क्रमांक 27 अरिहंत परिसर सेक्टर A में सी. सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार। ( प्रथम आमंत्रण ) | 1- 04 माह 2- 5907035/- | 1-10000/- 2- 59070/- | 04-03-2026 15:30 |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, रतलाम**

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Agriculture and Farmers Welfare
Central Farm Machinery Training and Testing Institute
Tractor Nagar, Budni (Madhya Pradesh) - 466 445

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

(Inviting Expression Of Interest For Conducting Agri Expo Of Krishi Machinery)

CFMTTI, Budni proposes to organize an **Agri Expo of Krishi Machinery** at its campus.
EOIs are invited from **reputed and experienced agencies** for planning and management of the Expo.
The event aims to promote farm mechanization and showcase latest agricultural technologies.
**Last date for submission of EOI: 07.02.2026**

For more Details/Visit : http://fmttibudni.gov.in

## पांच मैचों की सीरीज का अंतिम मुकाबला आज शाम सात बजे से, सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर नजर

# विश्व कप से पहले भारत का आखिरी टी-20 आज

जेएनएन, तिरुवनंतपुरम

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी-20 विश्व कप से पहले शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे। टी-20 विश्व कप से पहले भारत के लिए सिर्फ एक ही मैच बचा है। विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी-20 में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था, लेकिन इससे सीरीज के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा, क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि सीरीज के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है।




बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस सीरीज में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृहनगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें। इशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। ऑलराउंडर अक्षर पहले टी-20 में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी। भारत टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच सात फरवरी को मुंबई में खेलेगा और वह उससे पहले जीत हासिल करना चाहेगा। इस तरह से देखा जाए तो भारत इस मैच को औपचारिकता नहीं मानेगा।

### पिच और परिस्थितियां

तिरुवनंतपुरम में इससे पहले दो टी-20 खेले गए हैं और एक मैच में भारत ने बड़ा स्कोर बनाकर ऑस्ट्रेलिया को हराया था। दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को सिर्फ 106 रनों पर ढेर करके भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। यहां टॉस जीतकर दोनों टीम पहले गेंदबाजी का फैसला ले सकती हैं और मैच के दौरान तापमान 20 के आसपास रह सकता है।

### न्यूजीलैंड के पास भी अंतिम मौका



न्यूजीलैंड की टीम पहले तीन मैचों में भारत के आक्रामक रवैये के सामने बेबस नजर आई, लेकिन विशाखापत्तनम में उन्होंने भारत के प्रमुख बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। 3-2 का अंतर उन्हें आगामी बड़े मुकाबलों से पहले मानसिक रूप से मजबूत करेगा। जैसा कि कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा, कीवी टीम अब जानती है कि भारत को हराने के लिए क्या करना जरूरी है। ऐसे में यहां एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

■ ग्रीनफील्ड स्टेडियम में ढेरों रन बनते रहे हैं। भारत ने यहां खेले गए अपने चार टी-20 मैचों में से तीन जीते हैं, जिसमें 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीता गया एक मैच भी शामिल है।

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फार्ग्यूसन।

## खेल एक नजर

### एमआई को डब्ल्यूपीएल में पहली बार हराकर एलिमिनेटर में पहुंची गुजरात

**वडोदरा, जेएनएन।** गुजरात जाएंट्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराकर एलिमिनेटर में अपनी जगह पक्की कर ली। डब्ल्यूपीएल में यह गुजरात की मुंबई के खिलाफ नौ मैचों में पहली जीत है। गुजरात की जीत में सबसे अहम योगदान जॉर्जिया वेयरहम ने दिया, जिन्होंने 44 रनों की पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी लिए। एश्ली गार्डनर ने भी बढ़िया ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 46 रनों की पारी खेलने के साथ एक विकेट भी लिया। सोफी डिवाइन ने भी 25 रन बनाने के साथ किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने चार विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में मुंबई सात विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आठ चौके और चार छक्कों की मदद 48 गेंदों में 82 रनों की बेहतरीन नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम को अंत में जीत नहीं दिला सकीं। डब्ल्यूपीएल 2026 एलिमिनेटर की दूसरी टीम का फैसला आखिरी मैच में होगा। मुंबई इंडियंस को फिलहाल रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और वॉरियर्ज के बीच होने वाले मैच के परिणाम का इंतजार करना पड़ेगा।

### वेटरन हॉकी: फरहान के डबल गोल से एलजीएस मध्यप्रदेश बना चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** फरहान अंसारी के दो गोल की मदद से एलजीएस मध्यप्रदेश ने वेटरन हॉकी टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। पुणे में आयोजित इस टूर्नामेंट के फाइनल में शुक्रवार को एलजीएस मप्र ने तेलंगाना को 5-0 से हराया। खिताबी मुकाबले में फरहान के अलावा आमिर दुर्रानी, जफर हसन और सिराज सरजू ने एक-एक गोल दागा। पूरे टूर्नामेंट में एजीएस के खिलाड़ी छाए रहे। सबसे ज्यादा आठ गोल फरहान के नाम रहे। एलजीएस ने अपने पहले मुकाबले में हिमाचल को, फिर तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और आखिर में तेलंगाना को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।



### वेस्ट जोन इंटर क्रिकेट: एलएनसीटी ने डीवाई पाटिल को 67 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** एलएनसीटी ने वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में अजिंक्या डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी, पुणे को 67 रनों से शिकस्त दी। सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, राजकोट में एलएनसीटी ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 164 रन बनाए। सक्षम शर्मा ने 36, सहज निगम ने 30 और सौरभ मेवाड़ा ने 26 रन की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजिंक्या डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी की टीम मात्र 15.3 ओवर में 97 रनों पर ऑलआउट हो गई। अंशु यादव ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। एलएनसीटी के नीलेश मीणा ने तीन विकेट झटके। कप्तान आशुतोष सिंह को दो सफलता मिली। मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज और जोकोविच

### अल्काराज पहली बार फाइनल में, जोकोविच ने सिनर का सपना तोड़ा

जेएनएन, मेलबर्न

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने-अपने उतार चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए। अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे। स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे, लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया।



■ 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं।



# सिद्धेश का रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में 5वां शतक, सचिन की बराबरी की

जेएनएन, मुंबई

संकटमोचक सिद्धेश लाड (नाबाद 102) के सत्र के पांचवें शतक की मदद से मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी के आखिरी लीग मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में बढत बना ली। 33 साल के लाड का यह रणजी ट्रॉफी में लगातार चौथा शतक है, जिसकी मदद से मुंबई ने पांच विकेट पर 266 रन बना लिए हैं। लाड ने सुवेद पारकर (नाबाद 53) के साथ छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 130 रन जोड़ लिए हैं। इससे पहले दिल्ली ने पहली पारी में 221 रन बनाए थे। लाड ने मुंबई के लिए रणजी के एक सत्र में कम से कम पांच शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर और रूसी मोदी की बराबरी की। मुंबई के पांच विकेट 136 रन पर गिर गए थे, जिसके बाद लाड और पारकर ने पारी को संभाला। अन्य



मैच में हैदराबाद ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ चार विकेट पर 415 रन बनाकर 132 रन की बढत ले ली। अभिरथ रेड्डी (121) और हिमातेजा कोडिमेला (नाबाद 125) ने शतक लगाए जबकि अमन राव ने 52 और प्रज्ञनय रेड्डी ने नाबाद 52 रन की पारी खेली।

### मध्यप्रदेश को मिली महाराष्ट्र के खिलाफ बढ़त

मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे दिन 174 रन से बढ़त हासिल कर ली। मप्र ने पहली पारी में 187 रन बनाने के बाद महाराष्ट्र को 179 रन पर समेट दिया। मप्र के कुमार कार्तिकेय ने 6 विकेट झटके। सारांश जैन ने दो विकेट लिए। इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट खोकर 166 रन बना लिए। वेंकटेश अय्यर 60 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शुभम शर्मा नाबाद 55 रन पर खेल रहे हैं।

### राहुल का अर्धशतक

केएल राहुल (59) के अर्धशतक के बावजूद कर्नाटक की टीम पंजाब के खिलाफ पहली पारी में छह विकेट पर 255 रन ही बना सकी। कर्नाटक अभी भी पंजाब से 54 रन पीछे है। उसे नॉकआउट चरण में प्रवेश की उम्मीदें बनाए रखने के लिए हर हालत में जीतना होगा। पंजाब नॉकआउट की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। नौ विकेट पर 303 रन से आगे खेलते हुए पंजाब की टीम 309 रन पर आउट हो गई।

## डीकॉक ने अपने 100वें टी-20 में जड़ा शतक, दक्षिण अफ्रीका ने जीती सीरीज

**सेंचुरियन, जेएनएन।** क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी-20 मैच में शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221 रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की, जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। डीकॉक ने डेवाल्ड ब्रेविस से उधार लिए बल्ले से खेलते हुए अपनी पारी में छह चौके और 10 छक्के लगाए। यह उनके



करियर का सर्वोच्च स्कोर है। रयान रिकेल्टन (36 गेंदों में 77) ने भी अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। डीकॉक और रिकेल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। सीरीज का तीसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा।

## नितिन मेनन अपने चौथे टी-20 विश्व कप में करेंगे अंपायरिंग, पद्मनाभन करेंगे पदार्पण

**दुबई, जेएनएन।** एलीट पैनल के अंपायर नितिन मेनन चौथी बार टी-20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे, जबकि साथी भारतीय अंपायर अंनत पद्मनाभन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से शुरू होने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगे। आईसीसी एलीट पैनल में शामिल एकमात्र भारतीय मेनन इससे पहले 2021, 2022 और 2024 के टी-20 विश्व कप में अंपायरिंग कर चुके हैं। शुक्रवार को घोषित मैच अधिकारियों की सूची में तीसरे भारतीय के रूप में जे मदनगोपल का नाम शामिल है, जो अपने



दूसरे टी-20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। टूर्नामेंट के पहले दिन ग्रुप-सी में स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबले में मेनन और सैम नोगाच्स्की मैदानी अंपायर होंगे। इंदौर निवासी मेनन शनिवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच में अपने करियर के 150वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले (सभी प्रारूप मिलाकर) में अंपायरिंग करेंगे। इससे वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय अंपायर होंगे। आईसीसी ने कहा है कि सुपर आठ और नॉकआउट चरण के लिए अंपायरों की घोषणा बाद में की जाएगी।

**मैच रेफरी:** डीन कॉस्कर, डेविड गिल्बर्ट, रंजन मदुगले, एंड्रयू पायक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ।

**अंपायर:** रोलैंड ब्लैक, क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड कैटलबरो, वेन नाइट्स, डोनोवन कोच, जयरमन मदनगोपाल, नितिन मेनन, सैम नोगाच्स्की, केएनए पद्मनाभन, अल्लाहुद्दीन पालेकर, अहसन रजा, लेस्ली रीफर, पॉल रीफेल, लैंगटन रूसेरे, शारफुद्दौला इब्ने शाहिद, गाजी सोहेल, रॉडनी टकर, एलेक्स व्हार्फ, रवींद्र विमलासिरी और आसिफ याकूब।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स: मुक्केबाजों ने जीते 16 गोल्ड मेडल, तैराकी में अर्थ-अन्वी को स्वर्ण, अंडर-19 बॉयज क्रिकेट में भोपाल चैंपियन

### आज होगा समापन

**भोपाल, खेप्र।** खेलो एमपी यूथ गेम्स में भोपाल के खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल की बालक और बालिका टीम ने फाइनल में प्रवेश किया, जबकि तैराकों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित 9 पदक झोली में डाले। वहीं मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य अकादमी के खिलाड़ियों ने 16 स्वर्ण पदक जीते। यूथ गेम्स का समापन समारोह शनिवार को शाम पांच बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह की तैयारियों को लेकर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

### भोपाल ने ग्वालियर को 159 रन से हराया



अंडर-19 बॉयज क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में भोपाल डिवीजन ने ग्वालियर को 159 रन से परास्त कर चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 31 हजार रुपए का पुरस्कार जीता। जबकि ग्वालियर को रनरअप ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान पर सागर डिवीजन की टीम रही। ओल्ड कैंपियन मैदान पर भोपाल ने 45.5 ओवर में 244 रन बनाए। भोपाल के योगेश यादव (58) ने अर्धशतक जड़ा, जबकि आदिल खान ने 40 रन बनाए। जवाब में ग्वालियर की टीम 28.3 ओवर में 85 रन पर ढेर हो गई। भोपाल के दीपेश सेन ने 5 विकेट लिए।

### फुटबॉल: भोपाल की दोनों टीम फाइनल में

रीवा में फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल की बालक और बालिका टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग में भोपाल ने जबलपुर को 2-0 से शिकस्त दी। बालक वर्ग में भोपाल ने शहडोल संभाग को 2-0 परास्त किया। इससे पहले बालिका टीम ने ग्वालियर को 3-0 से, मेजबान रीवा को 2-0 से और सागर को 4-0 से परास्त किया। भोपाल संभाग चयन समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य फुटबॉल प्रशिक्षक जेपी सिंह ने बताया कि भोपाल की दोनों टीमों ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### भोपाल के तैराकों ने जीते दो गोल्ड सहित 9 पदक

इंदौर के शिशुकुंज स्विमिंग अकादमी में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में चौथे दिन भोपाल के तैराकों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य सहित 9 पदक अर्जित किए। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि 200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक बालक ग्रुप-1 में अर्थ जैन और 50 मी. बटर फ्लाई बालिका ग्रुप-1 में अन्वी खंडूरी ने स्वर्ण पदक जीता। अन्वी ने 200 मी. बैक स्ट्रोक में रजत पदक भी प्राप्त किया। अन्य तैराकों में मनवा पाबले, वाणी जैन ने रजत और रिषभ कौशिक ने कांस्य पदक जीता। 2 रजत और 1 कांस्य रिले इवेंट में आया। इंदौर 86 (52 स्वर्ण, 21 रजत, 13 कांस्य) पदक के साथ पहले, भोपाल 32 (8 स्वर्ण, 9 रजत और 15 कांस्य) पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



### स्टेडियम में मुक्केबाजों ने बरसाए पंच, जीते मेडल



मध्यप्रदेश अकादमी के खिलाड़ियों ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 16 स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल 19 पदक पर कब्जा जमाया। टीटी नगर स्टेडियम में बालक वर्ग में आर्यन शर्मा, अमृत गुप्ता, कुशदीप बिश्नोई, अभिषेक बघेल, प्रियांश कीर और प्रज्वल पुरोहित ने स्वर्ण पदक जीता। अब्दुल्ला खान और धीर भारद्वाज ने रजत, जबकि ओम भोई ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में स्नेहा वर्मा, प्रियांशी सेंगर, अशिता रावत, रिद्धि पांडे, वारिधि दुबे, दिति सोनी और नव्या थापा (80+) ने सोने का तमगा हासिल किया। वहीं लक्ष्मी राठौर और वंशिका खड़का ने रजत, जबकि प्रियांशी नायडू ने कांस्य पदक जीता। यह सभी खिलाड़ी अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### कयाकिंग एवं कैनोइंग: प्रगति-दिव्यानी को गोल्ड


लोअर लेक में आयोजित कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिताओं में सी-1 गर्ल्स 200 मी. में भोपाल की प्रगति शर्मा (50.476 सेकंड) और सी-2 गर्ल्स 500 मी. में भोपाल की दिव्यानी दुगर (2:18.388 मिनट) ने स्वर्ण पदक जीता। के4 गर्ल्स 500 मी. में भोपाल की रुखमणि डांगी, मानवी जाट, रिषिका वर्मा एवं नीलू वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। के4 बॉयज 500 मी. बालक वर्ग में भोपाल के के. संतोष सिंह, अभिषेक आर्य, फैरेंबम याइफबा सिंह एवं राजकुमार ने सोने का तमगा हासिल किया।

# अमेरिकी युद्धपोत ईरान की ओर बढ़ रहे ट्रंप ने खामेनेई को दी खुली चेतावनी

## अमेरिका ने कहा हमारी प्राथमिकता कूटनीति है युद्ध नहीं, धमकी को लेकर ईरान ने अपनी ताकत का किया दावा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत के रास्ते खुले रखना चाहते हैं। हालांकि, इसके साथ ही अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा दी है। ट्रंप का कहना है कि उनकी प्राथमिकता युद्ध नहीं, बल्कि कूटनीति है। अमेरिकी समय के मुताबिक, गुरुवार को फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री के प्रीमियर के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई है, लेकिन उम्मीद है कि इसका इस्तेमाल न करना पड़े।

**ईरान की ओर बढ़ रहे अमेरिकी जहाज :** ट्रंप ने कहा, मैंने अपने पहले कार्यकाल में सेना को मजबूत किया था और अब हमारे जहाज ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। उम्मीद है कि हमें उनका इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि ईरान से बातचीत होगी, तो ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास बहुत बड़े और ताकतवर युद्धपोत क्षेत्र में मौजूद हैं और अच्छा होगा अगर हालात बातचीत से ही सलझ जाए। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने ईरान के सामने दो साफ शर्तें रखी हैं। पहली, ईराम परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और दूसरी शर्त है कि देश में प्रदर्शन कर रहे लोगों की हत्या बंद की जाए।




### मिडिल ईस्ट में 40,000 अमेरिकी सैनिक तैनात



मिडिल ईस्ट में अभी अमेरिकी सैन्य मौजूदगी काफी मजबूत है। मिडिल ईस्ट और पर्शियन गल्फ में लगभग 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। फिलहाल मिडिल ईस्ट में करीब 6 नौसैनिक जहाज मौजूद हैं, जिनमें 3 गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर शामिल हैं, जो बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस और अन्य ऑपरेशन के लिए सक्षम हैं।

### ईरान का दावा : हमारे 1000 ड्रोन तैयार



अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

### मिडिल ईस्ट में अमेरिका तैनात कर रहा युद्धपोत

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका लगातार मिडिल ईस्ट में अपने युद्धपोत और हवाई सैन्य साधन तैनात कर रहा है। तनाव बढ़ने के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बनाए हुए है। इसी दिन कैबिनेट बैठक में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप आदेश देंगे तो सेना कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, जब ट्रंप कहते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने देंगे, तो वह गंभीर हैं। ट्रंप प्रशासन ईरान पर बड़े सैन्य हमले के विकल्पों पर भी चर्चा कर रहा है।

### विरोध प्रदर्शनों में हजारों मौत

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, इन चर्चाओं में हाल के विरोध प्रदर्शनों के बाद ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावनाओं पर भी बात हुई है। ईरान में इस महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हजारों लोगों की मौत हुई है। ईरान में महंगाई, आर्थिक संकट और बढ़ती कीमतों के कारण दशकों का सबसे बड़ा विरोध आंदोलन देखने को मिला है। ट्रंप का मानना है कि यह असंतोष ईरान के सर्वच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के खिलाफ माहौल बना सकता है।

## राहुल ने असम का अपमान किया: शाह

**दिसपुर, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दौरे के लिए असम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं का ऐलान कर डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर असम का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा गृह मंत्री ने कहा कि आज, पीएम मोदी और असम सरकार ने लचित बोरफुकन की जीवनी का 23 भाषाओं में अनुवाद करके उसे उपलब्ध कराया है। 400वीं जयंती पर, हेमंत बिस्वा सरमा इसे यहां मनाना चाहते थे। पीएम मोदी ने कहा, इसे असम की राजधानी, विज्ञान भवन में मनाइए। उन्होंने यह भी कहा कि वह आएंगे और लचित बोरफुकन को पूरी दुनिया में फैलाएंगे।



**राहुल गांधी के पटका न पहनने का उठाया मुद्दा :** शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में, असम और नॉर्थ-ईस्ट के अलग-अलग कल्चरल गमछे हमारे नॉर्थ-ईस्ट कल्चर के सम्मान के प्रतीक हैं। 26 जनवरी को, एट-होम प्रोग्राम के दौरान, राष्ट्रपति ने सभी के लिए नॉर्थ-ईस्ट के गमछे रखे। आए हुए सभी लोगों ने नॉर्थ-ईस्ट के गमछे पहने, सिवाय एक व्यक्ति के, जिसका नाम राहुल है। उसे किस तरह की दुश्मनी है? वह हमारे नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के साथ इतना अन्याय क्यों करता है?

## वीबी जी राम जी एक्ट के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलकर लाए गए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट, 2025 (वीबी-जी राम-जी एक्ट) के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान तेज कर दिया है। 30 जनवरी को दिल्ली में पार्टी के प्रमुख नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जो महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। बता दें कि अकबर रोड स्थित एआईसीसी मुख्यालय के बाहर मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा के दौरान दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। वे 30 जनवरी रोड से गांधी स्मृति की ओर जा रहे थे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने से रोका। उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण अभियान चला रहे थे, लेकिन हजारों पुलिसकर्मियों ने हमें रोक लिया। मैं मोदी सरकार को चेतावनी देता हूं कि वे हमारे संकल्प को नहीं तोड़ पाएंगे। केरल में एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने केंद्र पर नागरिकों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, नए मनरेगा बिल से पहले रोजगार का अधिकार छीना गया। अब आर्थिक सर्वे में सूचना का अधिकार को बेकार बताया गया है। उनका इरादा साफ है कि सामान्य नागरिकों के सभी अधिकार छीनना चाहते हैं, जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### मनरेगा बचाना ही मजदूर की आवाज बचाना

कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, सांसद जयराम रमेश और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नई दिल्ली में प्रदर्शन किया। पवन खेड़ा ने कहा, जो सरकार मजदूर और किसान का अपमान करती है, वह लंबे समय तक नहीं टिकती। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों की राजधानियों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कहा, मनरेगा बचाना मतलब मजदूर की आवाज बचाना है। इस देश में मजदूर और किसान का अपमान करने वाली कोई सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी खूबसूरत थी इसलिए डग बर्गम को मंत्री बनाया

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आंतरिक मामलों का मंत्री डग बर्गम को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसपर विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने कहा- मैंने बर्गम को मंत्री बनाया क्योंकि उनकी पत्नी कैथरीन बहुत खूबसूरत लगीं। ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्होंने कैथरीन को पहली बार एक वीडियो में घुड़सवारी करते देखा था। इसके बाद उन्होंने कैथरीन के बारे में पता लगाया। ट्रम्प ने कहा, मेरे लोगों ने मुझे इनके बारे में बताया। फिर मैंने कहा कि मैं उसे हायर करने जा रहा हूं क्योंकि जिस आदमी के पास वैसी पार्टनर हो यह अपने आप में एक बड़ी तारीफ है। ट्रम्प ने बर्गम की भी तारीफ की और कहा कि वे एक सफल बिजनेसमैन हैं, नॉर्थ डकोटा के दो टर्म के मजबूत गवर्नर रहे हैं और उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। इस दौरान बर्गम और कैथरीन भी मौजूद थे। हालांकि, ट्रम्प की इन टिप्पणियों पर तुरंत आलोचना शुरू हो गई। कई लोगों ने इसकी मंशा और लहजे पर सवाल उठाए कि उन्होंने एक कैबिनेट नियुक्ति के लिए किसी महिला की शक्ल-सूरत पर इतना जोर क्यों दिया। ट्रम्प का महिलाओं के बारे में ऐसे बयान देने का पुराना इतिहास रहा है।



### अविमुक्तेश्वरानंद बोले योगी 40 दिन में हिंदू होने का प्रमाण दें

**वाराणसी, जेएनएन।** प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। उन्होंने कहा-हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री और जगद्गुरु रामभद्राचार्य घेराबंदी करके गोहत्या बंदी की मांग करने वालों पर तरह-तरह के हमले कर रहे। अगर आप सच में हिंदू हैं, तो गो-माता को राज्य माता घोषित करें। यूपी से गोमांस का निर्यात बंद करें, नहीं तो गैर हिंदू घोषित कर देंगे।



### जा मर जा... आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केरल हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद का फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर पति-पत्नी गुस्से में जा-मर जा जैसे शब्द कहते हैं तो यह आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत अपराध सिद्ध करने के लिए यह प्रूफ करना जरूरी है कि आरोपी का इरादा जानबूझकर आत्महत्या के लिए उकसाने का था। मामला एक महिला और उसकी छोटी बेटी से संबंधित है, जिसने कथित तौर पर पति द्वारा डांटे जाने पर आत्महत्या कर ली थी।

## ऑटिज्म स्टेम सेल थेरेपी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम और दूरगामी असर वाला फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि ऑटिज्म के इलाज के रूप में स्टेम सेल थेरेपी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, जब तक वह किसी मंजूरशुदा और निगरानी में चल रहे क्लिनिकल ट्रायल का हिस्सा न हो। यह फैसला उन परिवारों के लिए बहुत महत्वपूण है जो इलाज की उम्मीद में बिना वैज्ञानिक सबूत वाली थैरेपी का सहारा लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑटिज्म के लिए स्टेम सेल थेरेपी को रूटीन इलाज की तरह पेश करना अनैतिक है और इसे मेडिकल लापरवाही माना जाएगा।



### कहां इस्तेमाल हो सकता है स्टेम सेल

न्यायमूर्ति जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि स्टेम सेल का इस्तेमाल केवल मंजूरशुदा, नियंत्रित और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल में ही किया जा सकता है जिसका उद्देश्य इलाज नहीं बल्कि वैज्ञानिक शोध होना चाहिए। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सिर्फ इसलिए कि स्टेम सेल को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में दवा की परिभाषा में रखा गया है, इसका मतलब यह नहीं कि इसे किसी भी बीमारी में इलाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जो मरीज पहले से स्टेम सेल थेरेपी ले रहे हैं, उनके साथ अचानक अन्याय नहीं होना चाहिए।

## तमिलनाडु में कांग्रेस- डीएमके चुनावी गठबंधन लगभग तय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन करीब-करीब तय हो गया है। राहुल गांधी के साथ हुई बातचीत के बाद आए सकारात्मक नतीजों ने दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की राह बनाई है। हालांकि, कांग्रेस अभी भी राज्य में पावर शेयरिंग यानी सत्ता में भागीदारी का विकल्प तलाश रही है, लेकिन रणनीतिक रूप से वह इस मुद्दे पर सार्वजनिक चर्चा नहीं करेगी। सीट शेयरिंग (सीटों के बंटवारे) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब मुकुल वासनिक को सौंपी गई है, जिसके कारण गिरीश चोडनकर की भूमिका सीमित हो जाएगी। इसके साथ ही, तमिलनाडु में कांग्रेस की चुनाव पर्यवेक्षक समिति का विस्तार करते हुए इसके सदस्यों की संख्या 5 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है। गठबंधन को लेकर पिछले कुछ वक्त से चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने व्यक्तिगत रूप से इस मामले में रुचि ली और डीएमके नेतृत्व से बातचीत की। इस उच्च स्तरीय संवाद के बाद दोनों दल एक बार फिर साथ चुनाव लड़ने पर सहमत हुए हैं।



## बांग्लादेश ने 20 फाइटर के बदले चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने जमीन दी

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनॉमिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है। लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बढ़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनॉमिक जोन स्थापित करने का फैसला लिया गया। इसके लिए चटगांव के मीरसाराई में लगभग 850 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी।

## आलिया ने किया नई फिल्म का एलान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जिगरा के बाद आलिया बतौर प्रोड्यूसर अपनी अगली फिल्म लाने के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म का एलान कर दिया है। यह फिल्म थिएटर नहीं बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। आलिया भट्ट प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म डोंट बी शाय एक 20 साल की लड़की की कहानी है। भट्ट के प्रोडक्शन हाउस, इटरनल सनशाइन और उनकी बहन शाहीन के साथ मिलकर बनी यह फिल्म एक ऐसी युवा महिला की कहानी है, जिसे लगता है कि उसने अपनी जिंदगी की पूरी प्लानिंग कर ली है, लेकिन कहानी में तब बड़ा मोड़ आता है जब सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर हो जाता है। आलिया भट्ट ने एक प्रेस स्टेटमेंट में इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की और कहा, एटर्नल सनशाइन में, हम हमेशा ऐसी कहानियों को सपोर्ट करना चाहते हैं जो सच्ची लगें और ऐसी आवाजों को जो अपनी हों। यह फिल्म अपनी ईमानदारी और कमिंग-ऑफ-एज नजरिए की वजह से हमें तुरंत पसंद आ गई और श्रीति के पैशन और एनर्जी ने स्वाभाविक रूप से कहानी की भावना को और मजबूत किया। हमें ऐसे पार्टनर मिले जो लगातार बोल्ड क्रिएटिव फैसले लेते हैं और असल में अलग तरह की कहानी कहने का सपोर्ट करते हैं, जो विचारों का एक स्वाभाविक मेल लगा, और इस कहानी के लिए अपने दर्शकों तक पहुंचने के लिए यह सही जगह थी।



दैनिक जागरण वर्गीकृत




अण्डा

BHOPAL EGG RATE 525/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**Notice Inviting Tender No. 2026_MPHID_478374 (1st Call) - Dt. 27.01.2026**

Online Percentage Rate Bids for the following work is/are invited from Registered Contractors and Firms of Repute fulfilling Registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Amount of E.M. / Cost of Bid Form Including @18% GST | Completion Period (Months) | Date of Submission of Tenders | Date of Opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 478374 | Repairing and painting work at ITOT Hostel, ITI Govindpura Bhopal. | Rs. 28.04 Lakhs | Rs. 50000.00 / Rs.5900.00 i/c GST | 06 Month i/c Rainy Season | Dt. 31.01.2026 17:30 Hrs. upto 09.02.2026 17:30Hrs. | Envelop-A and C on dt. 10.02.2026 at 15:00 Hrs. |

Note :- (1). Interested bidders can view the detailed NIT on https://mptenders.gov.in. (2). The bid documents can be purchased online only as per schedule 31.01.2026 to 09.02.2026 up to 17:50 Hrs. (3). Amendments to NIT if any would be published on https://mptenders.gov.in.
Visit us : www.mphousing.in
E-mail : eedn5hbbpl@mp.gov.in
/mphidb /mphidb
PRADEEP HEDAU (E.E.)
Dn. 5. Bhopal, Mob. : 9406912100
M.P. Madhyam/124222/2026

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
कार्यालय महाप्रबंधक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल
फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com
क्रमांक : 050/महाप्रबं./सि./4674-75 भोपाल, दिनांक : 30.01.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त, भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में आयटम रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़ कर, भाव पत्र संक्षिप्त e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| मप्रसि/भो./86/01 (ई-निविदा क्र. 2026_ MKVVC_4793181_1) | निष्ठा परिसर बिजली नगर कॉलोनी गोविन्दपुरा स्थित कॉरपोरेट कार्यालय में स्थापित लिफ्ट का वार्षिक रख-रखाव कार्य कराने बावत्‌ | 1.53 लाख | 3100/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 31.01.2026 from 10.30 Hrs.
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 12.02.2026 up to 15.00 Hrs.
निविदा खुलने की दिनांक/समय : 13.02.2026 at 15.00 Hrs.
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर देखें एवं mptenders.gov.in पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124241/2026 महाप्रबंधक (सिविल)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**
☎:-0755-2761257 E-mail:- eenvda23@gmail.com
पत्र क्रमांक 194/व.ले.लि.-23/2025-26, भोपाल, दिनांक : 21.01.2026

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | नि. आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 09 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण मुख्यालय भवन में यांत्रिकीय विधि से साफ-सफाई का कार्य एक वर्ष के लिए। | Rs.28.89 लाख (रु.अट्ठाईस लाख नवासी हजार मात्र) | Rs. 50,000.00 (रु. पचास हजार मात्र) | Rs 5,000.00 (रु. पांच हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |
| 2. | 10 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के गीतान्जली काम्पलेक्स, भोपाल सी. सी. टी. व्ही. निगरानी प्रणाली का एक वर्ष के लिए संचालन का कार्य। | Rs.18.89 लाख (रु. अट्ठारह लाख नवासी हजार मात्र) | Rs. 37,780.00 (रु. सैंतीस हजार सात सौ अस्सी मात्र) | Rs 2,000.00 (रु. दो हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |
| 3. | 11 | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन में आंतरिक विद्युत व्यवस्था का वार्षिक रख-रखाव का कार्य। | Rs.30.95 लाख (रु. तीस लाख पिन्च्चान्वे हजार मात्र) | Rs. 50,000.00 (रु. पचास हजार मात्र) | Rs 5,000.00 (रु. पांच हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी "अ" श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 05.02.2026, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 09.02.2026, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

जी-25052/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार
कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)**
website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in phone no. 07662-255200, Fax : 255380

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्र. 12/सा./ 2025-26 रीवा दिनांक 21.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | निविदा फार्म (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_ 477348_1 | उमरिया | विशेष मजबूतीकरण अन्तर्गत सोहागपुर मानपुर मार्ग का निर्माण कार्य लं. 45.00 कि.मी.। | प्रथम | 06 माह वर्षाकाल सहित | 983.19 | 983190/- | 20000/- |
| 2 | 2026_PWDRB_ 477349_1 | उमरिया | विशेष मजबूतीकरण अन्तर्गत निगहरी - मानी - धवईझर- नयागांव - नरवार मार्ग का निर्माण कार्य लं. 27.00 कि.मी.। | प्रथम | 06 माह वर्षाकाल सहित | 528.68 | 528680/- | 20000/- |
| 3 | 2026_PWDRB_ 477351_1 | उमरिया | विशेष मजबूतीकरण अन्तर्गत पाली - सुन्दरदादर - तुम्मी - घुनघुटी मार्ग का निर्माण कार्य लं. 48.60 कि.मी. | प्रथम | 06 माह वर्षाकाल सहित | 944.29 | 944290/- | 20000/- |
| 4 | 2026_PWDRB_ 477351_1 | उमरिया | विशेष मजबूतीकरण अन्तर्गत चंदिया से बिलासपुर हर्रवाह निगहरी मार्ग का निर्माण कार्य लं. 46.00 कि.मी.। | प्रथम | 06 माह वर्षाकाल सहित | 832.22 | 832220/- | 20000/- |
| | | | | | Total:- | 3288.38 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 27.01.2026 से अंतिम तिथि 16.02.2026 सायं 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी-25059/25 स्वच्छता ही सेवा है
मुख्य अभियंता लो.नि.वि. रीवा परिक्षेत्र रीवा

